राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 13 अंक - 5
लखनऊ, बुधवार 03 सितंबर, 2025
पृष्ठ- 12 मूल्य - रु 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com



नेट कॉस्ट कॉन्ट्रैक्ट मॉडल पर संचालित होंगी ई-बसें : एके शर्मा 03

नमामि गंगे परियोजना का नब्बे प्रतिशत पानी पहुंचा गांव 12

# जेम पोर्टल से होगा अब आउटसोर्सिंग एजेंसियों का चयन

## कर्मचारियों का मानदेय 16 से 20 हजार रुपए प्रतिमाह निर्धारित, महिलाओं को दिया जाएगा मैटरनिटी लीव का भी अधिकार

**सीएम की अध्यक्षता में 15 महत्वपूर्ण प्रस्तावों को मंजूरी**

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में आज कैबिनेट मीटिंग हुई जिसमें 15 अहम निर्णय लिये गये। कैबिनेट बैठक में राज्य के विकास से जुड़े 15 महत्वपूर्ण प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। योगी आदित्यनाथ की अगुवाई में हुई कैबिनेट बैठक में मंगलवार को कुल 15 प्रस्तावों को स्वीकृति दी, जिसमें कम्पनीज एक्ट-2013 के सेक्शन-8 के अंतर्गत उत्तर प्रदेश आउटसोर्स सेवा निगम लिमिटेड के गठन को मंजूरी देना शामिल रहा।

नगरीय परिवहन, आउटसोर्सिंग, आईटी, निर्यात नीति और शिक्षा जैसे क्षेत्रों में कई अहम निर्णय लिए गए। लखनऊ और कानपुर में नगरीय परिवहन को बढ़ावा देने के लिए ई-बसों के संचालन को मंजूरी दी गई है। दोनों शहरों में 10-10 रूटों पर ई-बसें चलाई जाएंगी, जिससे पर्यावरण के साथ-साथ यातायात व्यवस्था को भी बेहतर बनाने की कोशिश की जाएगी। उत्तर प्रदेश आउटसोर्सिंग सेवा निगम से जुड़े प्रस्ताव को भी मंजूरी दी गई है। जिसके तहत ये साफ किया गया है कि नियमित पदों के सापेक्ष अब आउटसोर्सिंग के माध्यम से भर्ती नहीं की जाएगी। प्रदेश के वित्त एवं संसदीय कार्यमंत्री सुरेश खन्ना ने कैबिनेट के निर्णयों की जानकारी देते हुए बताया कि प्रदेश के विभिन्न विभागों और संस्थाओं में लंबे समय से आउटसोर्सिंग एजेंसियों के माध्यम से बड़ी संख्या में कार्मिक सेवाएं प्रदान कर रहे थे। लेकिन, लगातार यह शिकायतें सामने आ रही थीं कि उन्हें सरकार द्वारा स्वीकृत मानदेय का पूरा भुगतान नहीं मिल रहा। ईपीएफ, ईएसआई जैसी अनिवार्य सुविधाओं का नियमित अंशदान भी कई बार एजेंसियों द्वारा नहीं किया जाता था। इन अनियमितताओं को खत्म करने और कर्मचारियों के हितों की रक्षा के लिए यह निगम गठित किया गया है। अब आउटसोर्सिंग एजेंसियों का चयन सीधे विभाग नहीं करेंगे, बल्कि निगम जेम पोर्टल के माध्यम से निष्पक्ष और पारदर्शी प्रक्रिया से एजेंसी तय करेगा। कर्मचारियों का मानदेय 16 से 20 हजार रुपये प्रतिमाह निर्धारित किया गया है। आउटसोर्स कर्मचारियों से महीने में 26 दिन सेवा ली जा सकेगी। कर्मचारी तीन वर्षों के लिए अपनी सेवाएं दे सकेंगे। कर्मचारियों का वेतन 1 से 5 तारीख तक सीधे उनके खातों में जाएगा। ईपीएफ और ईएसआई का अंशदान अब सीधे कर्मचारियों के खाते में जाएगा, पहले यह राशि सर्विस प्रोवाइडर के पास चली जाती थी। किसी भी प्रकार की अनियमितता पाए जाने पर सेवा तुरंत समाप्त की जा सकेगी।आउटसोर्सिंग के लिए चयन प्रक्रिया में लिखित परीक्षा और साक्षात्कार का प्रावधान किया गया है। इससे बेहतर गुणवत्ता वाले और योग्य कार्मिकों की नियुक्ति सुनिश्चित होगी। वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने बताया कि नई व्यवस्था में संवैधानिक प्रावधानों के तहत एससी, एसटी, ओबीसी, ईडब्ल्यूएस, दिव्यांगजन, भूतपूर्व सैनिक और महिलाओं को नियमानुसार आरक्षण मिलेगा। महिलाओं को मैटरनिटी लीव का भी अधिकार दिया जाएगा। कर्मचारियों की कार्यक्षमता और दक्षता बढ़ाने के लिए समय-समय पर प्रशिक्षण भी प्रदान किया जाएगा। सेवा के दौरान कर्मचारी की मृत्यु होने पर 15 हजार रुपये अंतिम संस्कार सहायता के रूप में दिए जाएंगे। आईटी एवं इलेक्ट्रॉनिक्स विभाग के प्रस्ताव के तहत इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के निर्माण को बढ़ावा देने के लिए 6 सालों की नई नीति को मंजूरी दी गई है। इसमें डिस्प्ले, कैमरा मॉड्यूल, मल्टीलेयर पीसीबी जैसे 11 प्रमुख कंपोनेंट्स के निर्माण को प्रोत्साहन मिलेगा। उत्तर प्रदेश निर्यात प्रोत्साहन नीति 2025-30 को मंजूरी दी गई है। इस नीति के तहत राज्य सरकार 882 करोड़ रुपये खर्च कर एक्सपोर्ट इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करेगी। इसका उद्देश्य राज्य को निर्यात के क्षेत्र में अग्रणी बनाना है। शाहजहांपुर में मुमुक्ष आश्रम ट्रस्ट के अंतर्गत श्स्वामी शुकदेवानंद राजकीय विश्वविद्यालय की स्थापना को मंजूरी दी है। इससे उच्च शिक्षा के क्षेत्र में नए अवसर खुलेंगे।वाराणसी के परगना रामनगर में स्थित तीन एकड़ भूमि को दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग को हस्तांतरित करने का प्रस्ताव भी मंजूर किया गया है।वहां श्समेकित क्षेत्रीय केंद्रश् की स्थापना की जाएगी, जो सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय के तहत काम करेगा।

### पर्यावरण संरक्षण व तकनीकी नवाचार को बढ़ावा देगी ई-बस

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने मंगलवार को अपनी कैबिनेट बैठक में एक महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए जनपद लखनऊ और जनपद कानपुर नगर के साथ-साथ उनके समीपवर्ती महत्वपूर्ण कस्बों में नेट कॉस्ट कॉन्ट्रैक्ट मॉडल के तहत इलेक्ट्रिक बसों (ई-बस) के संचालन को मंजूरी प्रदान की है। यह योजना पर्यावरण संरक्षण, तकनीकी नवाचार, और उपभोक्ता संतुष्टि को बढ़ावा देगी, जिससे नगरीय परिवहन और अधिक सुलभ और टिकाऊ बनेगा। प्रमुख सचिव अमृत अभिजात ने इस योजना के पर्यावरणीय और सामाजिक लाभों पर जोर देते हुए कहा, ई-बसों का संचालन न केवल वायु प्रदूषण को कम करेगा, बल्कि यात्रियों को आधुनिक, आरामदायक, और समयबद्ध परिवहन सेवाएं प्रदान करेगा। निजी ऑपरेटरों की प्रतिस्पर्धा से नवीनतम तकनीकों का उपयोग और सेवा में निरंतर सुधार होगा, जिसका सीधा लाभ आम जनता को मिलेगा।

### स्टाम्प व रजिस्ट्रेशन विभाग अब सेवारत विभाग में शामिल

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में हुई मंत्रिपरिषद बैठक में प्रदेश सरकार ने ऐतिहासिक निर्णय लिया है। स्टाम्प एवं रजिस्ट्रेशन विभाग को उत्तर प्रदेश सरकार के सेवारत विभाग में सम्मिलित कर दिया गया है।स्टाम्प एवं पंजीयन राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार रवींद्र जायसवाल ने बताया कि स्टाम्प एवं रजिस्ट्रेशन विभाग प्रदेश का एक अत्यंत महत्वपूर्ण विभाग है, जो हर वर्ष 40 लाख विलेखों का पंजीकरण करता है और जिसके माध्यम से दो करोड़ से अधिक लोग प्रत्यक्ष रूप से सेवाएं प्राप्त करते हैं।

यह विभाग न केवल राज्य सरकार को विशाल राजस्व प्रदान करता है बल्कि शासन की सामान्य कार्यप्रणाली का अभिन्न हिस्सा भी है। विभाग किसी प्रकार की वाणिज्यिक गतिविधि नहीं करता बल्कि सरकार का संवैधानिक दायित्व निभाता है। इसे सेवारत विभाग का दर्जा मिलने से विभागीय कार्यालयों हेतु सरकार की अन्य सेवा विभागों की भांति नि:शुल्क भूमि उपलब्ध हो सकेगी। निजी भवनों के किराये पर होने वाले व्यय में कमी आएगी और जनता को पंजीकरण सेवाएँ और अधिक सुलभ वातावरण में मिल सकेंगी। इस निर्णय से विभाग की कार्यकुशलता बढ़ेगी, जनसामान्य को बेहतर सुविधाएँ मिलेंगी तथा शासन की प्रणाली और मजबूत होगी।

**-: सर्राफा बाजार भाव :-**

| | | |
|---|---|---|
| सोना | | प्रति 10 ग्राम |
| 24 कैरेट | = | 1,06,240/ |
| 22 कैरेट | = | 97,400/ |
| 18 कैरेट | = | 79,690/ |
| चांदी | | प्रति किलो |
| | = | 1,26,100/ |



## संक्षिप्त समाचार

### न्यायमूर्ति अरुण कुमार आज हाईकोर्ट में लेंगे शपथ

**प्रयागराज।** अधिवक्ता अरुण कुमार 3 सितम्बर को 10 बजे पूर्वाह्न इलाहाबाद उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति की शपथ लेंगे। शपथ ग्रहण समारोह मुख्य न्यायाधीश के न्याय कक्ष में सम्पन्न होगा। समारोह के चलते इलाहाबाद हाईकोर्ट की प्रधान पीठ में न्यायिक कार्य 10.45 बजे से शुरू होगा। इसकी जानकारी महानिबंधक राजीव भारती ने दी है। अरूण कुमार इलाहाबाद उच्च न्यायालय में अधिवक्ता रहे। इनके जज बनाए जाने की सिफारिश लगभग तीन साल पहले इलाहाबाद हाईकोर्ट की कोलेजियम ने किया था।

### असम में 3.5 तीव्रता का भूकंप, लोगों में फैली दहशत

**गुवाहाटी।** असम के शोणितपुर जिला में आज शाम मध्यम तीव्रता के भूकंप के झटके महसूस किये गये। भूकंप के चलते कहीं से किसी भी तरह के नुकसान की खबर नहीं है। भूकंप का झटका महसूस होते ही लोग अपने घरों से बाहर निकल आए। रिक्टर स्केल पर इसकी तीव्रता 3.5 मापी गई। भूकंप का केंद्र शोणितपुर जिले जमीन के अंदर 15 किलोमीटर नीचे स्थित था। भूकंप का एपीक सेंटर 26.69 उत्तरी अक्षांश तथा 92.92 पूर्वी देशांत्तर पर स्थित था।

### सिंगापुर के पीएम वोंग आज से तीन दिवसीय भारत यात्रा पर

**नयी दिल्ली।** सिंगापुर के प्रधानमंत्री लॉरेंस वोंग की आज से शुरू हो रही भारत की तीन दिवसीय यात्रा को राजनयिक नजरिये से काफी अहम माना जा रहा है। श्री वोंग अपनी पत्नी और एक उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल के साथ शाम को यहां पहुंचेंगे। दोनों देशों के बीच राजनयिक संबंधों के 60 वर्ष पूरे होने के अवसर पर हो रही इस यात्रा को महत्वपूर्ण माना जा रहा है। वह बुधवार को महात्मा गांधी की समाधि राजघाट जाकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे व गुरुवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ बैठक करेंगे।

### कांग्रेस विधायक वीरेंद्र के घर पर ईडी का फिर छापा

**चित्रदुर्ग।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कर्नाटक के चित्रदुर्ग से कांग्रेस विधायक वीरेंद्र पप्पी के घर पर फिर से मंगलवार को छापा मारा है। विधायक ईडी की हिरासत में पहले से ही हैं। जिन पर ऑनलाइन सट्टेबाजी और मनी लॉन्ड्रिंग के आरोप हैं। ईडी के अधिकारियों ने विधायक वीरेन्द्र के चित्रदुर्ग के चल्लकेरे स्थित एक पुराने घर की तलाशी ली है।

### डॉ. मित्तल संयुक्त अरब अमीरात में भारत के नये राजदूत नियुक्त

**नयी दिल्ली।** भारतीय विदेश सेवा के अधिकारी डॉ. दीपक मित्तल को संयुक्त अरब अमीरात में भारत का अगला राजदूत नियुक्त किया गया है। विदेश मंत्रालय ने मंगलवार को यहां बताया कि डा.मित्तल विदेश सेवा के 1998 बैच के अधिकारी हैं और उनके शीघ्र ही कार्यभार ग्रहण करने की संभावना है। वह कतर में भारत के राजदूत रह चुके हैं। डॉ. मित्तल श्री संजय सुधीर की जगह लेंगे जो अब तक संयुक्त अरब अमीरात में भारत के राजदूत थे। वर्ष 2021 में अफगानिस्तान से अमेरिकी सेना की वापसी के बाद उन्होंने भारत और तालिबान शासन के बीच औपचारिक संपर्क शुरू कराने में अहम भूमिका निभायी थी।

## नोएडा में बनेंगे वेंटीलेटर, विदेशी कंपनियों पर निर्भरता होगी कम

समृद्धि न्यूज

**गौतमबुद्ध नगर।** उत्तर प्रदेश के गौतमबुद्ध नगर जिले में अब वेंटीलेटर बनाए जाएंगे। इसके लिए यमुना विकास प्राधिकरण ने तीन एकड़ जमीन आवंटित करने संबंधी एक पत्र निर्माणकर्ता कंपनी मेडीसिस के प्रबंधन सौंप दिया है। मेडीसिस कंपनी करीब 500 करोड़ रुपये का निवेश कर नोएडा में ही वेंटीलेटर का निर्माण शुरू करेगी।

नोएडा में वेंटीलेटर निर्माण होने से विदेशी कंपनियों से निर्यात करने की निर्भरता कम होगी। यमुना विकास प्राधिकरण के सीईओ राकेश कुमार सिंह ने बताया कि वेंटीलेटर का निर्माण यमुना सिटी में शुरू होना महत्वपूर्ण है।



नोएडा की एक कंपनी मेडीसिस यहां करीब 500 करोड़ रुपये का निवेश कर वेंटीलेटर का निर्माण शुरू करेगी। इस के लिए तीन एकड़ जमीन आवंटित किया गया है। एनसीआर में वेंटीलेटर के निर्माण शुरू होने से यहां मरीजों के लिए लाइफ सपोर्ट की सुविधा सुगम हो सकेगी। इस संबंध में कंपनी का कहना है कि जल्दी ही जमीन आवंटन की प्रक्रिया पूरी कर निर्माण कार्य शुरू करा दिया जाएगा।

### दो वोटर आईडी रखने के आरोप में पवन खेड़ा को चुनाव आयोग का नोटिस

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने कांग्रेस नेता पवन खेड़ा पर दिल्ली के दो विधानसभा क्षेत्रों में मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने के आरोप में उन्हें नोटिस जारी कर 08 सितंबर तक जवाब दाखिल करने को कहा है।दिल्ली के राज्य निर्वाचक अधिकारी कार्यालय के नोटिस के मुताबिक पवन खेड़ा नई दिल्ली विधानसभा क्षेत्र के काकानगर और जंगपुरा विधानसभा क्षेत्र के निजामुद्दीन ईस्ट में मतदाता के तौर पर पंजीकृत हैं। नोटिस में कहा गया है कि जनप्रतिनिधि कानून-1950 के तहत एक से अधिक स्थानों पर पंजीकरण कराना अपराध है। इस संबंध में सोमवार, 8 सितंबर को पूर्वाह्न 11 बजे तक जवाब दाखिल कर अपना पक्ष स्पष्ट करें।

## हिंदुओं को ईसाई बनाने के कुचक्र का भंडाफोड़

**मुख्य आरोपी सहित आठ लोग गिरफ्तार**

समृद्धि न्यूज



**आगरा।** आगरा के थाना शाहगंज क्षेत्र में मंगलवार को भोले वाले हिंदुओं को ईसाई धर्म में परिवर्तन करने के लिए, ईसाई प्रार्थना सभा आयोजित कर बीमारियों को दूर करने, आर्थिक मदद,नौकरी आदि का प्रलोभन देकर सनातन धर्म की पूजा को छोड़ने का आव्हान कर ईसाई धर्म अपनाने के लिए चलाए जा रहे कुचक्र का पुलिस द्वारा भंडाफोड़ कर दिया गया।

धर्म परिवर्तन कराने के प्रयास में आरोपियों के खिलाफ सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर उन्हें गिरफ्तार किया गया है। आगरा के थाना शाहगंज क्षेत्र अंतर्गत केदार नगर में राजकुमार लालवानी (65) द्वारा विगत वर्षों से अपने घर पर रविवार को ईसाई धर्म पर आधारित प्रार्थना सभाएं आयोजित की जा रही थी। इसमें लोगों को उनकी बीमारियों से निजात दिलाने का प्रमुख आधार बनाया जा रहा था।

इसके साथ-साथ जो लोग प्रार्थना सभा में पहुंचते थे उनको सनातन धर्म छोड़कर ईसाई धर्म अपनाने से चमत्कारी लाभ मिलने जैसे शिक्षा, नौकरी, आर्थिक लाभ, गृह क्लेश दूर होने आदि का लालच देकर भोले वाले महिलाओं पुरुषों का ब्रेनवाश किया जा रहा था। मोहल्ले वालों को जब इस तरह की गतिविधियों पर शक हुआ तो उन्होंने खुद प्रार्थना सभा में जाकर इन गतिविधियों की तस्दीक की और इस षड़यंत्र की पुलिस को जानकारी दी गई। पुलिस ने भी अपने स्तर से शिकायत की पुष्टि कर बीती देर रात केदार नगर के निवासी घनश्याम हेमनानी की तहरीर पर थाना शाहगंज आगरा में मुख्य आरोपी राजकुमार लालवानी सहित आठ नामजद लोगों और कुछ अज्ञात महिलाओं के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता और उत्तर प्रदेश विधि विरुद्ध धर्म संपरिवर्तन प्रतिषेध अधिनियम की सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया। पुलिस द्वारा सभी नामजद अभियुक्तों को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही और पूछताछ की जा रही है।

## मेडिकल कॉलेजों में 79 प्रतिशत आरक्षण पर हाईकोर्ट ने फैसला रखा सुरक्षित

**राज्य ने एकल पीठ के फैसले के खिलाफ दायर की थी विशेष अपील**

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ ।** इलाहाबाद हाईकोर्ट में अम्बेडकर नगर, कन्नौज, जालौन और सहारनपुर के सरकारी मेडिकल कॉलेजों में आरक्षण से जुड़े मामले की सुनवाई पूरी हो गई है। न्यायमूर्ति राजन रॉय और न्यायमूर्ति मंजीव शुक्ला की खंडपीठ ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद अपना आदेश सुरक्षित कर लिया है।

राज्य सरकार ने एकल पीठ के फैसले के खिलाफ विशेष अपील दायर की थी। सरकार की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता जे एन माथुर ने कहा कि एकल पीठ के आदेश से चारों जिलों में फिर से काउंसलिंग करनी होगी। इससे अन्य राज्यों के जिलों पर भी प्रभाव पड़ेगा। उन्होंने बताया कि नई काउंसलिंग से पहले से सीट पाए छात्र बाहर हो जाएंगे। अन्य कॉलेजों में काउंसलिंग पूरी होने के कारण उनके पास विकल्प भी नहीं बचेंगे। एकल पीठ ने 2010 से 2015 के बीच जारी शासनादेशों को रद्द कर दिया था। इन आदेशों में आरक्षित वर्ग के लिए 79 प्रतिशत से अधिक सीटें सुरक्षित की गई थीं। पीठ ने आरक्षण अधिनियम 2006 का कड़ाई से पालन करते हुए नए सिरे से सीटें भरने का निर्देश दिया था। याचिकाकर्ता के वकील मोतीलाल यादव ने बताया कि इन कॉलेजों में राज्य कोटे की 85-85 सीटों में से केवल 7-7 सीटें ही सामान्य वर्ग के लिए रखी गई हैं।

### केदारधाम व हेमकुंड साहिब के लिए रोपवे निर्माण को लेकर हुआ समझौता

**देहरादून।** पर्वतमाला परियोजना के अन्तर्गत केदारनाथ और हेमकुंड साहिब मार्ग पर रोपवे बनाने के लिए राज्य सरकार और नेशनल हाईवे लॉजिस्टिक्स मैनेजमेंट लिमिटेड के बीच एक समझौता हुआ है। मंगलवार को सचिवालय में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की उपस्थिति में दोनों पक्षों के बीच हस्ताक्षर किए गए। राज्य सरकार और एनएचएलएमएल के इस समझौते के अन्तर्गत इक्विटी भागीदारी में एनएचएलएमएल की 51 प्रतिशत और राज्य सरकार की 49 प्रतिशत हिस्सेदारी होगी। राजस्व साझेदारी के अन्तर्गत 90 प्रतिशत धनराशि उत्तराखंड राज्य में पर्यटन, परिवहन एवं गतिशीलता के क्षेत्र में व्यय की जाएगी।

## अलीगढ़ में अवैध हथियार फैक्टरी का भंडाफोड़

**सराय रोहिल्ला थाना पुलिस ने की कार्रवाई तीन लोग गिरफ्तार**

समृद्धि न्यूज



**नई दिल्ली।** दिल्ली के सराय रोहिल्ला थाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए उत्तर प्रदेश में अलीगढ़ जिले के जट्टारी पिशावा इलाके में खेतों में बनी अवैध हथियार फैक्टरी का भंडाफोड़ किया है। इस दौरान पुलिस ने तीन आरोपितों को गिरफ्तार कर मौके से भारी मात्रा में हथियार एवं कच्चा माल बरामद किया है।

दिल्ली के उत्तरी जिले के पुलिस उपायुक्त राजा बांठिया के अनुसार, बरामदगी में 6 देशी कट्टे, 12 अधबने पिस्टल, 6 जिंदा कारतूस, 5 खाली कारतूस, 13 बैरल, 44 छोटे बैरल, 12 पाइप, 3 बड़े बैरल पाइप और हथियार बनाने में इस्तेमाल होने वाली मशीनें शामिल हैं। इसके अलावा 250 से अधिक पिस्टल बनाने लायक कच्चा माल भी जब्त किया गया है। उन्होंने बताया कि मामले की शुरुआत 11/12 अगस्त की रात हुई जब सराय रोहिल्ला इलाके में एक युवक पर फायरिंग की घटना हुई। इस मामले में शामिल नाबालिग आरोपित से पूछताछ के दौरान पता चला कि उसने हथियार अलीगढ़ निवासी विजय उर्फ बंटी से खरीदा था। इसके बाद पुलिस की जांच का दायरा उत्तर प्रदेश तक बढ़ाया गया। पुलिस उपायुक्त बांठिया ने बताया कि पुलिस टीम ने पहले अलीगढ़ से विजय उर्फ बंटी (24) को दबोचा। उसकी निशानदेही पर मथुरा से बिजेंद्र सिंह उर्फ मधुरा (61) को गिरफ्तार किया गया। बिजेंद्र के मोबाइल से 70 से ज्यादा अवैध हथियार बनाने का वीडियो मिला। आगे की जांच में अलीगढ़ के जट्टारी पिशावा रोड पर खेतों में बनी दो कमरों की फैक्टरी का पता चला।

### नागपुर से कोलकाता जा रही इंडिगो फ्लाइट से पक्षी टकराया, सुरक्षित लैंडिंग

**नागपुर।** नागपुर से कोलकाता जा रही इंडिगो की फ्लाइट 6ई812 की इमरजेंसी लैंडिंग की गई है। बताया जा रहा है कि उड़ान भरने के तुरंत बाद इंडिगो की फ्लाइट से पक्षी टकरा गया। पायलट ने तत्काल इसकी सूचना दी और नागपुर एयरपोर्ट पर सुरक्षित लैंडिंग की गई। विमान में 160 से 165 सवार थे यात्री हवाई अड्डा प्राधिकरण के अनुसार, विमान में 160 से 165 यात्री सवार थे। फ्लाइट के पक्षी से टकराने के बाद तुरंत बाद ही पायलट ने नागपुर हवाई अड्डे पर सुरक्षित लैंडिंग कराई। सभी यात्री सुरक्षित हैं और कोई हताहत नहीं हुआ। इंडिगो के इंजीनियर विमान की जांच कर रहे हैं ताकि पक्षी से टकराने के प्रभाव और विमान की स्थिति का आकलन किया जा सके।

**सौगात**

**प्रधानमंत्री मोदी ने बिहार की जीविका दीदियों को 105 करोड़ की सौगात देते हुए कहा**

## माताओं, बहनों व बेटियों को हर संभव अवसर दे रही सरकार

एजेंसी



**पटना।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को दिल्ली से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए बिहार राज्य जीविका निधि शाखा सहकारी संघ लिमिटेड बैंक का शुभ आरंभ किया। इस मौके पर उन्होंने 105 करोड़ रुपये की राशि जीविका निधि में हस्तानांतरण (ट्रांस्फर) किया। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार भी इस कार्यक्रम से जुड़े।

यह नई सहकारी संस्था बिहार के ग्रामीण आजीविका कार्यक्रम जीविका से जुड़ी महिलाओं को सस्ती और सुलभ वित्तीय सेवाएं प्रदान करने के लिए बनाई गई है। सभी पंजीकृत क्लस्टर-स्तरीय संघ इस संस्था के सदस्य होंगे। इसका संचालन पूरी तरह से डिजिटल होगा, जिससे कि लेन-देन में पारदर्शिता और तेजी सुनिश्चित हो सकेगी। इस पहल को केंद्र और बिहार सरकार द्वारा संयुक्त रूप से वित्तपोषित किया जा रहा है। प्रधानमंत्री मोदी ने उद्घाटन भाषण में कहा कि हमारी सरकार बिहार की माताओं, बहनों और बेटियों को हर संभव अवसर देने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ रही। जीविका निधि सहकारी संघ बिहार की ग्रामीण महिलाओं को सशक्त बनाने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है। यह पहल वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देगी और सामुदायिक नेतृत्व वाली उद्यमिता को प्रोत्साहित करेगी। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने इस अवसर पर प्रधानमंत्री का आभार जताते हुए कहा कि बिहार की जीविका दीदियों ने आज एक मिसाल कायम की है। उन्होंने कहा कि आज जीविका से जुड़ी महिलाएं न केवल परिवार की आय बढ़ा रही हैं, बल्कि समाज में भी बदलाव की बयार ला रही हैं।

### महिला सशक्तिकरण पर जोर दे रही हमारी सरकार : नितीश

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार 1 अणे मार्ग स्थित संकल्प से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से शामिल हुए। मुख्यमंत्री ने कहा कि बहुत खुशी की बात है कि आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के द्वारा जीविका निधि का शुभारंभ किया जा रहा है। इस काम से स्वयं सहायता समूह की जीविका दीदियों को ऋण की राशि मिलने में सुविधा होगी। राज्य सरकार ने इस काम के लिए 1 हजार करोड़ रुपये की राशि स्वीकृति दी है, जिसमें से 105 करोड़ रुपये की राशि जीविका निधि के बैंक खाते में आज भेजी जा रही है। खुशी की बात है कि इसके लिए आगे केन्द्र सरकार भी 110 करोड़ रुपये की सहायता देगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि 24 नवंबर, 2005 को हमारी सरकार बनी थी, तबसे ही महिला सशक्तीकरण पर जोर दिया गया है। वर्ष 2006 में पंचायती राज संस्थाओं एवं वर्ष 2007 में नगर निकायों में महिलाओं के लिए 50 प्रतिशत आरक्षण से शुरुआत की गयी। वर्ष 2013 से पुलिस में महिलाओं के लिए 35 प्रतिशत आरक्षण दिया गया। वर्ष 2016 से महिलाओं को सरकारी नौकरियों में 35 प्रतिशत आरक्षण दिया गया।

## रेलवे में टिकट जांच के लिए बायोमेट्रिक साइन-ऑन व ऑफ प्रणाली हुई लागू

एजेंसी



संचालन के आधुनिकीकरण और जवाबदेही बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण साबित होगा कदम

**नई दिल्ली।** भारतीय रेलवे ने अपने टिकट जांच कर्मचारियों के लिए बायोमेट्रिक साइन-ऑन और साइन-ऑफ प्रणाली शुरू की है। यह कदम संचालन के आधुनिकीकरण और जवाबदेही बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण साबित होगा और यात्रियों के समग्र अनुभव को बेहतर बनाएगा।

नई प्रणाली के तहत कर्मचारी आधार-सक्षम बायोमेट्रिक उपकरण का उपयोग करके लॉबी में अपनी उपस्थिति दर्ज करेंगे। इससे उपस्थिति रिकॉर्ड पूरी तरह छेड़छाड़-रहित, पारदर्शी और गोपनीयता-अनुपालन होंगे। 29 अगस्त को पहली डिजिटल टीटीई लॉबी पूर्व मध्य रेलवे के पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन पर शुरू की गई। यह प्रणाली उ.रे. के बनारस मंडल, पश्चिम रेलवे के रतलाम मंडल, म.रे. के सीएसएमटी, पुणे व सोलापुर, पूर्व रेलवे के मालदा, दक्षिण पश्चिम रेलवे के मैसूर, पश्चिम मध्य रेलवे के भोपाल और कोटा, दक्षिण रेलवे के मदुरै, पालघाट व त्रिची सहित कई मंडलों में लागू की जा चुकी है।

## खबरें एक नजर में

### मंगलवार को बारिश के साथ आई आंधी ने मचाई तबाही



बेलरायां खीरी। निघासन की ग्राम पंचायत भेडौरी के तकिया पुरवा में मंगलवार को बारिश के साथ आई आंधी ने मचाई तबाही तकियापुरवा,भैरमपुर, कुसाही में गन्ना सहित टीन, छप्पर उड़े बारिश में भीगने को मजबूर। चार दिनों से हो रही लगातार बारिश की वजह से जनजीवन अस्त व्यस्त है मंगलवार को आई बारिश के साथ आंधी ने इलाके में तबाही मचा दी है लोगो के घरों की टीन, छप्पर उड़कर दूर दूर जाकर गिरे हवा इतनी तेज थी घरों पर पड़ी टीन पेड़ो पर जाकर फस गई खेतो में खड़ा गन्ना, धान सब गिर गया है तकियापुरवा निवासी अरविंद वर्मा, उमेश वर्मा, अजय वर्मा राम किशोर, संजय वर्मा जंगबहादुर, मनोज कुमार, राम सेवक, भैया लाल रोहित वर्मा, सहज राम के घरों व घारी की टीन व छप्पर उड़ गए हैं।

### जनपद खीरी के हज़ारों विद्यालयों में गूंजा पंच प्रण संकल्प



गोला गोकर्णनाथ, (लखीमपुर)। अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के आह्वान पर जनपद खीरी के विभिन्न विद्यालयों में सोमवार को हमारा विद्यालय हमारा स्वाभिमान अभियान के अंतर्गत पंच प्रण संकल्प कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिले के हज़ारों शिक्षक, कर्मचारी एवं विद्यार्थियों ने एकजुट होकर विद्यालय को राष्ट्र निर्माण का केंद्र बनाने का संकल्प लिया। ब्लॉक कुंभी गोला के कंपोजिट विद्यालय विष्णू बेहड़ में आयोजित मुख्य कार्यक्रम में राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ, लखीमपुर खीरी के जिला संगठन मंत्री धर्मेन्द्र कुमार सिंह ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। उन्होंने कहा कि यह दिन केवल एक आयोजन की तिथि नहीं, बल्कि भारत के शैक्षिक इतिहास में स्वर्णाक्षरों में दर्ज होने वाला क्षण है। पूरे देश के पाँच लाख से अधिक विद्यालयों में एक साथ शिक्षक, विद्यार्थी और कर्मचारी मिलकर यह घोषणा कर रहे हैं कि हमारा विद्यालय– हमारा स्वाभिमान है। सिंह ने कहा कि विद्यालय केवल ईंट-पत्थर की इमारत नहीं, बल्कि संस्कारों का तीर्थस्थल है। भारतीय परंपरा में विद्यालय को विद्या का मंदिर कहा गया है, और विद्या वही है जो व्यक्ति को अज्ञान और बंधनों से मुक्त करे– सा विद्या या विमुक्तये। उन्होंने कहा कि इस अभियान का उद्देश्य शिक्षा को केवल किताबी ज्ञान तक सीमित न रखकर उसे चरित्र निर्माण और समाज सेवा का माध्यम बनाना है। पंच प्रण संकल्प कार्यक्रम के दौरान शिक्षकों व छात्रों ने मिलकर यह प्रतिज्ञा ली कि वे अपने विद्यालय को स्वच्छ, अनुशासित और हरित बनाएंगे। विद्यालय की संपत्ति और संसाधनों को राष्ट्रधन मानते हुए उसका विवेकपूर्ण उपयोग और संरक्षण सुनिश्चित किया जाएगा। कार्यक्रम में विशेष रूप से इस बात पर जोर दिया गया कि विद्यालयों में भेदभाव रहित और समभाव से सीखने-सिखाने का वातावरण बनाया जाएगा। शिक्षकों और विद्यार्थियों के बीच समन्वय व सहयोग को प्राथमिकता दी जाएगी, ताकि शिक्षा एक सामाजिक परिवर्तन का सशक्त माध्यम बन सके।

### भारतीय योग संस्थान लखीमपुर द्वारा सामूहिक योग कक्षा संपन्न

लखीमपुर खीरी। भारतीय योग संस्थान लखीमपुर खीरी द्वारा दो दिवसीय विशेष प्रवास कार्यक्रम के अंतर्गत सामूहिक योग कक्षा का सफल आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रांतीय संगठन मंत्री जय प्रकाश श्रीवास्तव एवं संयुक्त मंत्री सुरेश कुमार दुबे मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत 1 सितम्बर को महिला केंद्र वानप्रस्थ क्लब, शिव कॉलोनी में हुई, जहाँ साधिकाओं से योग विषय पर महत्वपूर्ण वार्ता हुई। इस दौरान अधिकारियों ने योग के विविध आयामों पर प्रकाश डालते हुए साधकों को नेक टिप्स दिए। इसके उपरांत सेवक सिंह अजमानी के आवास पर जिला कार्यकारिणी एवं क्षेत्रीय पदाधिकारियों की बैठक भी संपन्न हुई। 02 सितम्बर की प्रातः गुरुनानक इंटर कॉलेज के सभागार में सामूहिक योग साधना का अभ्यास कराया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती पूजन, दीप प्रज्वलन और पुष्प अर्पण से हुई। अतिथियों का स्वागत बैच अलंकरण के माध्यम से किया गया। योगाभ्यास सत्र में सुरेश कुमार दुबे ने ताड़ासन, त्रिकोणासन, कोणासन, बज्रासन, हास्यासन और मरकटासन सहित विभिन्न आसनों का अभ्यास कराया तथा उनके लाभ समझाए। प्रांतीय संगठन मंत्री जय प्रकाश श्रीवास्तव ने आसनों की गहराई, सही विधि और अधिकतम लाभ प्राप्त करने के उपायों पर विशेष रूप से प्रकाश डाला। उन्होंने साधकों को प्राणायाम— अनुलोम-विलोम, नाड़ी शोधन तथा गहरे दीर्घ श्वास की विधियों का महत्व बताया और ध्यान साधना भी कराई। उनके द्वारा प्रस्तुत योग गीत ने कार्यक्रम का वातावरण और अधिक प्रभावशाली बना दिया। इस मौके पर जिला प्रधान रमेश कुमार वर्मा एडवोकेट ने प्रांतीय अधिकारियों को अंगवस्त्र पहनाकर सम्मानित किया। जिला मंत्री शिवराम वर्मा, जिला संगठन मंत्री अशोक कुमार तोलानी, महिला जिला मंत्री कामिनी मिश्रा, संगठन मंत्री डॉ. सुशीला सिंह सहित क्षेत्रीय व केंद्र प्रमुखों ने सक्रिय सहभागिता की। कार्यक्रम में सैकड़ों साधक-साधिकाएं तन्मयता और उत्साह के साथ उपस्थित रहे। अंत में डॉ. सुशीला सिंह द्वारा शांति पाठ कराया गया। जिला प्रधान रमेश कुमार वर्मा ने सभी उपस्थित अतिथियों एवं साधकों का आभार व्यक्त करते हुए कार्यक्रम का समापन मंगलमय शुभकामनाओं के साथ किया।

### झमाझम बारिश से मौसम सुहाना, किसानों के चेहरे खिले



सादुल्लानगर/बलरामपुर। पिछले दो दिनों से मौसम का मिजाज बदला हुआ नजर आ रहा है।मंगलवार सुबह से ही आसमान में बादल छाए रहे और दोपहर करीब दो बजे से हल्की बारिश शुरू हो गई।बूंदाबांदी से लोगों को गर्मी से राहत मिली तो वहीं किसानों के सूखे पड़े चेहरे पर भी रौनक लौट आई। लगभग दस दिनों से बारिश न होने के कारण धान के खेतों की नमी सूखने लगी थी।किसानों का कहना । कि यह बारिश फसलों के लिए फायदेमंद साबित होगी। किसान उदयभान, श्यामलाल, बिजय, रमेश, अनूप शुक्ला, तौकीर आदि ने बताया कि अभी तक हुई हल्की बारिश से राहत तो मिली है लेकिन तेज बारिश का इंतजार है, तभी धान की फसल को संजीवनी मिल पाएगी। रविवार से ही मौसम का रुख बदला हुआ है। बादलों के कारण तापमान में गिरावट आई है और उमस से भी राहत मिली है। मौसम विभाग ने अगले कुछ दिनों में झमाझम बारिश की संभावना व्यक्त की है। बारिश की फुहारों का आनंद आम लोगों ने भी उठाया। दोपहर से शुरू हुई बूंदाबांदी में बच्चों और युवाओं ने भीगकर मौसम का मजा लिया। आपदा विशेषज्ञ अरुण सिंह ने बताया कि मौसम विभाग के अनुसार हल्की से मध्यम बारिश की संभावना बनी हुई है। ऐसे में मौसम कुछ दिन और सुहावना रह सकता है। उन्होंने लोगों को सलाह दी है। कि बारिश के दौरान अनावश्यक यात्रा से बचें और जलभराव वाले क्षेत्रों में जाने से परहेज करें।

# सीडीओ ने सीएचसी खमरिया का किया औचक निरीक्षण

- कई खामियां उजागर, जताई नाराजगी

**ईसानगर खीरी, समृद्धि न्यूज़।**



विकास खंड ईसानगर अंतर्गत सीएचसी खमरिया में मुख्य विकास अधिकारी अभिषेक सिंह ने मंगलवार को औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अस्पताल की व्यवस्थाओं की पोल खुल गई। अधीक्षक अमित कुमार सिंह मौके पर अनुपस्थित मिले और सूचना पर जब पहुंचे तो पान खाए हुए पाए गए। सीडीओ ने कड़ी फटकार लगाते हुए स्पष्ट कहा कि लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी।

निरीक्षण में अस्पताल अंधेरे में डूबा मिला। जनरेटर डीजल न होने से ठप पाया गया। जच्चा-बच्चा वार्ड खाली मिला जबकि नियम के अनुसार प्रसव के बाद 48 घंटे तक मरीज को भर्ती रखना आवश्यक है, अभिलेखों के अनुसार 12 घंटे में ही मिल गई मरीज को छुट्टी। यहां तक कि नवजात को जीरो डोज वैक्सीन तक नहीं दी गई थी। परिसर की गंदगी, सीलन और जलभराव ने अव्यवस्थाओं की तस्वीर साफ कर दी। दो शौचालय बंद मिले और एक शौचालय गंदगी से भरा हुआ था, मूत्रालय की हालत ये थी कि जानवर भी जाना न पसंद करे।

करीब एक घंटे तक चले निरीक्षण में सीडीओ ने उपस्थिति रजिस्टर, दवा स्टॉक और औषधि वितरण का मुआयना किया। मौके पर 9 डॉक्टर और स्टाफ नदारद मिले। सीडीओ ने अधीक्षक से जवाब-तलब किया और अनुपस्थित कर्मचारियों का वेतन काटने के निर्देश दिए। वहीं लैब की छत टपकती मिली और महंगी जांच मशीनें झिल्ली में लिपटी पड़ी थीं। हेल्थ चेकअप मशीन भी खराब पाई गई।

निरीक्षण के दौरान सीडीओ को कई मौखिक शिकायतें मिली वही एक सोबरन नाम के युवक ने लिखित शिकायत भी सौंपी। इसमें आरोप लगाया गया कि डिलीवरी के दौरान 3 से 5 हजार रुपये तक की वसूली की जाती है। गरीब मरीजों को दलालों के जरिए प्राइवेट अस्पताल भेजा जाता है। जन्म प्रमाण पत्र बनाने के लिए सौ रुपये और टीबी की दवाओं में भी मनमाने पैसे वसूले जाते हैं। अधीक्षक ने इन शिकायतों को खारिज करते हुए कहा कि ऐसी 2ङ्क4 शिकायतें पहले भी आई जी आर एस पर दर्ज हो चुकी हैं, पर अस्पताल में कोई कमी नहीं है।

मरीजों ने अधीक्षक पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि उनका अधिकतर समय आवास पर आराम में बीतता है, अस्पताल की गड़बड़ियों पर वे हमेशा मौन रहते हैं और स्टाफ की मनमानी में उनकी भी हिस्सेदारी रहती है। इस अचानक निरीक्षण से अस्पताल परिसर में अफरा-तफरी मची रही।

इस निरीक्षण में परियोजना अधिकारी खीरी, खंड विकास अधिकारी ईसानगर धन प्राप्त यादव, एपीओ सत्यम शुक्ला तथा पशु चिकित्सक ईसानगर डॉ. प्रदीप कुमार मौजूद रहे। सीडीओ अभिषेक सिंह ने अधीक्षक सहित पूरे स्टाफ को चेतावनी दी कि सुधार न होने पर कड़ी विभागीय कार्रवाई की जाएगी।

### यूरिया किल्लत पर विधायक की सख्ती, सड़कों से लेकर समितियों तक जांच



ईसानगर खीरी। धौरहरा विधानसभा क्षेत्र में यूरिया की कमी और कालाबाजारी को लेकर मंगलवार को विधायक विनोद शंकर अवस्थी खुद मैदान में उतर आए। उन्होंने सड़कों से लेकर खाद वितरण समितियों तक जांच की और किसानों की समस्याओं को नजदीक से जाना। जांच के दौरान विधायक को सूचना मिली कि मोटरसाइकिलों से यूरिया की बोरियां बाहर ले जाई जा रही हैं। मौके पर पहुंचे पुलिसकर्मियों ने मोटरसाइकिलों से यूरिया बरामद किया। वहीं ईसानगर क्षेत्र में एक युवक तीन बोरी यूरिया के साथ पकड़ा गया। इस कार्रवाई के बाद तस्करों में हड़कंप मच गया समितियों पर पहुंचे विधायक ने स्टॉक और वितरण की व्यवस्था का जायजा लिया। किसानों की शिकायतों पर उन्होंने नाराजगी जताई और प्रभारियों को कड़ी फटकार लगाई। खाद की कमी के चलते कुछ असामाजिक तत्व नकली खाद बेचकर किसानों को लूट रहे हैं। इसी मामले में कुछ दिन पूर्व अधिकारियों ने प्रभावी कार्रवाई की थी, जिसमें कई दुकान और गोदाम को सील किया गया था। अन्य संदिग्ध दुकानों और गोदामों की जांच अभी भी जारी है। विधायक अवस्थी ने कहा कि किसानों का हित सर्वोपरि है। कालाबाजारी और नकली खाद की समस्या को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। अगर किसी अधिकारी या कर्मचारी की संलिप्तता मिली तो कठोरतम कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने किसानों को भरोसा दिलाया कि जल्द ही यूरिया की कमी दूर कर किसानों को राहत पहुंचाई जाएगी और खाद वितरण व्यवस्था पूरी तरह पारदर्शी बनाई जाएगी।

# घास लेने गए किशोर की गर्दन कटी, हालत गंभीर, जिला अस्पताल रेफर

**निघासन (खीरी), समृद्धि न्यूज़।**



निघासन कोतवाली क्षेत्र के चखरा खेत में घास लेने गए किशोर पर रहस्यमयी हालात में हमला हो गया। उसकी गर्दन कटी हुई अवस्था में गन्ने के खेत से घायल अवस्था में बरामद किया गया। ग्रामीणों की मदद से उसे सीएचसी निघासन लाया गया, जहां हालत नाजुक होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। घटना मंगलवार की दोपहर की है। कोतवाली निघासन क्षेत्र के चखरा गांव निवासी विक्रम (15) पुत्र रामगोपाल सुबह करीब नौ बजे घास लेने खेत की ओर गया था। कुछ देर बाद गन्ने के खेत से उसकी चीख सुनाई दी। खेतों में काम कर रहे ग्रामीण भागकर वहां पहुंचे तो विक्रम खून से लथपथ पड़ा मिला। उसकी गर्दन गहरी कटी हुई थी। आनन-फानन में उसे सीएचसी लाया गया। डॉ. अरविंद पटेल ने बताया कि किशोर को गंभीर हालत में लाया गया था। प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए जिला अस्पताल रेफर किया गया जिला अस्पताल से लखनऊ को रेफर कर दिया गया हालत नाजुक है। अस्पताल में सुविधाओं का आलम यह रहा कि घायल को स्ट्रेचर तक उपलब्ध नहीं कराया गया। पुलिसकर्मी उसे गोद में उठाकर एंबुलेंस तक ले गए। घटना को लेकर गांव में तरह-तरह की चर्चाएं हैं। कुछ लोगों ने बाघ के हमले की आशंका जताई, लेकिन घटनास्थल पर किसी जानवर के पंजों के निशान नहीं मिले, जबकि इंसानी पैरों के निशान मौजूद थे। चखरा गांव के ही बाल गोविंद शर्मा ने बताया कि हम लोग पास के खेत में काम कर रहे थे। चीख सुनकर जब मौके पर पहुंचे तो देखा विक्रम की गर्दन कटी थी। हालात देखकर संदेह होता है। इधर, विक्रम के पिता रामगोपाल अपने बेटे की हालत देखकर बेसुध हो गए। उन्होंने बताया कि वह बीमार रहते हैं और सुबह बेटा अकेले ही घास लेने गया था। दोपहर में उन्हें घटना की जानकारी हुई। प्रभारी निरीक्षक महेश चंद्र का कहना है कि खेत में घसीटने के निशान मिले हैं। प्रथम दृष्टया मामला जानवर के हमले का लग रहा है, लेकिन जांच की जा रही है।

## शहर में गणपति बप्पा की गूंज, भक्ति में डूबा गोला गोकर्णनाथ

**श्रद्धा, साज-सज्जा और सांस्कृतिक कार्यक्रमों से जीवंत हुआ गणेशोत्सव**



गोला गोकर्णनाथ,(लखीमपुर)। शहर में गणेश चतुर्थी के अवसर पर भक्ति, श्रद्धा और उल्लास का अद्भुत संगम देखने को मिल रहा है। हर गली, हर मोहल्ला, हर चौराहे पर गणपति बप्पा की भव्य मूर्तियां स्थापित की गई हैं। श्रद्धालु पूरे उत्साह और आस्था के साथ गणपति बप्पा की पूजा-अर्चना कर रहे हैं। सुबह की पहली किरण के साथ ही मंदिरों और पंडालों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ती है। महिलाएं रंग-बिरंगी साड़ियों में सज-धजकर आरती में हिस्सा लेती हैं, वहीं बच्चे और बुजुर्ग भी भक्ति के इस माहौल में पूरी तन्मयता से लीन नजर आते हैं। खुटार रोड, मंगला देवी मंदिर परिसर, पश्चिमी दीक्षिताना और मुन्नूगंज जैसे प्रमुख क्षेत्रों में भव्य गणेश पंडाल सजाए गए हैं। पंडालों की सजावट इतनी आकर्षक है कि राह चलते लोग भी ठहरकर दर्शन किए बिना नहीं रह पाते। कहीं पारंपरिक शैली में सजे पंडाल हैं, तो कहीं मॉडर्न थीम पर आधारित झांकियां लोगों को आकर्षित कर रही हैं। हर पंडाल में प्रतिदिन सुबह-शाम भव्य आरती का आयोजन हो रहा है, जिसमें सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु हिस्सा ले रहे हैं। पूजा पंडालों में गणेश भजनों की मधुर धुन वातावरण को भक्तिमय बना रही है। रात के समय विभिन्न स्थानों पर कलाकारों द्वारा प्रस्तुत की जा रही सजीव झांकियां विशेष आकर्षण का केंद्र बनी हुई हैं। रामायण, महाभारत और श्रीकृष्ण लीलाओं पर आधारित इन झांकियों को देखकर दर्शक मंत्रमुग्ध हो रहे हैं।

# खबर का असर: बरोठा-बस्तीयपुरवा मार्ग पर काम शुरू, ग्रामीण बोले- बोरी बांधने से नहीं रुकेगी कटान

**निघासन (खीरी), समृद्धि न्यूज़।**



बरसों से ग्रामीणों की परेशानी का सबब बने बरोठा-बस्तीयपुरवा संपर्क मार्ग की सुध आखिरकार विभाग ने ले ली है। खबर के असर के बाद कट चुके हिस्से को बोरियों से बांधकर अस्थायी रूप से रास्ता सुरक्षित करने की कोशिश की गई है। लेकिन सड़क से जुड़े ग्रामीणों का कहना है कि यह उपाय केवल खानापूर्ति है, स्थायी समाधान के बिना यह खतरा दोबारा सामने आएगा। बरसात के मौसम में यह मार्ग मौत का जाल बन चुका था, जहां हर रोज स्कूली वैन, बसें और बाइक सवार दुर्घटना के डर में गुजरते थे।

**ग्रामीणों की मांग- स्थायी समाधान के बिना खतरा बरकरार:** ग्रामीणों का कहना है कि इस संपर्क मार्ग से रोजाना बच्चे, महिलाएं और बुजुर्ग सफर करते हैं। स्कूल वैन और बसें भी इसी रास्ते से गुजरती हैं। बरसात के मौसम में सड़क का यह हिस्सा और भी खतरनाक हो जाता है। उनका कहना है कि जब तक सड़क किनारे पक्की दीवार और मजबूत सुरक्षा व्यवस्था नहीं की जाएगी, तब तक कोई बड़ी दुर्घटना कभी भी हो सकती है।



ग्रामीण अमर प्रकाश शुक्ला का कहना है कि अगर सड़क किनारे मजबूत पक्की दीवार नहीं बनाई गई तो बोरी से बांधा गया हिस्सा टिक नहीं पाएगा। उनका कहना है, कटान की समस्या तब तक खत्म नहीं होगी, जब तक मजबूत सपोर्ट नहीं लगाया जाएगा। बरसात का पानी बढ़ा तो हालात और बिगड़ेंगे।



वहीं अरविंद शुक्ला का आरोप है कि विभाग का यह कदम खानापूर्ति है। उन्होंने कहा, बोरी लगाकर फोटो खींचने से समस्या नहीं सुलझेगी। पक्के किनारे और तकनीकी समाधान की जरूरत है। वरना सड़क दोबारा कट जाएगी।



ग्रामीण राजू पांडेय उर्फ़ धीरेंद्र पांडेय ने विभागीय अफसरों पर लापरवाही का आरोप लगाया। उन्होंने बताया कि मिट्टी पटाने के दौरान पुलिया के पास जेसीबी से खुदाई कर दी गई, जिससे यह हिस्सा कमजोर होकर कटने लगा। उन्होंने कहा, अगर दूर से मिट्टी लाकर सही तरीके से डाली जाती तो शायद यह हालात न होते।

# बजाज चीनी मिलों के खिलाफ एफआईआर दर्ज

- राष्ट्रीय किसान शक्ति संगठन ने मालिक कुशाग्र बजाज को नामजद करने की मांग उठाई, एफआईआर के बावजूद गिरफ्तारी और चार्जशीट पर संशय

गोला गोकर्णनाथ, (लखीमपुर)। जनपद लखीमपुर खीरी स्थित बजाज हिन्दुस्थान शुगर लिमिटेड की चीनी मिलों – गोला गोकर्णनाथ, खम्भारखेड़ा और पलिया कला – द्वारा पेराई सत्र 2024-25 में किसानों से खरीदे गए गन्ने का भुगतान न करने के मामले में 29 अगस्त 2025 को संबंधित थानों में एफआईआर दर्ज की गई है। यह कार्रवाई प्रमुख सचिव गन्ना एवं चीनी विकास बीनाकुमारी मीणा के निर्देश पर तत्कालीन गन्ना आयुक्त प्रमोद कुमार उपाध्याय द्वारा 9 मई 2025 को जारी वसूली प्रमाण पत्र के बाद हुई। एफआईआर को लेकर राष्ट्रीय किसान शक्ति संगठन ने इसे स्वागत योग्य बताया है, परन्तु साथ ही गंभीर सवाल भी खड़े किए हैं। राष्ट्रीय किसान शक्ति संगठन के प्रदेश अध्यक्ष पटेल श्रीकृष्ण वर्मा ने वर्तमान गन्ना आयुक्त मिनिस्ती एस. को पंजीकृत डाक द्वारा ज्ञापन भेजते हुए इस बात पर आपत्ति जताई है कि एफआईआर में बजाज ग्रुप के मालिक कुशाग्र बजाज का नाम नहीं शामिल किया गया है। ज्ञापन में मांग की गई है कि कुशाग्र बजाज को भी एफआईआर में नामजद कर उनके विरुद्ध चार्जशीट दाखिल कर गिरफ्तारी सुनिश्चित की जाए। ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया है कि गन्ना भुगतान में लापरवाही के चलते पूर्व में भी बजाज ग्रुप के खिलाफ कई मुकदमे दर्ज हो चुके हैं। दिनांक 16 जून 2008, 10 अप्रैल 2016 और 7 दिसम्बर 2021 को विभिन्न धाराओं में एफआईआर दर्ज की गई थीं, जिनमें कुशाग्र बजाज भी नामजद थे। लेकिन इन मामलों में अंतिम रिपोर्ट लगाकर मुकदमे रफा-दफा कर दिए गए, जिससे किसानों को न्याय नहीं मिल सका। ज्ञापन में गोला गोकर्णनाथ की सहकारी गन्ना विकास समिति के सचिव बलवंत चौधरी पर भी गंभीर आरोप लगाए गए हैं। आरोप है कि कई बीमार किसानों ने गन्ना भुगतान की मांग को लेकर दिनांक 01-01-2025, 11-01-2025 और 04-07-2025 को अपने प्रार्थना पत्र सचिव को सौंपे, लेकिन उन्होंने किसानों को अपमानित करते हुए कहा– गन्ना क्यों लगाते हो? आलू, सब्जी या धान-गेहूं लगाओ। हम भुगतान के ठेकेदार नहीं हैं। इतना ही नहीं, किसानों के प्रार्थना पत्र जमीन पर फेंक दिए गए, जिसका सीसीटीवी फुटेज में रिकॉर्ड होना भी बताया गया है। ज्ञापन में गन्ना विभाग के अधिकारियों पर भी मिलीभगत और दोहरी नीति अपनाने का आरोप लगाया गया है। किसानों का कहना है कि गन्ना विभाग और बजाज मिलों के अधिकारियों के बीच मिलीभगत के चलते किसानों को लगातार गुमराह किया जा रहा है। इससे स्पष्ट होता है कि एफआईआर दर्ज होने के बावजूद चार्जशीट और गिरफ्तारी की संभावनाएं नगण्य हैं। ज्ञापन में बताया गया है कि किसानों द्वारा भेजे गए प्रार्थना पत्रों को एक माह से अधिक समय बीत चुका है, परंतु अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। इससे किसानों में गहरा रोष है और गन्ना भुगतान मिलने की उम्मीद टूटती नजर आ रही है।

## गणपति बप्पा मोरया!

**बजाज एनर्जी उतरौला में गणपति उत्सव का धूमधाम से समापन, विसर्जन एवं विशाल भंडारे के साथ**



श्रीदत्तगंज, बलरामपुर। बजाज एनर्जी उतरौला में स्थापित गणपति उत्सव का कल धूमधाम से समापन हुआ। शुगर एवं पावर डिवीजन के सभी अधिकारी, कर्मचारी तथा उनके परिजनों ने पूरे उत्साह और श्रद्धा के साथ इसमें भाग लिया। कॉलोनी परिसर में स्थापित भगवान गणेश की प्रतिमा का विधिवत विसर्जन किया गया। इस अवसर पर यूनिट हेड (एनर्जी) श्री समीर सावंत एवं यूनिट हेड (शुगर) श्री राकेश यादव ने सभी भक्तजनों को गणेश महोत्सव की हार्दिक शुभकामनाएँ प्रेषित कीं। समापन अवसर पर एक विशाल भंडारे का भी आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ लिया।

## गणपति बप्पा मोरया अगले वर्ष तू जल्दी आना के जयकारों से गूंजा सादुल्लानगर

**सादुल्लानगर/बलरामपुर, समृद्धि न्यूज़।**



देवा हो देवा गणपति देवा तुमसे बढ़कर कौन, मन मंदिर में गणपति बसा लो, घर में पधारों गजाननजी जैसे भक्ति गीतों से मंगलवार को पूरा सादुल्लानगर क्षेत्र गूंजायमान रहा। श्री हनुमानगढ़ी मंदिर सहित नगर के विभिन्न गणेश पंडालों में स्थापित श्री गणपति प्रतिमाओं का धूमधाम से विसर्जन किया गया। नगर के श्रद्धालु एवं महिलाएं भारी संख्या में जुलूस में शामिल हुए। भक्तों ने गणपति बप्पा मोरयाज अगले वर्ष तू जल्दी आना के जयकारों के साथ ढोल-नगाड़ों की धुन पर नाचते-गाते हुए गणेश प्रतिमाओं को कुशमौरा घाट ले जाकर विधि-विधान से विसर्जन किया। इस अवसर पर भक्ति और उत्साह का अनोखा संगम देखने को मिला। विसर्जन यात्रा में जगह-जगह श्रद्धालुओं को प्रसाद व शीतल पेय वितरित किया गया। पूरा नगर गणपति बप्पा की भक्ति में सराबोर रहा।

# मोहम्मद साहब की यौमे पैदाइश पर मुस्लिम समाज में उत्साह, जुलूस-ए-मोहम्मदी की तैयारियां तेज़

**उतरौला(बलरामपुर), समृद्धि न्यूज़।**



अरबी माह रबीउल अव्वल की 12 तारीख़, यानी 5 सितम्बर 2025 को इस्लाम के अंतिम पैगम्बर और इंसानियत के रहबर, पैगम्बर मोहम्मद सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम की यौमे पैदाइश पूरे अकीदत और मोहब्बत के साथ मनाई जाएगी। इस पवित्र अवसर को लेकर मुस्लिम समाज में उत्साह और खुशी का माहौल है।

जगह-जगह घरों और मोहल्लों में सजावट का काम शुरू हो चुका है। गली-कूचों में झंडे, झालरें और फूलों से रौनक बढ़ा दी गई है। मस्जिदों को रोशनी और हरियाली से सजाया जा रहा है। कई घरों में बिजली की रंग-बिरंगी झालरों से सजावट की जा रही है जिससे रात के वक्त पूरा माहौल जगमगाने लगेगा। रबीउल अव्वल की पहली तारीख से ही मिलाद शरीफ़ और महफ़िलों का आयोजन लगातार किया जा रहा है। घर-घर में कुरआन की तिलावत, नात-ख्वानी और दुआओं का सिलसिला जारी है। लोग अपने घरों में रिश्तेदारों और मोहल्ले के बच्चों को बुलाकर मिठाइयाँ बाँट रहे हैं और हुज़ूर की यौमे पैदाइश की खुशी का इज़हार कर रहे हैं। इस बार भी जुलूस-ए-मोहम्मदी की तैयारियाँ ज़ोरों पर हैं। मोहल्लों में समितियाँ बनाकर रूट और इंतज़ाम तय किए जा रहे हैं। नौजवानों और बच्चों में विशेष उत्साह देखा जा रहा है। छोटे-छोटे बच्चे भी झंडे और बैनर लेकर जुलूस की तैयारियों में शामिल हो रहे हैं। लोगों का कहना है कि पैगम्बर मोहम्मद सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम की यौमे पैदाइश सिर्फ एक खुशी का दिन नहीं बल्कि इंसानियत के लिए रहमत का दिन है। इसी दिन वह हस्ती दुनिया में आई जिन्होंने अंधकार में डूबे समाज को रोशनी दिखाई और अमन, इंसाफ़ तथा मोहब्बत का पैग़ाम दिया। इस मौके पर जगह-जगह दरूद-ओ-सलाम की महफ़िलें होंगी, बच्चों के बीच इनाम बाँटे जाएँगे और गरीबों के बीच भोजन व मिठाई का वितरण किया जाएगा।

# एक जनपद एक उत्पाद कार्यक्रम के अन्तर्गत निशुल्क प्रशिक्षण करें प्राप्त

- प्रशिक्षण प्राप्त करने पर प्रदान किया जाएगा टूल किट एवं मानदेय

बलरामपुर। उपायुक्त उद्योग (जिला उद्योग प्रोत्साहन एवं उद्यमिता विकास केन्द्र बलरामपुर) एचपी मौर्य द्वारा बताया गया है कि उप्र सरकार द्वारा एक जनपद एक उत्पाद कार्यक्रम के अन्तर्गत प्रशिक्षण प्रदान किये जाने हेतु योजना के तहत जनपद का उत्पाद खाद्य प्रसंस्करण (दाल) प्रोडक्ट के रूप में चयनित किया गया है। उत्पाद से सम्बन्धित सामान्य तकनीकि प्रशिक्षण, काफ्ट की बेसिक एवं एडवांस ट्रेनिंग एवं उद्यमिता विकास प्रशिक्षण निदेशालय द्वारा चयनित संस्था के माध्यम से प्रदान किया जायेगा। उक्त योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 में जनपद हेतु वार्षिक लक्ष्य-200 प्राप्त हुआ है। जिसके अन्तर्गत कुल 200 चयनित प्रशिक्षार्थियों को निशुल्क 10 दिवसीय प्रशिक्षण प्रदान किया जायेगा एवं प्रशिक्षण उपरान्त ट्रेड से सम्बंधित, आधुनिकतम तकनीकी पर आधारित उन्नत किस्म की टूल किट वितरित की जाएगी एवं प्रत्यक्ष लाम अन्तरण (डीबीटी) के माध्यम से प्रति प्रशिक्षार्थी को रु. 2000/- का मानदेय दिया जायेगा। उक्त योजनान्तर्गत प्रशिक्षार्थी की पात्रता व शर्ते निम्नवत है-

(1)- आवेदन करने की तिथि को प्रशिक्षार्थी की आयु न्यूनतम 18 वर्ष होनी चाहिए । (2)- प्रशिक्षार्थी को उत्तर प्रदेश का मूल निवासी होना चाहिए। (3) शैक्षिक योग्यता की कोई बाध्यता नहीं होगी । (4)-आवेदक द्वारा भारत अथवा प्रदेश सरकार की अन्य किसी योजनान्तर्गत उत्पाद से सम्बंधित टूलकिट का लाभ विगत 02 वर्षों में प्राप्त नहीं किया गया हो । (5)-आवेदक अथवा उसके परिवार के किसी सदस्य को योजनान्तर्गत केवल एक बार ही लाभान्वित किया जाएगा।

उक्त योजना का लाभ लेने हेतु इच्छुक अभ्यर्थियों द्वारा विभाग के RL https://msme.up.gov.in पर आनलाइन आवेदन किया जा सकता है। उक्त योजनान्तर्गत दिनांक-18.07.2025 को आयोजित साक्षात्कार में जो आवेदक उपस्थित नहीं हो पाये है वे एवं अन्य नये आवेदकों / अभ्यर्थियों के चयन हेतु साक्षात्कार की तिथि दिनांक-03.09.2025 को समय पूर्वान्ह 11:00 बजे से अपरान्ह 2:00 बजे के मध्य व स्थान-कार्यालय जिला उद्योग प्रोत्साहन एवं उद्यमिता विकास केन्द्र, उतरौला रोड, धर्मपुर, बलरामपुर में निर्धारित किया गया है। इच्छुक अभ्यर्थी सम्बन्धित योजना का लाभ के लिए साक्षात्कार की तिथि पर उपस्थित हों।

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपने पुत्र आसिफ व उसकी पत्नी राबिया बानो को गलत चाल-चलन व कहना न मानने के कारण अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। अब उनके द्वारा किये गये किसी भी कार्य व लेन-देन से मेरा व मेरे परिवार का कोई वास्ता व सरोकार नहीं होगा।

सूचनाकर्ता
मो. ताहिर पुत्र बब्बू
निवासी- रामपुर, भवानीपुर, थाना-सफदरगंज, जिला-बाराबंकी।

# तीन विश्वविद्यालयों में 948 नए पदों को सरकार ने दी मंजूरी

## सरकार ने उच्च शिक्षा के क्षेत्र में उठाया बड़ा कदम, 468 अस्थायी शिक्षणेतर और 480 आउटसोर्सिंग पदों पर होगी भर्ती

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** योगी आदित्यनाथ सरकार ने उच्च शिक्षा के क्षेत्र में बड़ा कदम उठाया है। उत्तर प्रदेश के तीन नवगठित विश्वविद्यालयों गुरु जम्भेश्वर विश्वविद्यालय मुरादाबाद, मां विंध्यवासिनी विश्वविद्यालय मिर्जापुर और मां पाटेश्वरी विश्वविद्यालय बलरामपुर में 948 नए पदों के सृजन को मंजूरी दी है। 468 अस्थायी शिक्षणेतर पद और 480 आउटसोर्सिंग पद शामिल हैं।

सरकार का मानना है कि इन पदों के सृजन से विश्वविद्यालयों की प्रशासनिक और कार्यात्मक व्यवस्था अधिक सुदृढ़ होगी। शैक्षिक गुणवत्ता में वृद्धि होगी और प्रदेश के युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर उपलब्ध होंगे।उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के दूरदर्शी नेतृत्व में उत्तर प्रदेश उच्च शिक्षा के क्षेत्र में नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। यह निर्णय विश्वविद्यालयों को मजबूत बनाने के साथ-साथ प्रदेश को शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी राज्य बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बार-बार स्पष्ट किया है कि प्रदेश के युवाओं को गुणवत्तापरक शिक्षा और रोजगार दोनों उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकता है। विश्वविद्यालयों में नए पदों का सृजन इसी दिशा में एक ठोस कदम है, जो उच्च शिक्षा को सशक्त और युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने में मदद करेगा।

प्रत्येक विश्वविद्यालय में 156 अस्थायी शिक्षणेतर पद सृजित किए गए हैं, जो 28 फरवरी 2026 तक प्रभावी रहेंगे और आवश्यकतानुसार समाप्त भी किए जा सकते हैं। इन पदों में फार्मासिस्ट, इलेक्ट्रिशियन, अवर अभियंता, आशुलिपिक, सहायक लेखाकार, कनिष्ठ सहायक, लैब टेक्नीशियन, लैब असिस्टेंट, उप कुलसचिव, सहायक कुलसचिव, वैयक्तिक सहायक, लेखाकार, प्रधान सहायक, चिकित्साधिकारी और स्टाफ नर्स जैसे पद शामिल हैं। इन पदों की भर्ती अधीनस्थ सेवा चयन आयोग, सीधी भर्ती, पदोन्नति और प्रतिनियुक्ति की प्रक्रिया से की जाएगी। प्रत्येक विश्वविद्यालय में 160 पद वाह्य सेवा प्रदाता आउटसोर्सिंग से पूरे किए जाएंगे, जिससे 480 पद बनते हैं। इनमें कम्प्यूटर ऑपरेटर, स्वच्छकार, चौकीदार, माली, चपरासी, वाहन चालक और पुस्तकालय परिचर जैसे पद शामिल हैं।

# संजय कुमार चतुर्वेदी बने अखिल भारतीय समाचार पत्र एसोसिएशन (एबीएसपीए) के प्रदेश अध्यक्ष

**राकेश शुक्ला, विवेक वर्मा उपाध्यक्ष, कमल कुमार श्रीवास्तव महामंत्री, दिलीप कुमार पाण्डेय बने कोषाध्यक्ष**



समृद्धि न्यूज

लखनऊ। अखिल भारतीय समाचार पत्र एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश चंद्र शुक्ला ने लखनऊ स्थित प्रदेश कार्यालय में संगठन की यूपी इकाई की घोषणा करते हुए उत्तर प्रदेश राज्य मुख्यालय से मान्यता प्राप्त वरिष्ठ पत्रकार संजय कुमार चतुर्वेदी को उत्तर प्रदेश का प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया।

मेरा पूर्ण विश्वास है कि विगत 34 वर्षों से राजधानी लखनऊ की पत्रकारिता में अपना सक्रिय योगदान दे रहे संजय कुमार चतुर्वेदी संगठन को विस्तार, अधिक सशक्त व नव स्वरूप प्रदान करेंगे। नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष संजय ने कहा कि हमारी नवगठित कार्यकारिणी राज्य में संगठन के विस्तार और और पत्रकारों की समस्याओं और उनके निराकरण में अपनी सक्रिय भागीदारी निभाएगी। राष्ट्रीय अध्यक्ष द्वारा अनुमोदित प्रदेश की नवगठित कार्यकारिणी का भी गठन कर दिया गया है जिसमे राकेश शुक्ला, विवेक वर्मा उपाध्यक्ष, कमल कुमार श्रीवास्तव महामंत्री, दिलीप कुमार पाण्डेय कोषाध्यक्ष, दीपक अवस्थी मंत्री, अतुल कुमार सिंह, गौरव छाबड़ा संयुक्त मंत्री, संजय सोनकर संगठन मंत्री, गिरीश तिवारी विधि सलाहकार और आशीष कुमार शर्मा, अंकित मिश्रा, मनीष अग्निहोत्री, पवन कुमार दीक्षित, संत कुमार मिश्रा को कार्यकारिणी सदस्य नियुक्त किया गया है।

## खबरें एक नजर में

### शाहजहांपुर में होगी स्वामी शुकदेवानंद विवि की स्थापना

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** योगी आदित्यनाथ कैबिनेट ने शाहजहांपुर में स्वामी शुकदेवानंद विश्वविद्यालय की स्थापना के प्रस्ताव को मंजूर किया है। मुमुक्ष आश्रम ट्रस्ट की शैक्षणिक इकाइयों को उच्चीकृत किया जाएगा।वर्तमान में ट्रस्ट के अंतर्गत 5 संस्थान संचालित हैं–स्वामी शुकदेवानंद कॉलेज, स्वामी शुकदेवानंद विधि महाविद्यालय, श्री दैवी सम्पद ब्रह्मचर्य संस्कृत महाविद्यालय, श्री धर्मानन्द सरस्वती इंटर कॉलेज और श्री शंकर मुमुक्ष विद्यापीठ।विश्वविद्यालय बनने के बाद इनका संचालन विश्वविद्यालय करेगा। डीएम शाहजहांपुर की रिपोर्ट के अनुसार ट्रस्ट के पास 21.01 एकड़ भूमि है, जिसमें लगभग 20 एकड़ जमीन विश्वविद्यालय को मिलेगी।पहले चरण में उच्च शिक्षा विभाग और मुमुक्ष आश्रम ट्रस्ट के बीच एमओयू होगा। उत्तर प्रदेश राज्य विश्वविद्यालय अधिनियम 1973 के तहत औपचारिक कार्यवाही पूरी की जाएगी।

### निर्यात प्रोत्साहन नीति 2025-30 मंजूर

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेश को वैश्विक स्तर पर निर्यात हब बनाने की दिशा में योगी कैबिनेट ने निर्यात प्रोत्साहन नीति 2025–30 को मंजूरी दे दी है। नई नीति में 2020–25 की निर्यात नीति में सुधार करते हुए डिजिटल तकनीकी, अवसंरचना विकास, वित्तीय सहायता, निर्यात ऋण और बीमा, बाजार विस्तार, प्रशिक्षण एवं क्षमता निर्माण पर विशेष बल दिया गया है। नीति का लक्ष्य वर्ष 2030 तक पंजीकृत निर्यातकों की संख्या में 50 प्रतिशत वृद्धि करना और सभी जनपदों को निर्यात गतिविधियों से जोड़कर क्षेत्रीय संतुलन सुनिश्चित करना है। सरकार का मानना है कि इससे प्रदेश का निर्यात न केवल गुणात्मक रूप से बढ़ेगा बल्कि उत्तर प्रदेश को एक सशक्त ग्लोबल एक्सपोर्ट हब के रूप में स्थापित करने में मदद मिलेगी।

### निर्यात प्रोत्साहन नीति 2025-30 मंजूर

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेश को वैश्विक स्तर पर निर्यात हब बनाने की दिशा में योगी कैबिनेट ने निर्यात प्रोत्साहन नीति 2025–30 को मंजूरी दे दी है। नई नीति में 2020–25 की निर्यात नीति में सुधार करते हुए डिजिटल तकनीकी, अवसंरचना विकास, वित्तीय सहायता, निर्यात ऋण और बीमा, बाजार विस्तार, प्रशिक्षण एवं क्षमता निर्माण पर विशेष बल दिया गया है। नीति का लक्ष्य वर्ष 2030 तक पंजीकृत निर्यातकों की संख्या में 50 प्रतिशत वृद्धि करना और सभी जनपदों को निर्यात गतिविधियों से जोड़कर क्षेत्रीय संतुलन सुनिश्चित करना है। सरकार का मानना है कि इससे प्रदेश का निर्यात न केवल गुणात्मक रूप से बढ़ेगा बल्कि उत्तर प्रदेश को एक सशक्त ग्लोबल एक्सपोर्ट हब के रूप में स्थापित करने में मदद मिलेगी।

### लकड़ी के गोदाम में मजदूर की हत्या, पैसे मांगने पर किया वार

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** सुशांत गोल्फसिटी थाना क्षेत्र में एक मजदूर की पीट–पीटकर हत्या कर दी गई। पीड़ित परिवार का आरोप है कि तहरीर देने के बावजूद पुलिस ने मुकदमा दर्ज नहीं किया। निराश होकर परिजनों ने 1076 पर शिकायत की। वहीं, मंगलवार को घटना का सीसीटीवी फुटेज सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद डीसीपी साउथ ने मामले को संज्ञान में लिया और तत्काल रिपोर्ट दर्ज करने का आदेश दिया। इसके बाद पुलिस ने कार्रवाई शुरू की। सीतापुर जनपद के कुशमा गांव निवासी अमित कुमार शर्मा (31) पत्नी मनोरमा, आठ वर्षीय बेटी रिया और छोटे बेटे शशांक के साथ सुशांत गोल्फसिटी स्थित एएस टिंबर स्टोर में बीते छह साल से मजदूरी करता था। रविवार को इसी स्टोर में काम करने वाले युवक विकेश कुमार ने अमित से पैसा मांगा। अमित के मना करने पर विकेश ने जान से मारने की नीयत से स्टोर में रखे पटरे से उसके सिर पर ताबड़तोड़ वार कर दिए। गंभीर रूप से घायल अमित को राम मनोहर लोहिया अस्पताल ले जाया गया, जहां से उसे ट्रॉमा सेंटर रेफर किया गया। इलाज के दौरान अमित की मौत हो गई। मारपीट के दौरान स्टोर में मौजूद दो अन्य युवक भी घटना के गवाह बने। पूरी वारदात स्टोर में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई, जिसका फुटेज वायरल हो चुका है।

### राष्ट्रीय लोकदल के विभिन्न प्रकोष्ठों के सहप्रभारी नियुक्त

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राष्ट्रीय लोकदल के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. रामाशीष राय ने विभिन्न प्रकोष्ठों में सहप्रभारियों की नियुक्ति की है। इन नियुक्तियों से पार्टी संगठन को और मजबूती, गति और नई दिशा मिलेगी। पार्टी का लक्ष्य हर वर्ग, हर क्षेत्र और हर मुद्दे तक संगठन को पहुँचाना है। नवनियुक्त सहप्रभारी प्रकोष्ठ क्रमश:ओडी त्यागी गाजियाबाद किसान प्रकोष्ठ वीरपाल दिवाकर अलीगढ़ सामाजिक न्याय प्रकोष्ठ अशोक निरंजन झांसी खेल प्रकोष्ठ सुनील चरोरा बुलंदशहर पंचायती राज प्रकोष्ठ मुकेश सैनी शामली युवा प्रकोष्ठ उमाशंकर वाजपेयी सीतापुर प्रोफेशनल मंच कुँवर अयूब हसन सहारनपुर अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ जितेन्द्र राय गाजीपुर श्रम प्रकोष्ठ डा.रूपेश चौधरी आगरा पूर्व सैनिक प्रकोष्ठ महिपाल पटेल बस्ती छात्रसभा सिंहासन प्रसाद गुप्ता कुशीनगर व्यापार प्रकोष्ठ मुन्ना लाल दिनकर बांदा एससी एसटी प्रकोष्ठ सुजाता चौधरी मथुरा महिला प्रकोष्ठ और अशोक सिंह बस्ती सहकारिता प्रकोष्ठ होंगे। प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राय ने विश्वास व्यक्त किया कि नवनियुक्त सहप्रभारी अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करते हुए संगठन को मजबूती प्रदान करेंगे और राष्ट्रीय लोकदल की जनसेवी नीतियों को आगे बढ़ाएँगे।

### तालाब की रखवाली कर रहे युवक की मौत, हत्या का आरोप

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** दुबग्गा थाना क्षेत्र के ग्राम दसहरी में एक युवक की मौत का मामला सामने आया है। मंगलवार सुबह तालाब किनारे बनी झोपड़ी में 24 वर्षीय दीपक रावत का शव तख्त पर पड़ा मिला। दीपक अपने बड़े भाई सरवन के साथ तालाब में मछली पालन का काम करता था। सोमवार रात दीपक तालाब की झोपड़ी में रखवाली कर रहा था। सुबह जब वह देर तक घर नहीं लौटा, तो उसके भाई सुरेंद्र उसे देखने गए। वहां उन्हें दीपक का शव मिला। शव पर कोई स्पष्ट चोट के निशान नहीं मिले हैं। परिजनों ने गांव के एक युवक पर हत्या का आरोप लगाया है।

**दलहन-तिलहन के नि:शुल्क बीज मिनीकिट के लिए 25 सितंबर तक आवेदन करें किसान**

# किसानों को नि:शुल्क बीज मिनीकिट दे रही योगी सरकार

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ ।** योगी सरकार ने अन्नदाता किसानों के हित में इस वर्ष भी बड़ा निर्णय लिया है। योगी सरकार रबी 2025-26 के लिए नि:शुल्क दलहनी-तिलहनी बीज मिनीकिट वितरित करेगी। इसका लाभ प्राप्त करने के लिए किसानों को ऑनलाइन आवेदन करना होगा।

किसान 25 सितंबर तक बुकिंग व आवेदन कर सकेंगे। लाभार्थियों का चयन जिलाधिकारी की अध्यक्षता में गठित जिला स्तरीय समिति के माध्यम से होगा। योगी सरकार द्वारा वित्तपोषित नि:शुल्क दलहन बीज मिनीकिट वितरण व प्रसार कार्यक्रम के अंतर्गत



किसानों को रबी 2025-26 में दलहनी फसलें चना 16 किग्रा मटर 20 किग्रा व मसूर 8 किग्रा के बीज मिनीकिट नि:शुल्क उपलब्ध कराए जाएंगे। वहीं तिलहन फसल के अंतर्गत सरसों 2 किग्रा का बीज मिनीकिट भी दिया जाएगा।

कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने बताया कि इन मिनीकिट के लाभार्थियों का चयन लॉटरी पद्धति से जिलाधिकारी की अध्यक्षता में गठित जिला स्तरीय समिति के माध्यम से पारदर्शी ढंग से किया जाएगा। जो भी किसान इस योजना का लाभ उठाना चाहते हैं, कृषि दर्शन-2 पोर्टल पर ऑनलाइन बुकिंग-आवेदन करना होगा। आवेदन 25 सितंबर तक स्वीकार किए जाएंगे। कृषि विभाग में पंजीकृत किसान ही मिनीकिट के लिए आवेदन व बुकिंग कर सकेंगे। एक किसान केवल एक ही मिनीकिट प्राप्त कर सकेगा।

## पर्यटन मंत्री ने की दीपोत्सव एवं देव दीपावली की तैयारियों की समीक्षा

**लखनऊ।** पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने आगामी दीपोत्सव एवं देव दीपावली को आकर्षक एवं भव्य आयोजन के लिए पर्यटन निदेशालय के अधिकारियों के साथ समीक्षा की तथा प्रस्तुतिकरण का अवलोकन किया।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी दीपोत्सव एवं देव दीपावली के आयोजन में संस्कृति एवं पर्यटन



विभाग की भूमिका खास होनी चाहिए। जयवीर सिंह ने कार्यक्रम के संबंध में विस्तार से समीक्षा की तथा पर्व की महत्ता को देखते हुए किसी प्रकार की कमी न रहे, यह अधिकारियों को सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस बैठक में प्रमुख सचिव पर्यटन एवं संस्कृति तथा धर्मार्थ कार्य मुकेश मेश्राम, विशेष सचिव संस्कृति संजय कुमार सिंह, विशेष सचिव पर्यटन ईशा प्रिया, पर्यटन सलाहकार जेपी सिंह के अलावा प्रीती श्रीवास्तव, अंजू चौधरी आदि उपस्थित थे।

## तीन साल बाद कहां जाएंगे आउटसोर्सिंग कर्मी : मोर्चा

**लखनऊ ।** कर्मचारी शिक्षक संयुक्त मोर्चा उ.प्र. ने राज्य सरकार के फैसले से आउटसोर्स कर्मचारियों को मात्र 3 वर्ष सेवा करने एवं माह में 26 दिन कार्य करने तथा ऐसे कर्मियों को नियमित नियुक्ति चयन में वरीयता न देने की व्यवस्था न करने पर नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि प्रदेश के लाखों आउटसोर्स कर्मचारियो का भविष्य अंधकार हो जायेगा। मोर्चे ने सरकार से इस मामले में संवेदनशीलता के साथ पुर्नविचार किए जाने की मांग सरकार से की है। संयुक्त मोर्चा के अध्यक्ष वी पी मिश्रा व महासचिव शशि कुमार मिश्र, संयोजक सतीश पान्डे ने सरकार के निर्णय पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा है कि उनकी मांग है की आउटसोर्स कर्मचारी को पदभार न्यूनतम वेतन भत्ते दिए जाएं उनके सेवा सुरक्षा एवं अन्य सभी सरकारी सुविधाएं दी जाएं।

# रिश्वत लेने में महोबा के जिला आबकारी अधिकारी निलंबित

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** भ्रष्टाचार के खिलाफ जीरो टॉलरेंस नीति के तहत सख्त कदम उठाते हुए आबकारी मंत्री नितिन अग्रवाल ने महोबा जनपद के जिला आबकारी अधिकारी राजेंद्र प्रसाद वर्मा को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। जनपद महोबा में तैनात राजेंद्र प्रसाद वर्मा, जिला आबकारी अधिकारी द्वारा रिश्वत लिए जाने से संबंधित वीडियो दिनांक 26/08/2025 को सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था, जिसका संज्ञान लेते हुए आबकारी मंत्री नितिन अग्रवाल द्वारा जिलाधिकारी महोबा द्वारा जांच कराई गई।

जांच में जिला आबकारी अधिकारी, महोबा प्रथमदृष्टया दोषी पाए गए। उक्त क्रम में आबकारी मंत्री ने राजेंद्र प्रसाद वर्मा के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई करते हुए निलंबित कर दिया है।

आबकारी मंत्री नितिन अग्रवाल ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश सरकार जीरो टॉलरेंस नीति के तहत कार्य कर रही है। योगी सरकार भ्रष्टाचार के खिलाफ कठोर कार्रवाई करने के लिए प्रतिबद्ध है। भ्रष्टाचारियों के लिए प्रदेश में कोई जगह नहीं है। जो भी भ्रष्टाचार करते हुए पाया जाएगा उसे सख्त से सख्त सजा दी जाएगी।

## डायरिया से तीसरी मौत महिला ने तोड़ा दम

**लखनऊ ।** राजधानी में जानकीपुरम विस्तार इलाके में डायरिया से एक और संक्रमित की मौत हो गई। जानकीपुरम विस्तार के सेक्टर-7 में डायरिया से एक और जान चली गई। यहां की रहने वाली 56 साल की हमीदा का 19 अगस्त से बलरामपुर हॉस्पिटल में इलाज चल रहा था। इससे पहले इसी सेक्टर के राजेश कौशल और 12 साल की सरिता की मौत भी इसी अस्पताल में इलाज के दौरान हो गई थी। हालांकि, डेथ ऑडिट रिपोर्ट में दोनों की मौत के कारण डायरिया न बताकर सेप्टीसीमिया बताया गया था। बलरामपुर अस्पताल के निदेशक ने बताया कि 55 साल की महिला को डायरिया के लक्षण के चलते अस्पताल में 19 अगस्त की दोपहर करीब साढ़े 12 बजे भर्ती किया गया था। तब से ही उसका यहां इलाज चल रहा था।

# 11वें गणेश उत्सव का भव्य आयोजन, लगा भंडारा

समृद्धि न्यूज





**लखनऊ।** जानकी विहार कॉलोनी के निवासी अखिलेश मिश्रा एसएचओ बाराबंकी, एवम् अंकित मिश्रा द्वारा गणेश उत्सव का भव्य आयोजन किया जा रहा है, जिसमें पूरे क्षेत्र के निवासियों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया और आयोजन को सफल बनाया।

इसके साथ अखिलेश मिश्रा एसएचओ बाराबंकी द्वारा मीडिया कर्मियों को बताया गया, ये इस वर्ष का 11वां गणपति आयोजन किया जा रहा है, साथ ही हमारा प्रयास है कि इस आयोजन को हर वर्ष और बड़े पैमाने पर प्रस्तुत किया जाए, इसके साथ ही अखिलेश मिश्रा तथा अंकित मिश्रा एवम् उनके परिवार द्वारा विशाल भंडारे का आयोजन भी किया गया, जिसमें क्षेत्र की जनता तथा आस पास के सभी लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया,

जैसा कि देखा गया अखिलेश मिश्रा द्वारा पिछले कई सालों से गणपति जी की स्थापना कराई जाती है, जो कि एक बहुत अच्छी पहल है, जिससे आस पास के वातावरण में खुश नुमा मोहाल एवं सकारात्मक ऊर्जा का माहौल बनता है, अखिलेश मिश्रा एवं अंकित मिश्रा ने इस आयोजन को लेकर अपना पूरा योगदान दिया, जिसमें धनेश अग्रवाल, राकेश प्रसाद मिश्रा, उमेश चंद्र मिश्रा, अंकित मिश्रा, आदि भक्त जनों ने सहयोग किया।

# नेट कॉस्ट कॉन्ट्रैक्ट मॉडल पर संचालित होंगी ई-बसें

**प्रत्येक रूट पर कम से कम 10 बसें होंगी जरूरी**

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ ।** नगरीय परिवहन को आधुनिक और व्यवस्थित बनाने की दिशा में उत्तर प्रदेश सरकार ने बड़ा कदम उठाया है। योगी कैबिनेट ने लखनऊ, कानपुर नगर तथा उसके समीपवर्ती महत्वपूर्ण कस्बों में ई-बसों को नेट कॉस्ट कॉन्ट्रैक्ट एनसीसी मॉडल पर संचालित करने का निर्णय लिया है।

नगर विकास मंत्री एके शर्मा ने बताया कि अभी तक प्रदेश के 15 नगर निगमों में 743 इलेक्ट्रिक बसें चलाई जा रही हैं, जिनमें से 700 बसें ग्रॉस कॉस्ट कॉन्ट्रैक्ट जीसीसी मॉडल पर हैं। इस योजना के अंतर्गत लखनऊ और कानपुर नगर समेत



आस-पास के कस्बों में 10-10 रूटों पर 9 मीटर लंबी एसी ई-बसें चलाई जाएंगी। प्रत्येक रूट पर कम से कम 10 बसें अनिवार्य होंगी। कॉन्ट्रैक्ट की अवधि वाणिज्यिक संचालन तिथि से 12 वर्ष की होगी।

अनुमान है कि प्रत्येक रूट पर करीब 10.30 करोड़ रूपये का व्यय आएगा, जिसमें से 9.50 करोड़ रूपये बसों की खरीद पर और 0.80 करोड़ रूपये चार्जिंग उपकरणों व अन्य आवश्यक साधनों पर खर्च होंगे। प्रावधान के तहत, बसों का डिजाइन, वित्तपोषण, खरीद, निर्माण, आपूर्ति और अनुरक्षण की जिम्मेदारी निजी ऑपरेटर निभाएंगे।

उन्हें 90 दिनों के भीतर प्रोटोटाइप ई-बस उपलब्ध करानी होगी और एक वर्ष के भीतर बस संचालन शुरू करना होगा। किराया एवं गैर-किराया राजस्व का संग्रह निजी ऑपरेटर करेंगे। टैरिफ निर्धारण सरकार द्वारा किया जाएगा, जिसे समय-समय पर संशोधित किया जा सकेगा। साथ ही सरकार परिवहन विभाग और आरटीओ, आरटीए से आवश्यक लाइसेंस और परमिट जारी करेगी।ई-बसों के संचालन के लिए सरकार बिहाइंड-द-मीटर विद्युत अवसंरचना और अपॉर्चुनिटी चार्जिंग की सुविधा भी उपलब्ध कराएगी। सरकार का मानना है कि इस मॉडल से सरकारी वित्तीय बोझ में कमी आएगी और सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार होगा।

## आउटसोर्सिंग निगम गठन का अनुप्रिया पटेल ने किया स्वागत

**लखनऊ।** योगी सरकार ने कैबिनेट बैठक में आउटसोर्सिंग निगम गठन की मंजूरी दे दी। अपना दल एस की राष्ट्रीय अध्यक्ष व केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल ने योगी सरकार के फैसले का स्वागत करते हुए मांगों की झड़ी लगा दी। अनुप्रिया पटेल लंबे समय से ओबीसी मंत्रालय का गठन और क्रीमीलेयर की आय सीमा बढ़ाने की मांग करती चली आ रही हैं।मंगलवार को अनुप्रिया पटेल ने पार्टी की समीक्षा बैठक की। इस समीक्षा बैठक में योगी सरकार की ओर से आउटसोर्सिंग निगम का गठन किए जाने का अनुप्रिया पटेल ने स्वागत किया। उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी की यह लंबे समय से मांग थी और इसे अब पूरा कर लिया गया। अब आउटसोर्सिंग में भी आरक्षण का लाभ मिलेगा।

# रामस्वरूप मेमोरियल यूनिवर्सिटी के छात्रों पर लाठीचार्ज करना घोर निंदनीय : पुष्कर

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** राष्ट्रवादी युवा अधिकार मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष शशांक शेखर सिंह पुष्कर ने रामस्वरूप मेमोरियल यूनिवर्सिटी के छात्रों पर हुये लाठीचार्ज पर घोर आक्रोश व्यक्त किया।

उन्होने कहा कि छात्रों, युवाओं के धैर्य की परीक्षा शासन-प्रशासन न ले अन्यथा परिणाम बहुत बुरा होगा। लगभग 20 दिनों से आन्दोलनरत् छात्रों की समस्याओं के समाधान की बजाय पुलिस अपराधियों की तरह बर्बरता पूर्वक लाठियों से प्रहार कर रही है, जिससे लग रहा है कि यह कोई छात्र नहीं बल्कि आंतकवादी है। मुख्यमंत्री योगी से मांग करते है कि छात्रों-युवाओं के ऊपर बर्बरता पूर्वक



ऐसे घटना की पुनर्रावृत्ति न हो अन्यथा सरकार के ताबूत की अन्तिम कील छात्र और नौजवान ही होगे। सरकार पूॅजीपतियों के बचाव के बजाय छात्र-युवा हित को ध्यान में रखते हुये पारदर्शी एवं निष्पक्ष जॉच कराये ताकि इस तरीके से छात्रों-नौजवानों के संवैधानिक व लोकतांत्रिक अधिकारों का हनन न होने पाये। शशांक शेखर 'पुष्कर' ने कहा कि राष्ट्रवादी युवा अधिकार मंच छात्रो, नौजवानों, बेरोजगारों के साथ मजबूती से खड़ा रहा है।

**उपलब्धि** — सीएम योगी की मॉनीटरिंग से प्रदेश में मामले के निस्तारण में आया खासा सुधार

# सबसे अधिक राजस्व मामले निस्तारित कर लखनऊ अव्वल

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में राजस्व मामलों के त्वरित निस्तारण की दिशा में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सख्त मॉनीटरिंग का असर साफ नजर आ रहा है। सीएम योगी खुद हर माह जिलावार मामलों की समीक्षा भी करते रहते हैं।

योगी सरकार की विशेष पहल के तहत तेजी से मामलों के निपटारे की रणनीति को अपनाया गया, जिससे राजस्व विवादों के मामलों में बड़ा सुधार देखने को मिला है। इसी का नतीजा है कि पिछले कुछ वर्षों में प्रदेश भर में राजस्व वादों के निस्तारण में तेजी देखी गयी है। राजस्व न्यायालय कम्प्यूटरीकृत



प्रबंधन प्रणाली (आरसीसीएमएस) की ओर से अगस्त माह की जारी रिपोर्ट में पूरे प्रदेश में सबसे अधिक राजधानी में मामलों को निस्तारित किया गया है, जबकि जनपद स्तरीय न्यायालय में राजस्व के मामले निपटाने में एक बार फिर जौनपुर ने बाजी मारी है। बता दें कि जनपद स्तरीय न्यायालयों में राजस्व वादों के निस्तारण में पिछले दस माह से जौनपुर टॉप फाइल जिलों में बना हुआ है।

जौनपुर डीएम डॉ. दिनेश चंद्र सिंह ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशानुसार राजस्व मामलों को निस्तारित किया जा रहा है। बोर्ड ऑफ रेवन्यू की अगस्त माह की राजस्व न्यायालय कम्प्यूटरीकृत प्रबंधन प्रणाली की रिपोर्ट के अनुसार जौनपुर की पांच राजस्व न्यायालयों ने बोर्ड के निर्धारित मानक निस्तारण से अधिक मामलों का निस्तारण किया है। जौनपुर की पांच राजस्व न्यायालयों ने बोर्ड के प्रति माह निस्तारण के मानक 250 के सापेक्ष 612 मामलों का निस्तारण किया है।

### राजधानी में सबसे अधिक कुल 19,178 मामले निस्तारित

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के स्पष्ट निर्देश हैं कि राजस्व विवादों के मामलों को प्राथमिकता के आधार पर सुलझाया जाए। उनकी इस पहल का उद्देश्य न केवल जनता को त्वरित न्याय दिलाना है, बल्कि प्रशासन में पारदर्शिता और उत्तरदायित्व को भी बढ़ावा देना है। इसी के तहत प्रदेश के जिलाधिकारी और अन्य सम्बंधित अधिकारी पूरी तत्परता से मामलों का निस्तारण कर रहे हैं। राजस्व परिषद की आरसीसीएमएस की अगस्त माह की रिपोर्ट के अनुसार अगस्त में पूरे प्रदेश में कुल 3,69,293 राजस्व मामलों का निस्तारण किया गया। लखनऊ जिलाधिकारी विशाखजी अय्यर ने बताया कि सबसे अधिक राजधानी लखनऊ में 19,178 मामले निस्तारित किये गये, जो पूरे प्रदेश में सबसे अधिक हैं। इसके बाद प्रयागराज में कुल 10,693 मामलों को निस्तारित कर पूरे प्रदेश में दूसरे, गोरखपुर 9,560 मामलों को निस्तारित कर तीसरे स्थान पर है।

# चरक चौराहे को जाम से मुक्ति दिलाने के लिए नगर निगम ने बनाई योजना

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ ।** राजधानी लखनऊ का चरक चौराहा लंबे समय से ट्रैफिक जाम की गंभीर समस्या से जूझ रहा है। यह चौराहा शहर के सबसे व्यस्त मार्गों में से एक है, जहाँ किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी और चौक क्षेत्र से आने वाला भारी ट्रैफिक आकर मिलता है।

केजीएमयू में प्रतिदिन हजारों की संख्या में मरीज, तीमारदार, चौक सर्राफा बाजार, कपड़ों की दुकानों और खाने-पीने के होटलों पर दिनभर खरीददारों और पर्यटकों की भीड़ लगी रहती है। ऐसे में दोनों ओर से आने वाला यातायात चरक चौराहे पर मिलकर रोजाना जाम की स्थिति उत्पन्न करता है। इसी समस्या के स्थायी समाधान की दिशा में नगर निगम ने कदम बढ़ाते हुए चरक चौराहे की रूपरेखा बदलने की योजना बनाई है। मंगलवार को नगर आयुक्त गौरव कुमार ने अधिकारियों के साथ चरक चौराहे का निरीक्षण किया। इस दौरान लोक निर्माण विभाग के अधीक्षण अभियंताजेपी मिश्रा, नगर निगम के मुख्य अभियंता महेश वर्मा, एसीपी ट्रैफिक राधा रमण सिंह, नगर निगम के अधिशासी अभियंता (ट्रैफिक) नजमी मुजफ्फर और ब्रिज कॉरपोरेशन के अभियंता भी मौजूद रहे। सभी अधिकारियों ने मिलकर चौराहे की मौजूदा स्थिति का गहन आकलन किया और यातायात की समस्या को दूर करने के उपायों पर विचार-विमर्श किया। निरीक्षण के दौरान नगर आयुक्त गौरव कुमार ने अधिकारियों को कई महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश दिए।

## प्रीपेड मी. घोटाले से 115000 करोड़ एरियर पर खतरा

**लखनऊ ।** विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति, उत्तर प्रदेश ने आशंका जताई है कि स्मार्ट प्रीपेड मीटर घोटाले के चलते विद्युत वितरण निगमों का 115000 करोड़ रुपए का एरियर खटाई में पड़ सकता है। संघर्ष समिति ने यह भी आरोप लगाया है कि निजीकरण हेतु स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगाने के नाम पर बड़े पैमाने पर डाउन साइजिंग की जा रही है।

लकी टी स्टाल एंड रेस्टोरेंट
स्वादिष्ट फास्ट फूड एवं मनभावन चाय
पताः निकट अरबिंदो पुलिस चौकी, तकरोही रोड, इंदिरानगर, लखनऊ

# मनकापुर में प्रशासन की मौजूदगी में हटा अतिक्रमण

▶ 26 अगस्त 2025 के समाचार पत्र में प्रकाशित हुई थी खबर







एसडीएम की उदासीनता अतिक्रमण न में हो सकती है कारण, कराह रहे कस्बे
26 Aug. 2025

**खबर का असर**

**मनकापुर /गोंडा ,समृद्धि न्यूज़**

जनपद के तहसील मनकापुर अंतर्गत नगर पंचायत मनकापुर में खबर छपने के बाद दिखा असर अधिकारियों की सख्ती के बाद कस्बे में मंगलवार को उप जिलाधिकारी मनकापुर बैक फुट पर आते हुए रेलवे क्रॉसिंग चौराहे से लेकर उतरौला रोड पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के समीप तक पुलिस की मौजूदगी में दोनों पटरिया पर बुलडोजर चलाकर अतिक्रमण मुक्त कराया गया। वही मौके पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के समीप कुछ दुकानदारों द्वारा सड़क पर अतिक्रमण करने की बावजूद अभियान का विरोध किया, इस दौरान जब पुलिस ने कड़ा रुख अख्तियार करते हुए सड़क के समीप बनी सीढ़ियों को तोड़ने के क्रम में कार्यवाही शुरू करनी चाहिए तो नगर पंचायत अध्यक्ष ने मौके पर पहुंचकर अनुनय-विनय के साथ 2 दिन का समय मांगा जिस पर विचार करते हुए प्रशासन ने स्वीकार करके सरकारी जमीन से निर्माण हटाने के लिए 2 दिन का समय दिया है। इसके साथ बताते चने की मनकापुर में अतिक्रमण को लेकर पुलिस के आला अफसर अतिक्रमण हटाने को लेकर काफी दिनों से तत्पर थे और लगातार मीटिंग नोटिस देते हुए कार्यवाही पूर्ण करने में लगे थे। लेकिन उप जिलाधिकारी मनकापुर के टाल-मटोल की वजह से अभियान नहीं चलाया जा रहा था।जिससे सरकार की मंशा पर पानी फिर रहा था वही इस संबंध में जब दैनिक समृद्धि अखबार ने अतिक्रमण की आवाज उठाते हुए खबर को प्रकाशित किया तो, अधिकारियों ने संज्ञान में लेते हुए कड़ा रुख अख्तियार करके उप जिलाधिकारी को शीघ्र अतिक्रमण हटाने का अल्टीमेट दिया था,जिसके क्रम में मंगलवार को कार्यवाही की गई।

# सड़क दुर्घटना में राष्ट्रीय गौरक्षक के जिलाध्यक्ष सहित तीन की मौत

**गोंडा ,समृद्धि न्यूज।**

नगर कोतवाली क्षेत्र के साहब गंज मारवाड़ इंटर कालेज के निवासी राष्ट्रीय गोरक्षक के जिलाध्यक्ष 40 वर्षीय रितेश कुमार उर्फ आलोक तिवारी पुत्र स्वामी नाथ तिवारी की मंगलवार की देर शाम को बड़गांव पुलिस चौकी के निकट अयोध्या मार्ग स्थित एक पेट्रोल पम्प के पास ट्रक ने कुचल दिया जिस से उस की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक के पत्नी बबिता तिवारी ने बताया कि दोपहर में घर के काम से बाजार के लिए बाइक से निकले थे। वापस घर आते समय ट्रक ने बाइक सवार उस के पति रितेश कुमार उर्फ आलोक तिवारी को कुचल दिया।जिस से उनकी मौत हो गई। उस की पहचान उस के पास मिले राष्ट्रीय गौ रक्षक दल का जिलाध्यक्ष के कार्ड से हुई है। बड़गांव पुलिस चौकी प्रभारी ने इस घटना की जानकारी उस के घर वालो को दिया। उस की पत्नी बबिता पहुंची और शव की पहचान किया। घटना के बाद अयोध्या मार्ग पर काफी जाम लग गया। काफी देर तक लोग जाम में फंसे हुए थे। मृतक के तीन बच्चे आदर्श 17 वर्ष,अंकुर 14 और 6 वर्ष को आस्था पुत्री हैं। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्ट मार्टम को भेजा है। खरगू पुर थाना क्षेत्र के जानकी नगर मौजा पोखरा निवासी 55 वर्षीय राम चरण पांडेय पुत्र बच्छा राज पांडेय अपने बाइक से महराज गंज बाजार गया था।वापस बाइक से घर लौट रहा था। तभी गांव के समीप ही उस को ट्रक ने टक्कर मार दिया जिस से उस की मौत हो गई।पुलिस ने उस के शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्ट मार्टम को भेजा है। कर्नल गंज कोतवाली क्षेत्र के परसा गोडरी गुरु पुरवा निवासित 50 वर्षीय माया देवी पत्नी भगवती प्रसाद दोपहर में घर के नजदीक हनुमान मंदिर में पूजा करने के लिए जा रही थी। तभी एक अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दिया जिस से उस की मौत हो गई। पुलिस ने शव के शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्ट मार्टम को भेजा है।

## महिला आयोग अध्यक्ष 4 सितम्बर को करेंगी समीक्षा बैठक

**गोंडा, समृद्धि न्यूज ।** उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष (राज्यमंत्री स्तर प्राप्त) डॉ. बबीता सिंह चौहान 4 सितम्बर 2025 को गोण्डा सर्किट हाउस में समीक्षा बैठक करेंगी। बैठक अपराह्न 1:30 बजे से आयोजित होगी, जिसमें महिला से संबंधित विभिन्न योजनाओं की समीक्षा तथा जनपदों में महिला उत्पीड़न से संबंधित प्रकरणों की समीक्षा की जाएगी।

जिला प्रोबेशन अधिकारी संतोष कुमार सोनी ने कहा कि समीक्षा बैठक में महिला कल्याण योजनाओं और महिला सुरक्षा से संबंधित मुद्दों पर विशेष चर्चा की जाएगी। ये जनसुनवाई महिला उत्पीड़न की रोकथाम और पीड़िताओं को न्याय दिलाने से सहायक सिद्ध होगी।

# विद्युत विभाग ने किया निरीक्षण, 17 अधिकारी-कर्मचारी मिले अनुपस्थित

**देवीपाटन /गोंडा, समृद्धि न्यूज़**



▶ अनुपस्थित कर्मचारियों पर होगी कार्यवाही, विभागीय अनुशासन पर जोर

▶ आयुक्त ने दिए सख्त निर्देश, समय से कार्यालय न आने पर होगी कार्रवाई

मंगलवार को आयुक्त देवीपाटन मण्डल शशि भूषण लाल सुशील द्वारा पूर्वान्ह 10:30 बजे के करीब विद्युत विभाग, गोंडा के विभिन्न कार्यालयों में अधिकारियों और कर्मचारियों की उपस्थिति का भौतिक सत्यापन/ निरीक्षण किया गया। इस दौरान लापरवाही उजागर हुई और कुल 17 अधिकारी-कर्मचारी अनुपस्थित पाए गए। आयुक्त के निरीक्षण में कार्यालय मुख्य अभियन्ता (वितरण) मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड में 6 कर्मचारी अनुपस्थित पाए। इसी प्रकार कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता, विद्युत वितरण में 2 कर्मचारी, कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड-प्रथम में 7 कर्मचारी तथा कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड-द्वितीय में 2 कर्मचारी ड्यूटी पर मौजूद नहीं मिले। कुल मिलाकर एक अधिकारी और 16 कर्मचारी अनुपस्थित पाए गए। निरीक्षण के बाद सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि अनुपस्थित पाए गए सभी अधिकारी-कर्मचारियों से स्पष्टीकरण प्राप्त कर नियमानुसार कार्यवाही सुनिश्चित की जाए।

यह सख्त कदम विभागीय अनुशासन और कार्य संस्कृति को सुदृढ़ करने की दिशा में महत्वपूर्ण माना जा रहा है। आयुक्त ने सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को समय से कार्यालय पहुंचने के स्पष्ट निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि शासन स्तर से भी कार्यालयों में समयबद्ध उपस्थिति सुनिश्चित करने के आदेश दिए गए हैं। इसके बावजूद यदि कोई अधिकारी या कर्मचारी समय से उपस्थित नहीं होता है, तो उसका स्पष्टीकरण मांगा जाएगा और आवश्यकतानुसार कठोर कार्रवाई की जाएगी। आयुक्त ने साफ कहा कि लापरवाही किसी भी स्तर पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सरकारी कार्यों में देरी से जनता को असुविधा होती है, इसलिए सभी कर्मचारियों को समयपालन को अपनी जिम्मेदारी मानते हुए कार्यालय में उपस्थित होना अनिवार्य है। उन्होंने संबंधित विभागाध्यक्षों को भी निर्देशित किया है कि उपस्थिति की नियमित मॉनिटरिंग की जाए और अनुपस्थित या देर से आने वाले कार्मिकों के खिलाफ तत्काल रिपोर्ट तैयार कर कार्यवाही सुनिश्चित करें। इससे प्रशासनिक कार्यकुशलता और जनता को मिलने वाली सेवाओं में सुधार होगा।

# गांव के गड्ढे में गिरने से महिला की मौत, परिजनों में कोहराम

**बहराइच,समृद्धि न्यूज़।**

▶ खेत में जानवर देखने जाते समय हुआ हादसा

जिले के मिहींपुरवा तहसील क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत गूढ़ थाना मोतीपुर क्षेत्र के गूढ़ गांव के पास संचालित गौ आश्रय के पास सोमवार रात नाले में गिरकर महिला मजदूर की मौत हो गई।

बेटा की सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच के बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। परिजनों ने कोई आरोप नही लगाया। जिले के मिहींपुरवा थाना मोतीपुर के गूढ़ गांव के रहने वाले केतकी पत्नी ईजी ग्राम गुड़ माजरा खैदीपुरवा की पच्चास वर्षीय पत्नी केतकी अपने परिवार के साथ खेत में जानवर देखने जा रही थी तभी गौ आश्रय के पास बने गड्ढे में गिर गई और उसकी डूबने से मौत हो गई। क्योंकि मिहींपुरवा तहसील क्षेत्र में दो दिन से लगातार बारिश होने के कारण गड्ढों में जल भराव हो गया है इसी कारण उसे दिखाई नहीं दिया और गड्ढे में जा गिरी और आज उसके परिवार के लोगों का रो रो कर बुरा हाल है। मृतका केतकी के बेटा की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटना की जांच पड़ताल के बाद आवश्यक कार्रवाई की है। परिजनों ने किसी पर कोई आरोप प्रत्यारोप नही लगाया है। बताया जा रहा है कि मृतक महिला हर जो जानवर से अपने फसलों को बचाने जाती थी।

## कांग्रेस किसान पार्टी के जिलाध्यक्ष मनोनीत किए गए नेम कुमार चौहान

**कैसरगंज,बहराइच समृद्धि न्यूज।** जिले के ग्रामीण अंचल कैसरगंज क्षेत्र के ग्राम मीरपुर चिलवा निवासी नेम कुमार चौहान को कांग्रेस किसान पार्टी द्वारा जिलाध्यक्ष मनोनीत किया गया। जिलाध्यक्ष चुने जाने पर खुशी का माहौल हो गया। इस मौके पर नेम कुमार चौहान ने बताया कि मुझ जैसे एक सामान्य कार्यकर्ता को उत्तर-प्रदेश के जनपद बहराइच का किसान कांग्रेस कमेटी का जिलाध्यक्ष की ज़िम्मेदारी देने के लिये राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिका अर्जुन खड़गे , पार्टी अध्यक्ष राहुल गांधी एवं प्रदेश अध्यक्ष अजय राय सहित समस्त प्रदेश कांग्रेस के शीर्ष नेताओ का बहुत-बहुत आभार व्यक्त करता हूं और मुझे इस आशा के साथ हमें जिले का पदभार दिया गया है। हम उसी आशा के साथ अपनी जिम्मेदारी का निर्वाहन ईमानदारी और तत्परता के साथ करेंगे।

## खबरें एक नजर में

### चोरों ने दो घरों में बोला धावा, जेवर सहित ले उड़े ट्रक

**गोंडा ,समृद्धि न्यूज़।** कोतवाली देहात थाना क्षेत्र के सराय जरगर निवासी , हसमत अली पुत्र फारूक अली के घर पर पीछे से चोर घर में घुस गए घर के अंदर रखा शादी का जेवर जिस में सोने का गले का हार दो जोड़ी कान का झाला दो जोड़ी चांदी का पायल नगद 6000 हजार रुपए उठा ले गए। घर के बाहर खड़ी ट्रक को गेट खोल कर ले कर चले गए। थोड़ी दूर पर स्थित पिंटू के घर में भी चोर घुस गए और जेवर सहित लाखों रुपए का सामान चुरा ले गए। घटना की जानकारी सोमवार की सुबह करीब पांच बजे हुई। स्थानीय लोगों ने भी काफी खोज करने का प्रयास किया गया लेकिन कही पता नहीं चल सका। घटना की सूचना स्थानीय पुलिस चौकी को दिया गया। पुलिस भी मौके पर पहुंच कर जांच किए प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार सिंह ने बताया कि तहरीर पर चोरी का मुकदमा अज्ञात में लिखा गया है।

### पति-पत्नी पर हुआ लड़की भगाने का मुकदमा दर्ज

**गोंडा ,समृद्धि न्यूज़।** कोतवाली देहात थाना क्षेत्र में एक नाबालिक लकड़ी को भगाने का मुकदमा पति पत्नी के खिलाफ में लिखाया गया है। एक महिला ने कोतवाली में तहरीर दिया कि अपने चार पुत्रियों एवं एक लड़के के साथ घर में अकेली रहती है। उस का आदमी बाहर रहता है। बड़ी लड़की की शादी हो चुकी है। वह अपने घर में रहती है। उस से छोटी पुत्री 17 वर्षीय शनिवार की दोपहर में घर से अचानक कही चली गई। देर शाम तक वापस लौट कर नही आई। काफी खोज बीन किया परंतु कही पता नहीं चल सका। वह अपने साथ घर में रखा जेवरात और नगद पांच हजार रुपए लेकर भी चली गई है। उस ने तहरीर में कहा है कि सावित्री और उस का पति शिव बरन उस की लड़की को कही भगवा दिया है। प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार सिंह ने बताया कि तहरीर पर दंपति के खिलाफ में मुकदमा दर्ज किए गया है ।

### रंजिश में पिता-पुत्र को पीटा

**गोंडा,समृद्धि न्यूज़।** नगर कोतवाली क्षेत्र के नेवलगंज निवासी रामराज पुत्र राम अचल ने बताया कि वह अपने घर के पास अपने पुत्र विशाल यादव और विकास यादव के साथ बैठा हुआ था। रविवार की देर शाम को रमेश सुरेश सहित आधा दर्जन लोग घर पर चढ़ आए और पुरानी रंजिश को लेकर लाठी डंडा धारदार हथियार से हमलाकर के घायल कर दिया गया। घायल अवस्था में मेडिकल कालेज लाया गया। राम राज यादव को काफी चोट लगने की वजह से भर्ती करा दिया गया। विकास यादव विशाल यादव का मेडिकल कराने के बाद घर छोड़ दिया गया। अपराध निरीक्षक सभा जीत सिंह ने बताया कि तहरीर मिली है जांच कराई जा रही है।

### दुश्मनी में की अधेड़ की पिटाई

**गोंडा ,समृद्धि न्यूज।** कोतवाली देहात थाना क्षेत्र के खिरौरा मोहन ग्राम के पास 50 वर्षीय घनश्याम वर्मा निवासी भोडहा थाना इटियाथोक की बाइक को रोक कर हमला कर के मारा पीटा गया। घनश्याम वर्मा ने बताया कि वह गोंडा बाजार जा रहा था। तभी कुछ लोगों ने उस की गाड़ी को रोक कर हमला किया है। उसने बताया कि उस के चाचा ने 9 बीघा जमीन गांव के प्रधान के हाथों बेच दिया था। जिस को लेकर रंजिश हो गई थी। घटना की तहरीर कोतवाली देहात में दी गई है। पुलिस मामले की जांच के रही है ।

### मूसलाधार बारिश से अस्पताल चौराहा जलमग्न

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** मंगलवार दोपहर मौसम ने करवट ली। एक बजे से शुरू हुई मूसलाधार बारिश और तेज हवाओं से तापमान में 5 डिग्री की गिरावट दर्ज की गई। तापमान 30 डिग्री तक पहुंच गया। करीब एक घंटे तक हुई बारिश से शहर के दरगाह, छावनी और अस्पताल चौराहा की सड़कें जलमग्न हो गईं। इससे आम जनजीवन प्रभावित हुआ और लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ा। मौसम विभाग के अनुसार, जिले के शहरी और ग्रामीण इलाकों में देर शाम तक गरज-चमक के साथ और बारिश होने की संभावना है।

# 17 को मनाया जाएगा भगवान विश्वकर्मा का जन्मदिवस



**बहराइच,समृद्धि न्यूज़।**

शहर के कठौवां दोनक्का स्थित विश्वकर्मा मंदिर पर भगवान विश्वकर्मा के भक्तों की बैठक आगामी विश्वकर्मा जन्मोत्सव की तैयारी हेतु आहूत की गई। बैठक की अध्यक्षता मंदिर के संरक्षक एडवोकेट धर्मराज विश्वकर्मा ने की जबकि संचालन विपिन विश्वकर्मा ने किया। बैठक को संबोधित करते हुए अखिल भारतीय विश्वकर्मा शिल्पकार महासभा के जिला अध्यक्ष डॉक्टर त्रिलोकी विश्वकर्मा ने कहा कि आगामी 17 सितंबर को सृष्टि के रचयिता भगवान विश्वकर्मा का जन्मोत्सव सनातन परंपरा के अनुसार वैदिक रीति से पूजन अर्चन हवन एवं प्रसाद भंडारे के साथ होना सुनिश्चित हुआ। इस आयोजन को लेकर सभी पदाधिकारियों को जिम्मेदारियां दे दी गई हैं।

# सड़क सुरक्षा को प्रभावी बनाने हेतु नो हेलमेट, नो पेट्रोल अभियान शुरू

**जनपद के समस्त पेट्रोल पम्प स्वामी अपने-अपने पेट्रोल पम्प प्रांगण में बड़ी-बड़ी होर्डिंग लगाकर वाहन चालकों को करें जागरूक**

**गोण्डा ,समृद्धि न्यूज़।**



परिवहन आयुक्त, उत्तर प्रदेश एवं जिलाधिकारी गोण्डा के निर्देशानुसार जनपद गोण्डा में सड़क सुरक्षा को सुदृढ़ एवं प्रभावी बनाने हेतु एक विशेष अभियान ÷नो हेलमेट, नो पेट्रोल÷ प्रारंभ किया गया है। इस अभियान के अंतर्गत जनपद के समस्त पेट्रोल पम्प स्वामियों को स्पष्ट निर्देशित किया गया है कि यदि कोई भी दो पहिया वाहन चालक या उसका सहयात्री बिना हेलमेट के पेट्रोल पम्प पर आता है, तो ऐसे वाहनों में किसी भी स्थिति में ईंधन की आपूर्ति न की जाए। शासन द्वारा यह भी निर्देश प्राप्त हुआ है कि जनपद 01 सितंबर, 2025 से 30 सितंबर, 2025 तक नो हेलमेट न पेट्रोल अभियान चलाया जाए। ताकि लोगों में जागरूकता फैले। साथ ही साथ यह भी निर्देश दिया गया है कि जनपद के समस्त पेट्रोल पम्प स्वामी अपने-अपने पेट्रोल पम्प प्रांगण में बड़ी-बड़ी होर्डिंग लगाकर इसके संबंध में लोगों को जागरूक करें। यह निर्णय प्रदेश में बढ़ते सड़क दुर्घटनाओं की संख्या एवं दो पहिया वाहन चालकों की सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए लिया गया है। हेलमेट न केवल वाहन चालक की सुरक्षा सुनिश्चित करता है, बल्कि गंभीर चोट से भी बचाव करता है। अतः यह अनिवार्य है कि दो पहिया वाहन चालक एवं पीछे बैठा सहयात्री दोनों हेलमेट धारण करें।

जिलाधिकारी गोण्डा ने समस्त पेट्रोल पम्प स्वामियों को निर्देशित किया है कि इस आदेश का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करें। साथ ही, परिवहन विभाग एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम द्वारा समय-समय पर पेट्रोल पम्पों का निरीक्षण किया जाएगा, तथा नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर संबंधित पेट्रोल पम्प के विरुद्ध विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी।

जिला प्रशासन आम नागरिकों से अपील करता है कि वे स्वयं की सुरक्षा हेतु सदैव हेलमेट का प्रयोग करें एवं दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करें। यह केवल एक नियम नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक की सुरक्षा से जुड़ा एक महत्वपूर्ण प्रयास है। परिवहन विभाग गोंडा द्वारा जनपद के समस्त पेट्रोल पम्प स्वामियों को इस अभियान के संबंध में कड़ाई से पालन करने के लिए आदेश जारी कर दिया गया है।

आपकी सुरक्षा, आपका अधिकार है – हेलमेट पहनिए, जीवन बचाइए।

# जंगलों के बीच सफलता की कहानी लिख रहीं हैं समूह की दीदियां

**बहराइच,समृद्धि न्यूज़।**



यह कहानी है बहराइच जनपद मुख्यालय से लगभग 120 किलोमीटर दूर विकासखण्ड मिहीपुरवा के भारत-नेपाल सीमा एवं कतर्नियाघाट वन्यजीव विहार के बीच बसे थारू जनजाति बाहुल्य गांव फकीरपुरी के प्रतिमा स्वयं सहायता समूह की दीदियों की। स्वयं सहायता समूह का गठन सितम्बर, 2018 में बिहार आजीविका मिशन से आई दीदियों ने किया था। इस स्वयं सहायता समूह में कुल 11 दीदियां जुडी जिसमें कुछ अलग करने की लगन थी। समूह में जुडने के बाद राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के माध्यम से इनकों रिवाल्विंग फण्ड के रूप में 15000 रूपए एवं सामुदायिक निवेश निधि के रूप में 1,50,000 रूपए दिये गये। समूह की दीदियों से जब रोजगार एवं प्रशिक्षण के विषय में बात की गई तो इन लोगो ने अपने परम्परागत उत्पादों को बनाने एवं उसको अलग पहचान दिलाने में रूचि दिखाई। इसी कड़ी में वर्ष 2023 में विश्व प्रकृति निधि (डब्लूडब्लूएफ) के माध्यम से 15 दिवस एवं वर्ष 2024 में 10 दिवस का परम्परागत उत्पाद जैसे डलिया जूट बैग, कैप, हैडबैग, टोकरी, रोटी बॉक्स एवं फूलदान बनाने का प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण प्राप्त करने के उपरान्त समूह की सभी दीदीयां जूट एवं जल कुम्भी से उपरोक्त सभी उत्पाद बना रही है। यह पर्यावरण के अनूकूल भी है। आज इस समूह की दीदियां स्वयं तो आत्मनिर्भर है। साथ ही अपने आस-पास के अन्य समूहों की दीदियों को भी प्रशिक्षण देकर आत्मनिर्भर बना रहीं हैं। इस समूह की दीदियों द्वारा आज अपने उत्पाद की बिक्री कतर्नियाघाट वन्यजीव विहार आने वाले पर्यटकों के अलावा अन्य स्थानों पर भी की जा रही है।

# कटे होंठ व तालू का लगा नि:शुल्क शिविर, लौटेगी मुस्कान



**बहराइच,समृद्धि न्यूज़।**

जनपद बहराइच के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों नानपारा,पयागपुर, कैसरगंज एवं मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय में 28 अगस्त से 1 सितम्बर तक जन्म से कटे होंठ व कटे तालू से ग्रसित मरीजों के इलाज के लिए नि:शुल्क पंजीकरण शिविर का आयोजन किया गया। मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ संजय कुमार ने बताया कि चार दिवसीय कैंप में 95 मरीजों का नि:शुल्क परीक्षण हुआ, जिसमे 74 मरीजों को ऑपरेशन के लिए चिन्हित किया गया और 21 मरीजों को स्पीच थेरेपी कि सलाह दी गयी। पूर्ण रूप से स्वस्थ बच्चे की मुस्कान ही उसका आत्म विश्वास जगाती है। इसी आत्मविश्वास को वापस लाने में अमेरिका की स्माइल ट्रेन प्रोजेक्ट के निदेशक डॉ वैभव खन्ना एवं डॉ आदर्श कुमार हेल्थ सिटी ट्रामा सेंटर एवं सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल सार्थक भूमिका निभा रहें है।

## कोतवाली नगर में आयोजित हुई पीस कमेटी की बैठक

**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।** आगामी त्यौहार बारावफात व गणेश विसर्जन को लेकर थाना कोतवाली नगर परिसर में कोतवाली नगर/देहात क्षेत्र की पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। अपर पुलिस अधीक्षक नगर की अध्यक्षता में अधिकारियों ने की शांतिपूर्ण आयोजन की तैयारी। अपर पुलिस अधीक्षक नगर रामानंद कुशवाहा ने सभी से त्योहारों को शांतिपूर्ण तरीके से सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने की अपील की। एएसपी ने बताया कि ऐसा कोई कार्य न करें, जिससे किसी को परेशानी हो, त्योहार पर ट्रैक्टर-ट्राली और डीजे का प्रयोग सीमित रहेगा। डीजे पर ऐसे गाने नहीं बजाए जाएंगे, जिनसे किसी को आपत्ति हो। उन्होंने सोशल मीडिया पर अनुचित टिप्पणी न करने की हिदायत दी तथा बताया कि किसी समस्या की स्थिति में पुलिस से संपर्क कर सकते हैं।

# सीडीओ ने किया परिषदीय विद्यालयों का निरीक्षण

▶ विद्यालयों की शिक्षा गुणवत्ता व साफ-सफाई पायी गयी उत्कृष्ट

**बहराइच,समृद्धि न्यूज़।**



मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र ने विकास खण्ड चित्तौरा के उच्च प्राथमिक विद्यालय डीहा एवं प्राथमिक विद्यालय सुहासपारा का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सभी शिक्षक उपस्थित पाये गये। सीडीओ ने निरीक्षण के दौरान पाया कि विद्यालय में शैक्षणिक और स्वच्छ वातावरण का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया जा रहा है। विद्यालय की व्यवस्थाएं सराहनीय हैं जो अन्य विद्यालयों के लिए प्रेरणा का स्रोत बन सकता है। पूरे विद्यालय परिसर में कक्षाओं से लेकर शौचालय तक साफ-सफाई पायी गयी। सभी कक्षाओं में दीवारों पर ज्ञानवर्धक चार्ट और सामग्री लगी हुई पायी गयी जो बच्चों के सीखने की प्रक्रिया को रोचक बना रही थी। सीडीओ ने छात्रों से संवाद करते हुए प्रश्न भी पूछा। छात्रों द्वारा बिना किसी झिझक के सही और स्पष्ट उत्तर दिए गये। जिससे छात्रों के समझ और ज्ञान का स्तर परिलक्षित होता है। विद्यालय में बाल संसद जैसी अतिरिक्त गति विधियां भी नियमित रूप से आयोजित की जा रही थीं, जो छात्रों के सर्वांगीण विकास में सहायक हैं। सीडीओ ने इस उत्कृष्ट व्यवस्था के लिए प्रधानाध्यापक और सभी शिक्षकों की सराहना की। उन्होंने आशा व्यक्त की कि अन्य विद्यालय भी इसी तरह की व्यवस्थाओं को अपना कर शिक्षा के क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन करेंगे। इस अवसर पर जिला कृषि अधिकारी डॉ सूबेदार यादव, खण्ड शिक्षा अधिकारी अनुराग मिश्रा तथा अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे।

# मिहींपुरवा में यूरिया खाद की किल्लत, कालाबाजारी की हुई शिकायत

**मिहीपुरवा बहराइच,समृद्धि न्यूज़।**




जिले के मिहींपुरवा तहसील कस्बा क्षेत्र के अन्तर्गत बाजार में यूरिया खाद की कमी ने किसानों की चिंताएं बढ़ा दी हैं। एक तरफ खेती के लिए आवश्यक यूरिया की अनुपलब्धता से किसान परेशान हैं, वहीं दूसरी तरफ निजी दुकानों पर मनमानी कीमत वसूलने की शिकायतें सामने आ रही हैं। दुकानदार एक बोरी यूरिया खाद के साथ दो किलो जिंक अनिवार्य रूप से खरीदने की शर्त थोप रहे हैं और इसके लिए 670 रुपये वसूल रहे हैं। यह कीमत सामान्य दर से कहीं अधिक है, जिससे किसानों में रोष व्याप्त है। स्थानीय किसानों का कहना है कि खेती का सीजन चरम पर है, और यूरिया खाद की कमी उनकी फसलों के लिए नुकसानदायक साबित हो रही है।

निजी दुकानों की इस कालाबाजारी ने उनकी आर्थिक स्थिति को और कमजोर किया है। एक बोरी यूरिया की सरकारी कीमत लगभग 266 रुपये है, लेकिन जिंक नहीं देने के साथ बेचने की बाध्यता और बढ़ी हुई कीमत ने किसानों को मजबूर कर दिया है। सैकड़ो किसानों ने बताया कि दुकानदार बिना जिंक खरीदे यूरिया देने से इनकार कर देते हैं। किसान संगठनों ने स्थानीय प्रशासन से इस मामले में कई बार तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है। उनका कहना है कि यूरिया की आपूर्ति बढ़ाने और कालाबाजारी रोकने के लिए सख्त कदम उठाए जाएं। विशेषज्ञों का मानना है कि यदि यह समस्या अनसुलझी रही, तो इसका असर फसल उत्पादन और किसानों की आय पर पड़ सकता है। दरअसल बहराइच में बैठे जिला कृषि अधिकारी सुबेदार यादव से यहां के स्थानीय पत्रकारों द्वारा जब भी संपर्क किया जाता है तो उनका काम यह है कि नम्बर को ब्लैकलिस्ट में डाल दिया जाता है। किसी शिकायत को सुनने से पहले अब आलम यह है कि किसान शिकायत करे तो किससे करे। मिहींपुरवा तहसील क्षेत्र से कुछ ही दूरी पर नेपाल बॉर्डर होने के कारण यूरिया खाद जो भारत से नेपाल को चोरी से भेजा जाता है। स्थानीय पुलिस व सुरक्षा सीमा बल के आंखों में धूल झोक कर तस्कर यूरिया खाद को नेपाल में डबल दामों पर बेचा जाता है (प्रशासन एवं एसएसबी) रोकने में नकाम साबित हो रहे है।

**सीमावर्ती पी.जी.का. पाण्डेय नगर जैतापुर रूपईडीहा बहराइच (उ.प्र.)**

**आवश्यकता है**

मेरे महाविद्यालय मे वनस्पति विज्ञान एवं भूगोल विषय की प्रवक्ता की आवश्यकता है।

**योग्यता** – नेट या पी.एच.डी.

**वेतनमान** – यू.जी.सी. के मानक के अनुसार

**अंतिम तिथि** – विज्ञापन के 15 दिन के अंदर

**प्रबंधक**
**सीमावर्ती पी.जी.का. पाण्डेय नगर जैतापुर रूपईडीहा, बहराइच।**

## खबरें एक नजर में

### बीडीओ वर्षा सिंह गिरे कच्चे मकान का किया निरीक्षण



**महराजगंज, रायबरेली।** भारी बारिश के बीच टूक गांव में मुनव्वर अली का कच्चा मकान गिर गया था जिसमें मुनव्वर अली घायल हो गए थे तथा सात बकरियां भी गंभीर रूप से घायलहो गई थी। खंड विकास अधिकारी वर्षा सिंह के द्वारा आज टूक गांव पहुंचकर मौके का गंभीरता से निरीक्षण किया गया तथा हर संभव मदद का भरोसा भी दिया गया खंड विकास अधिकारी वर्षा सिंह ने बताया कि महराजगंज के विकासखंड क्षेत्र के टूक गांव मुनव्वर अली के कच्चे मकान का निरीक्षण किया गया है और जो भी सरकारी मदद ब्लॉक द्वारा संभव है वह मदद कराई जाएगी।

### आकाशीय बिजली गिरने से कई ट्रांसफार्मर हुए क्षतिग्रस्त

**महराजगंज, रायबरेली।** आकाशीय बिजली गिरने से कई ट्रांसफार्मर हुए क्षतिग्रस्त ओसाह पावर हाउस 11000 फीडर गोविंदपुर बोधीखेड़ा गांव में 25 केवीए सिंगल फेस ट्रांसफार्मर के ऊपर आकाशीय बिजली गिरने के कारण क्षतिग्रस्त हुआ 11000 के वी कपूरपुर फीडर के रामपुर टिकरा गांव में 25 के वी 3 फेस ट्रांसफार्मर क्षतिग्रस्त हुआ 11 000 के वी हसनपुर फीडर पाराकला पंडित दीनदयाल उपाध्याय मॉडल पब्लिक स्कूल के पास छतिग्रस्त हुआ अवर अभियंता हरिओम यादव ने मौके पर जाकर सारी लाइनें को ठीक कराया और पुनः सप्लाई बहाल की गई लाइनमैन बृजेश अनिल सूरज मोहम्मद रईस पी जी 2 लोग मौजूद रहे।

### जिला टास्क फोर्स समिति की बैठक सम्पन्न



**सीतापुर।** जिलाधिकारी अभिषेक आनंद एवं पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित कार्यालय कक्ष में शस्त्र लाइसेंसों की पारदर्शी एवं निष्पक्ष जांच व सत्यापन हेतु गठित जिला टास्क फोर्स समिति की बैठक सम्पन्न हुयी। बैठक के दौरान उन्होंने निर्देश दिये कि सभी उपजिलाधिकारी एवं पुलिस क्षेत्राधिकारी शस्त्र लाइसेसों की पारदर्शी एवं निष्पक्ष जांच कर आख्या प्रस्तुत करें। अवैध शस्त्रों निर्माण, विक्रय आदि पर प्रभावी नियंत्रण हेतु त्वरित कार्यवाही सुनिश्चित की जाये, इसके लिये गोपनीय सूचनाओं के आधार पर भी कार्यवाही की जाये। अवैध शस्त्रों से संबंधित लम्बित अभियोजन मामलों में भी प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने दिये। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी शस्त्र लाइसेंस धारक नियमों का पालन सुनिश्चित करें तथा प्रतिबंधित कार्य यथा हर्ष फायरिंग आदि न करें। किसी भी प्रकार के विस्फोटक का अवैध भण्डारण न किया जाये। बैठक के दौरान अपर जिलाधिकारी नीतीश कुमार सिंह, उपजिलाधिकारी सदर धामनी एम दास सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

### महमूदाबाद के नवनिर्वाचित नगर पालिका अध्यक्ष ने ली पद एवं गोपनीयता की शपथ



**महमूदाबाद, सीतापुर।** नगर पालिका महमूदाबाद के नवनिर्वाचित अध्यक्ष आमिर अरफात को एसडीएम बीके सिंह ने मंगलवार को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। उपस्थित जनसमूह ने माल्यार्पण और पुष्पवर्षा कर नवनिर्वाचित अध्यक्ष का स्वागत किया। नगर के रामा–कृष्णा मैरिज लॉन में शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री नरेंद्र सिंह वर्मा और सपा नेता दिग्विजय सिंह देव मौजूद रहे। ईओ नीलम चौधरी ने अतिथियों का बुके देकर स्वागत किया। एसडीएम बीके सिंह ने आमिर अरफात को अध्यक्ष पद की शपथ दिलाई। कार्यक्रम में मौजूद पूर्व मंत्री नरेंद्र सिंह वर्मा ने कहा कि कड़ी मेहनत कर महमूदाबाद अध्यक्ष पद की सीट सपा ने जीती है। जनता ने समाजवादी पार्टी के सच्चे सिपाही आमिर अरफात पर विश्वास कर साबित कर दिया है कि जनता का जनादेश अब सपा के साथ है। पूरी नगर पालिका क्षेत्र में बिना भेदभाव के विकास कार्य कराए जाएंगे। उन्होंने आमिर अरफात को कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं दीं। नव निर्वाचित अध्यक्ष आमिर अरफात ने कहा कि क्षेत्र के समुचित विकास की रूपरेखा बनाई गई है। इस अवसर पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष ममता वर्मा, ब्लॉक प्रमुख पहला अजय यादव, सांसद प्रतिनिधि अनुपम राठौर सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

### हाइटेंशन विद्युत स्पर्शाघात से किसान की दर्दनाक मौत

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** जनपद में विद्युत विभाग की बड़ी लापरवाही सामने आई है। जिसके चलते कोतवाली क्षेत्र मुंशीगंज अंतर्गत पूरे कृतार्थ पाठक मजरे जलामा गांव में मंगलवार को एक किसान की मौत हो गई। ग्रामीणों का कहना है कि 11 हजार वोल्टेज का हाई टेंशन कल से ही टूट कर खेत में गिरा था। जिसकी सूचना ग्रामीणों द्वारा विद्युत विभाग को दी गई थी लेकिन विद्युत विभाग के द्वारा समय से ठीक नहीं किया गया। सुबह 9 बजे रामदुलारे उम्र लगभग 48 वर्ष पुत्र स्वर्गीय भगोले अपने खेत गए हुए थे तभी वह गिरे हुए तार की चपेट में आ गए और उनकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। उनके मृत्यु की जानकारी घरवालों को नहीं लग सकी। लगभग 4 घंटे तक वह घर नहीं आए तो घर वाले ढूंढते हुए खेत गए जहां पर रामदुलारे की लाश पड़ी हुई मिली। ग्रामीणों का कहना है कि इसी बीच में लाइनमैन ने पहुंचकर तार को जोड़ा भी लेकिन वहां पर लाश पड़ी हुई थी उसने किसी को सूचना नहीं दिया। मृतक के चार बेटियां थी चारों की वह शादी कर चुका था जबकि पांचवें नंबर पर 11 वर्षीय पुत्र घर पर मौजूद है। मुंशीगंज कोतवाली प्रभारी निरीक्षक शिवाकांत त्रिपाठी ने बताया कि घटना की जानकारी मिलते ही लाश को कब्जे में लेकर पंचनामा भरते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

### चोरी की 3 बाइक के साथ अन्तर्जनपदीय अभियुक्त गिरफ्तार



**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** मंगलवार को थाना मोहनगंज पुलिस द्वारा क्षेत्र में चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान एक संदिग्ध व्यक्ति अचानक मोटरसाइकिल मोड़कर भागने का प्रयास करने लगा जिसे पुलिस टीम द्वारा हिकमतअमली से पकड़कर नाम पता पूछा गया तो मोटरसाइकिल सवार व्यक्ति ने अपना नाम ऐश मोहम्मद पुत्र मो शकील निवासी ग्राम मनी मनोहर थाना मोहनगंज बताया। मोटरसाइकिल के कागजात मांगने पर दिखा न सका एवं पूछताछ में बताया कि उसने यह हीरो एचएफ डीलक्स मोटरसाइकिल नंबर यूपी 33 जेड 7130 कुछ दिन पहले रस्तामऊ मस्जिद के पास से चुराई थी। अभियुक्त की निशानदेही पर भदमर मार्ग के पास खण्डहर से चोरी की 2 अन्य मोटरसाइकिल होण्डा शाइन यूपी 32 जेके 8195 एवं एचएफ डीलक्स बिना नंबर प्लेट मोटरसाइकिल बरामद हुई। बरामद मोटरसाइकिलों के बारे में अभियुक्त ने बताया कि उसने मोटरसाइकिल होण्डा शाइन यूपी 32 जेके 8195 को जनपद लखनऊ से चुराया था एवं बिना नंबर प्लेट हीरो एचएफ डीलक्स मोटरसाइकिल अभियुक्त को उसके साथी राहुल सिंह पुत्र गंगाबक्श सिंह निवासी हरपालपुर थाना जगदीशपुर ने हलियापुर जनपद सुलतानपुर से चोरी कर बेचने के लिये दिया था। बरामदगी के आधार पर अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया है। बरामद मोटरसाइकिल हीरो एचएफ डीलक्स मोटरसाइकिल नंबर यूपी 33 जेड 7130 के संबंध में थाना मोहनगंज पर तथा बिना नंबर प्लेट हीरो एचएफ मोटरसाइकिल के संबंध में थाना हलियापुर जनपद सुलतानपुर पर मुकदमा पंजीकृत है।

### हमारा विद्यालय हमारा स्वाभिमान संकल्प कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** सोमवार को जनपद के परिषदीय एवं माध्यमिक शिक्षा परिषद के आधीन विद्यालयों मान्यता प्राप्त व निजी कॉलेज में अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के द्वारा पूर्व सुनिश्चित हमारा विद्यालय हमारा स्वाभिमान कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें जनपद के शिक्षकों और बच्चों ने प्रतिभाग किया। राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ द्वारा विद्यालयों व शिक्षकों के मान सम्मान व स्वाभिमान से संबंधित पांच संकल्प विद्यालयों को स्वच्छ व हरित बनाने, विद्यालय के संपदा संसाधन के संरक्षण व विवेक पूर्ण उपयोग, विद्यालय में बिना भेदभाव वातावरण के सीखने और सिखाने के पद पर अग्रसर रहने, शिक्षा को केवल ज्ञान का माध्यम नहीं अपितु चरित्र निर्माण आत्म विकास और समाज सेवा का साधन मानकर तथा विद्यालय को सेवा समर्पण का तीर्थ मानते हुए उसका गौरव बढ़ाने के लिए सतत रूप से प्रयत्नशील रहने संबंधी कुल पांच शपथ शिक्षकों व बच्चों के द्वारा संकल्प रूप में लिया गया। जनपद में सिंहपुर ब्लॉक में 317 शिक्षकों एवं 10769 बच्चे ,गौरीगंज में 170 विद्यालयों के 731 शिक्षक 11121 बच्चों, जगदीशपुर के 121 विद्यालय के 356 शिक्षक 11209 बच्चों, तिलोई के 178 विद्यालय के 560 शिक्षक 14700 बच्चे, भेंटुआ के 74 विद्यालय , 296 शिक्षक, 3700 बच्चों के साथ ही जनपद के कुल 1073 विद्यालयों के 3451 शिक्षक व 75854 बच्चों ने संकल्प लिया। कार्यक्रम की सफलता पर अध्यक्ष विवेक शुक्ला, मंत्री धीरेंद्र सिंह बघेल, सचिन श्रीवास्तव अमित पांडे, प्रवीन मिश्रा, प्रमोद पांडे, अंकित सहित विभिन्न विकास क्षेत्र के सक्रिय साथियों व सहयोगियों ने प्रसन्नता जाहिर की।

# खाद की ओवर रेटिंग व मारामारी को लेकर जिला प्रशासन अलर्ट

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**



जिला जिलाधिकारी हर्षिता माथुर के निर्देश पर जिले में खाद को लेकर मची मारामारी और ओवररेटिंग की शिकायतों के बीच रायबरेली जिला प्रशासन अलर्ट हो गया है। रायबरेली जिला प्रशासन ने किसानों की खाद की समस्याओं के निस्तारण के लिए कंट्रोल रूम बनाया गया है। इस कंट्रोल रूम में किसान खाद की कमी या खाद की ओवररेटिंग की शिकायत कर सकते है। डीएम के निर्देश पर कृषि विभाग के अधिकारियों को खाद की दुकानों के निरीक्षण करने के निर्देश दिए हैं। इस संबंध में जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने अधिक जानकारी देते हुए बताया कि खाद के संबंध में गंभीरता पूर्वक पूरे जनपद स्तर पर इसकी मॉनिटरिंग की जा रही है। इस संबंध में एक कंट्रोल रूम गठित किया गया है जिससे खाद के वितरण में संबंधित अगर कोई शिकायतें हैं तो उनका निवारण किया जा सके और इसको तीन शिफ्ट में कृषि विभाग एवं सहकारिता विभाग की टीम को लगाते हुए गंभीरता से चलाया जा रहा है।

### आकाशीय बिजली की वजह से क्षेत्र पंचायत सदस्य के घर कई विघुत उपकरण फुंकें

**महराजगंज रायबरेली।** चन्दापुर थाना क्षेत्र के पहरेमऊ ग्राम पंचायत के दलजीत का पुरवा गांव निवासी पूर्व क्षेत्र पंचायत सदस्य राजकुमार चौरसिया ने बताया आकाशीय बिजली की चपेट में आने से घर के कई उपकरण खराब हो गए जबकि बिजली चली गई थी उसके बावजूद भी बिजली से चलने वाले तमाम उपकरण खराब हो गए और काफी नुकसान हुआ है उन्होंने बताया कि इनवर्टर द्वारा सारे उपकरण जला दिए गए समझ में यह नहीं आता कि जब बिजली नहीं थी तो इनवर्टर से कैसे इतने उपकरण जल सकते हैं जबकि इस तरह की आकाशीय बिजली आज तक मैंने अपनी उम्र में पहले कभी नहीं देखी थी।

## यातायात पुलिस ने चलाया विशेष चेकिंग अभियान



**रायबरेली।** पुलिस अधीक्षक रायबरेली डॉक्टर यशवीर सिंह के निर्देशन में प्रभारी निरीक्षक यातायात द्वारा यातायात पुलिस टीम के साथ सिविल लाइन चौराहा से मामा चौराहा, सिविल लाइन से गोरा बाजार, सिविल लाइन से सारस तिराहा तक सघन अभियान चलाकर नो पार्किंग एरिया में खड़े वाहनों का चालान एवं सीज की कार्यवाही करते हुए भारी वाहनों के मैकेनिक गैराज मालिको को सख्त निर्देश देते हुए हिदायत दी गई है कि सड़क के किनारे वाहन खड़ा करके वहां मरम्मत का कार्य न करें, यदि आप लोगों के द्वारा दिए गए निर्देशों का पालन नहीं किया जाएगा तो गैराज मालिक और वाहन के खिलाफ वैधानिक कार्यवाही की जाएगी। अभियान के दौरान 32 मोटरकार, 10 ई रिक्शा, 8 ऑटो 25 मोटरसाइकिल, 5 विक्रम का नियमानुसार चालान किया गया व एक अनुबंधित रोडवेज बस को सीज किया गया। उच्च अधिकारियों के आदेशानुसार नो हेलमेट नो फ्यूल पर एआरटीओ अंबुज कुमार के साथ पेट्रोल पंपों पर संयुक्त अभियान चलाकर वैधानिक कार्यवाही की गई।

## भरभरा कर गिरी पेड़ की डाल व्यवसाई की हुई दर्दनाक मौत

**डलमऊ रायबरेली।** वर्षों पुराने नीम के पेड़ की डाल अचानक भरभरा कर गिर गई जिससे उसकी चपेट में आने से अनाज व्यवसाई की दर्दनाक मौत हो गई। आनन-फानन में परिजन उसे लेकर अस्पताल पहुंचे जहां डॉक्टरों में उसे मृत घोषित कर दिया। परिजनों को घटना की जानकारी हुई तो घर में कोहराम मच गया। पुलिस में शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

डलमऊ कोतवाली क्षेत्र के मलियापुर गांव निवासी घनश्याम साहू पुत्र बाबूलाल साहू उम्र लगभग 55 वर्ष अनाज व्यवसाय का काम करता था वह तांगे में अनाज भर कर बाजारों में बिक्री करता था मंगलवार की सुबह हो रही तेज बारिश से घर के बाहर खड़े तांगे को पॉलिथीन से ढकने के लिए गया था जैसे ही वह वापस घर की तरफ बढ़ा तभी घर के बगल में स्थित वर्षों पुराने नीम के पेड़ की डाल अचानक भरभरा कर उसके ऊपर गिर पड़ी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। आनन-फानन में परिजन उसे लेकर सीएचसी डलमऊ पहुंचे जहां पर उपस्थित चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिवारीजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। ग्रामीणों से सूचना मिलने के बाद पहुंची डलमऊ पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया और पंचनामा की कार्रवाई करते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक अपने पीछे तीन पुत्र और एक पुत्री को छोड़ गया है। पत्नी का लगभग एक वर्ष पूर्व देहांत हो चुका है। इस संबंध में कोतवाली प्रभारी डलमऊ श्याम कुमार पाल ने बताया कि पेड़ की डाल गिरने से अधेड़ की मौत हुई है। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है विधिक कार्रवाई की जा रही है।

## एक किलो 46 ग्राम अवैध लिक्विड अफीम के साथ दो अभियुक्त गिरफ्तार, भेजा गया जेल

**बछरावां, रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**

अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध कृत कार्यवाही के अंतर्गत थाना बछरावां व एसटीएफ लखनऊ की संयुक्त पुलिस टीम के द्वारा संदिग्ध व्यक्ति/वाहन चेकिंग के दौरान मुखबिरखास की सूचना पर अभियुक्तगण अंश शुक्ला पुत्र स्वर्गीय देवेंद्र शुक्ला निवासी ग्राम हटिया मझिगवां थाना बेनीगंज जनपद हरदोई एवं करनवीर सिंह पुत्र जोगेंद्र सिंह निवासी ग्राम महडौरा पिपरी थाना बेनीगंज जनपद हरदोई को 1 किलो 46 ग्राम अवैध अफीम व तस्करी में प्रयोग महिंद्रा थार गाड़ी के साथ थाना क्षेत्र के शक्तिभोग रेस्टोरेंट के पास नियमानुसार गिरफ्तार किया गया है। जिनके विरुद्ध स्थानीय थाने पर



पंजीकृत मुकदमा अपराध संख्या 416/2025 धारा 318(4), 319/338/340(2) बीएनएस व धारा 8/18 एनडीपीएस अधिनियम के तहत विधिक कार्यवाही करते हुए न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है। पुलिस से पूछताछ के दौरान अभियुक्तगणों द्वारा बताया गया कि हम लोग झारखंड से अफीम लेकर पंजाब प्रांत जा रहे थे। पुलिस से बचने के लिए हमने अपनी दूसरी थार गाड़ी के नंबर प्लेट यूपी 32 एनके 9602 बदलकर इस थार गाड़ी में लगा लिया था। जबकि इस थार गाड़ी का सही नंबर पीबी 10 जेएफ 8013 है। गिरफ्तार अभियुक्त करनवीर सिंह का पूर्व मे भी अपराधिक इतिहास रहा है। उसके विरुद्ध थाना मिश्रिख जनपद सीतापुर में एनडीपीएस अधिनियम एवं अन्य धाराओं के अंतर्गत तीन अभियोग पंजीकृत है। अभियुक्तगणों को गिरफ्तार करने में प्रभारी निरीक्षक राजीव सिंह थाना बछरावां, निरीक्षक संतोष कुमार एसटीएफ लखनऊ, उप निरीक्षक हरिमोहन सिंह थाना बछरावा, उप निरीक्षक पवन कुमार एसटीएफ लखनऊ, हेड कांस्टेबल रमाशंकर चौधरी एसटीएफ लखनऊ, हेड कांस्टेबल राघवेंद्र तिवारी एसटीएफ लखनऊ, हेड कांस्टेबल सूरज कुमार एसटीएफ लखनऊ, हेड कांस्टेबल चालक विष्णु कुमार सिंह एसटीएफ लखनऊ, कांस्टेबल मनोज यादव थाना बछरावां की महती भूमिका रही।

### फाउंडेशन की मासिक बैठक में जिला एवं ब्लॉक स्तरीय कमेटी को किया गया भंग



**खैराबाद, सीतापुर।** मंगलवार को आत्मनिर्भर दिव्यांग एकता फाउंडेशन की मासिक बैठक सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता राष्ट्रीय अध्यक्ष राजीव सिंह ने की। बैठक में पूर्व की मासिक बैठक में की गई चर्चा पर विचार विमर्श किया। मा मुख्यमंत्री आवास योजना जिले में लक्ष्य होने के बावजूद सचिव/प्रधान पात्र लाभार्थियों को देने में कर रहे मनमानी । और कई दिव्यांगों ने अपने अपने सुझाव रखे। और दिव्यांगों ने फाउंडेशन के कई पदाधिकारी व सदस्यों ने फाउंडेशन के विपरीत कार्य में संलिप्त होने की जानकारी दी। जो संगठन के अनुशासनहीनता मानते हुए तत्काल संज्ञान लेते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष राजीव सिंह सभी की सहमति ली। सहमति के उपरांत सभी को पदमुक्त करने के निर्देश प्रबंधक/सचिव बिन्दू मौर्या को दिए। उक्त निर्देशन के अनुपालन करते हुए प्रबंधक/सचिव बिन्दू मौर्या ने तत्काल प्रभाव से जिला एवं ब्लॉक स्तरीय कमेटी को भंग करते हुए बताया कि जल्द कार्यकारिणी बैठक कर विचार विमर्श करके पुनः चुनाव करके कमेटी का गठन किया जायेगा। और कहा कि सीएमओ कार्यालय में तैनात कर्मचारी दिव्यांग पटल देखा रहे दिव्यांग प्रमाण पत्र बनवाने में धांधली होने की आंशका जताई। इस अवसर पर राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष विजय पाल,गुड्डू, हरिलाल, रिंकी, मोमिना खातून, कालिंदी, सूखी, कौशल किशोर, फूलमती, अनीता पाल, अंकित कुमार, पृथ्वीपाल, रिजवाना, भगीरथ सहित सैकड़ों दिव्यांग, विधवा महिलाएं उपस्थित रहीं।

## मूसलाधार बारिश से घरों में भरा पानी, ग्रामीणों आक्रोशित



**बछरावां रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**

बीते दो दिनों से हो रही मूसलाधार बारिश से विकासक्षेत्र के महारानी खेड़ा मजरे समोधा गांव के लगभग दो दर्जन घरों में पानी भर गया है। जल निकासी की व्यवस्था न होने से सड़के जलमग्न हो गई हैं। लोगों का घरों से निकलना मुश्किल हो गया है। स्थानीय निवासी अशोक कुमार, शीतल शंकर, अन्नतू , शिवकुमारी , अनिल, रामू , श्रीराम, पुनर्वासी, जगदीश , सजीवन , पुतून , अहरवादीन समेत अन्य ग्रामीणों ने बताया कि गांव में जल निकासी की व्यवस्था नहीं है । जिसके चलते बरसात में पानी घरों के अंदर तक पहुंच जाता है। जिसकी शिकायत कई बार ग्राम प्रधान समेत अन्य आला अधिकारियों से की गई, परंतु हर बार शिकायत को अनसुना कर हमारी इस गंभीर समस्या की ओर ध्यान नही दिया गया। अपनी इस गंभीर समस्या से आजिज आ चुके ग्रामीणों ने सड़कों पर भरे पानी में खड़े होकर प्रदर्शन किया है। और विभागीय अधिकारियों को जमकर कोसा है। ग्रामीणों का कहना है कि जिधर पहले पानी निकासी के लिए नाले का निर्माण कराया गया था और पाइप डाली गई थी। उस नाले के ऊपर अब एक मकान का निर्माण कर दिया गया। जिससे पानी निकासी का रास्ता बंद हो गया। वही बाद में पानी निकासी के लिए नाली का निर्माण कराया गया परंतु कुछ अराजक तत्वों के विरोध के कारण नाली का निर्माण कार्य आधा अधूरा छोड़ दिया गया। कई बार अधिकारियों से कहा गया कि इस समस्या पर ध्यान दें, लेकिन सभी ने अनसुना कर दिया। साथ ही साथ उनका यह भी कहना है कि हमारे घरों में छोटे-छोटे बच्चे है, घरों के अंदर पानी भर गया है। बच्चे इस जलभराव मे गिरकर चोटिल हो रहे हैं और जलभराव मे अनेक प्रकार की संक्रामक बीमारियां भी उत्पन्न हो रही है। जिसमें इलाज में हमारा लोगों की हजारों रुपए खर्च हो रहा हैं। परंतु जिम्मेदार लोग अपने में मस्त है, हमारी इस समस्या से उनका कोई लेना देना नहीं है।

## प्रशासनिक अधिकारियों ने किया परीक्षा स्थलों का निरीक्षण



**सीतापुर।** उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा आयोजित होने वाली प्रारम्भिक अर्हता परीक्षा-2025 के दृष्टिगत जिलाधिकारी अभिषेक आनंद एवं पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल ने राजकीय इण्टर कालेज, सीतापुर, उजागर लाल इण्टर कालेज सीतापुर, म्युनिसिपल इण्टर कालेज सीतापुर का निरीक्षण कर व्यवस्थाएं देखीं। पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल ने परीक्षा को नकल विहीन कराने हेतु परीक्षा कक्षों, सीसीटीवी नियंत्रण कक्ष, यातायात सुरक्षा व्यवस्था, चैकिंग फेस्किंग सुचितापूर्ण, शांतिपूर्ण एवं सकुशल सम्पन्न कराने के दृष्टिगत संबंधित पुलिस अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये। महिलाओं अभ्यार्थियों की चैंकिंग फैस्किंग हेतु महिला आरक्षियों को तैनात किया जाएगा। इस दौरान उपजिलाधिकारी सदर धामनी एस दास, जिला विद्यालय निरीक्षक राजेन्द्र सिंह, प्रभारी निरीक्षक कोतवाली नगर, यातायात निरीक्षक मौजूद रहे।

### जिले में नो हेलमेट-नो फ्यूल अभियान शुरू

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** सड़क सुरक्षा को लेकर शासन स्तर से चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत जनपद में नो हेलमेट–नो फ्यूल अभियान 1 से 30 सितंबर तक संचालित किया जा रहा है। सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी महेश बाबू गुप्ता ने बताया कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य सड़क दुर्घटनाओं और मृतकों की संख्या में कमी लाना है। इसके लिए दोपहिया वाहन चालकों और उनके पीछे बैठने वाले सहयात्रियों को हेलमेट पहनने की आदत डालने पर जोर दिया जा रहा है।जनपद के सभी पेट्रोल पंप स्वामियों, संचालकों व प्रभारियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि बिना हेलमेट लगाए किसी भी दोपहिया वाहन चालक को पेट्रोल न दिया जाए। सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी ने आम नागरिकों से अपील करते हुए कहा है कि सड़क पर सुरक्षित सफर सभी की जिम्मेदारी है।

## जिले की गौशालाओं में व्याप्त अनियमताएं, भूख-प्यास से तड़पते व बीमार पड़े गौवंशः एसके तूफानी

▸ **राष्ट्रवादी युवा अधिकार मंच के प्रदेश अध्यक्ष एसके तूफानी ने सीडीओ को सौंपा पत्र**

**सीतापुर, समृद्धि न्यूज़।**

जनपद की गौशालाओं में भूख प्यास, बीमारी से तड़पते गौवंश की सूचनाएं लोगों द्वारा मिल रही थी। जिससे आहत होकर राष्ट्रवादी युवा अधिकार मंच प्रदेश अध्यक्ष (अवध क्षेत्र) उत्तर प्रदेश एस के तूफानी अपने पदाधिकारियों के साथ दिनांक एक सितंबर 25 को विकासखंड कसमंडा की ग्राम पंचायत कल्याणपुर में गौशालाओं की स्थित देखने हेतु मौके पर पहुंचे जहां काफी अनियमिताएं देखने को मिली है। तूफानी ने बताया कि जब संगठन पदाधिकारियों द्वारा गौशाला देखने का प्रयास किया गया। तो गेट नही खोला गया। जनपद की गौशालाओं में गौवंशो की बड़ी दुर्दशा हो रही है। जिससे संगठन के पदाधिकारी गौशाला देखना चाहते थे। उसके बावजूद भी गौशाला का गेट नहीं खोला गया। जिससे ऐसा प्रतीत होता है कि गौशाला के अंदर भूख प्यास से तड़पते व बीमार गौवंशों को संगठन द्वारा न देखा जा सके और उच्च अधिकारियों को अवगत न कराया जा सके। जब खंड विकास अधिकारी से वार्ता की गई तो उन्होंने बताया ऐसा कुछ भी नही है और सुधार किया जा रहा है। जबकि गौशाला में कई गौवंश मृत अवस्था में



दिखे जिन्हें केयरटेकर द्वारा एकांत में ले जाया गया वहीं कई गौवंश गंभीर अवस्था में बीमार भी दिखाई दे रहे थे। जिससे प्रतीत होता है कि सरकार की मंशा पर विकासखंड पर बैठे खंड विकास अधिकारी ही गोवंशों की हत्या कराने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं? और सरकार की मंशा पर पानी फेर रहे हैं। जबकि प्रदेश सरकार द्वारा लगातार गौवंशो की सुरक्षा व दाना भूसा की समुचित व्यवस्था करने के लिए जिम्मेदारों को कड़े निर्देश दिए जाते रहे हैं। उसके बावजूद भी जनपद के गौशालाओं में गोवंशों की बहुत ही दयनीय दशा है। जिसे जनता जवाब चाहती हैं। ग्राम पंचायत में निम्नलिखित बिंदुओं की जांच की जाए।

1. गौशाला में कई जानवर मृत अवस्था व बीमार पड़े हुए थे जिसकी जांच हो। 2. खुले में भूसा लगा था तिरपाल भी नही पड़ा था जिसकी जांच हो। 3. गौशाला में पटंजा के नाम पर भुगतान निकाला गया है परंतु पटंजा लगा नहीं है जिसकी जांच हो। 4. गौशाला में मिट्टी पटाई के नाम पर बद्री विशाल ट्रेडर्स फर्म पर भुगतान लगाया गया है जबकि फर्म संचालक द्वारा बताया गया कि हम मिट्टी पटाई का कार्य नहीं करते हैं जिससे स्पष्ट होता है कि भ्रष्टाचार का खेल किया गया है। जिसकी जांच हो। 5. गौशाला पर संगठन के पदाधिकारियों के पहुंचते ही गेट में ताला लगा दिया गया आखिर क्यों.. यदि अनियमिताएं नहीं थी तो गौशाला के अंदर क्यों जाने नहीं दिया गया। 6. मौके पर गौशाला में बहुत कम गौवंश है जबकि कितने गौवंश रजिस्टर्ड है जिसकी उच्च स्तरीय जांच कर कार्यवाही की जाएगी।

विभिन्न मांगों को लेकर मुख्य विकास अधिकारी को एक पत्र सौपा गया है। इस मौके पर जिला महासचिव अखिलेश गौतम, जिला सचिव मोती लाल, राजीव मिश्रा, सरद प्रकाश वर्मा, शिवम राठौर, शोभित गौतम सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## एसपी ने कस्बा जगदीशपुर में किया पैदल गश्त



**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** आगामी त्यौहारों के दृष्टिगत शांति, सुरक्षा व कानून व्यवस्था बनाये रखने तथा नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वावलंबन हेतु महिलाओं, बालिकाओं एवं आमजनमानस में सुरक्षा व विश्वास का वातावरण बनाने के उद्देश्य से सोमवार को देर शाम जनपद पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक द्वारा पुलिस बल के साथ कस्बा जगदीशपुर में भीड़भाड़ एवं संवेदनशील स्थानों पर पैदल गश्त किया गया तथा वहाँ पर मौजूद स्थानीय लोगों एवं दुकानदारों से वार्ता की गई तथा स्थानीय लोगों को सुरक्षा का भरोसा दिलाया गया। लोगों से त्यौहार को मिलजुलकर मनाने, अफवाहों पर ध्यान न देने व अफवाहों को फैलने से रोकने के संबन्ध में अपील की गयी। इस दौरान क्षेत्राधिकारी मुसाफिरखाना अतुल कुमार सिंह, कोतवाली प्रभारी जगदीशपुर धीरेंद्र कुमार यादव एवं अन्य अधिकारी, कर्मचारीगण मौजूद रहे।

### श्री केंद्रीय दुर्गा पूजा व्यवस्था समिति की बैठक संपन्न

**अमेठी।** सोमवार को श्री केंद्रीय दुर्गा पूजा व्यवस्था समिति द्वारा मुसाफिरखाना के सभी श्री दुर्गा पूजा समितियां को बुलाकर बैठक की गई जिसमें केंद्रीय दुर्गा पूजा व्यवस्था समिति के संरक्षक, पदाधिकारीगण एवं सभी दुर्गा पूजा समितियां के अध्यक्ष एवं कार्यकर्तागण उपस्थित रहे। सर्वसम्मत से अतुल सिंह को अध्यक्ष बनाया गया। जिसमें संरक्षक बलराम कुमार अग्रहरी ने संचालन करके केंद्रीय दुर्गा पूजा व्यवस्था समिति की भूमिका को रखा वही श्री केंद्रीय दुर्गा पूजा व्यवस्था समिति के युवा सेना अध्यक्ष राहुल कौशल विद्यार्थी ने सभी दुर्गा पूजा समितियां की समस्याओं की वृहद चर्चा की एवं उनकी मुख्य समस्याओं को डायरी में नोट किया जिसमें सभी समितियां के सर्वसम्मत से अष्टमी के दिन 30 सितंबर 2025 को मातारानी का प्रथम दिन की शुरुआत होगी और 8 अक्टूबर को विसर्जन किया जाएगा।

## डीएओ ने एग्री जंक्शन केंद्र का लाइसेंस किया निलंबित

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।**



जिला कृषि अधिकारी डॉ राजेश कुमार द्वारा मंगलवार को जनपद के विभिन्न उर्वरक व बीज केंद्रों का निरीक्षण किया गया। इसमें इफको किसान सेवा केंद्र जायस, साधन सहकारी समिति ब्रह्मानी, ओदारी, फूला, एग्री जंक्शन केंद्र मिठ्ठू का पुरवा तथा पुनीत बीज भंडार फुरसतगंज शामिल थे। निरीक्षण उपजिलाधिकारी तिलोई को प्राप्त शिकायत के क्रम में किया गया। जांच के दौरान एग्री जंक्शन केंद्र मिठ्ठू का पुरवा दुकान बंद पाई गई। इस पर कृषि अधिकारी ने तत्काल प्रभाव से उक्त केंद्र का उर्वरक लाइसेंस निलंबित कर दिया। निरीक्षण के दौरान एक उर्वरक तथा दो कीटनाशक (पेस्टीसाइड) के नमूने गुणवत्ता जांच हेतु लिए गए। मौके पर मौजूद किसानों से बातचीत में कुछ किसानों ने बताया कि वे प्रति बीघा एक बोरी यूरिया का छिड़काव कर रहे हैं। इस पर कृषि अधिकारियों ने उन्हें चेताया कि प्रति बीघा अधिकतम 25 किलोग्राम यूरिया का ही प्रयोग करें। अधिकारियों ने समझाया कि अधिक मात्रा में यूरिया छिड़कने से फसल की बढ़वार तो तेजी से होती है, लेकिन उसके गिरने की संभावना भी बढ़ जाती है, जिससे उत्पादन प्रभावित होता है। इसके अलावा कीट व रोग लगने का खतरा भी अधिक हो जाता है। संतुलित मात्रा में खाद देने से ही फसल स्वस्थ रहती है और उत्पादन बेहतर होता है।

## वोट चोरी के खिलाफ पूरा विपक्ष एक साथ

बिहार में 17 अगस्त से शुरु हुई वोटर अधिकार यात्रा का समापन कार्यक्रम 1 सितंबर को पटना में हो गया। हालांकि इस समापन से एक नयी शुरुआत देश भर में हो चुकी है जिसमें अपने मताधिकार की रक्षा के लिए जनता स्वतःस्फूर्त खड़ी होती दिख रही है। पटना में समापन के मौके पर उमड़े जनसैलाब को संबोधित करते हुए राहुल गांधी ने कर्नाटक की महादेवपुरा सीट में फर्जी मतदाताओं की पड़ताल के प्रकरण को दोहराते हुए कहा कि तब तो केवल एटम बम फटा था, लेकिन उससे भी ताकतवर होता है हाइड्रोजन बम, जो अब फूटने जा रहा है। निश्चित ही कांग्रेस पार्टी ने कई ऐसे और सबूत अब तक एकत्र कर लिए होंगे, जिनके सामने आने से बड़ा धमाका होने वाला है। दो दिन पहले गुजरात में कांग्रेस अध्यक्ष अमित चावड़ा ने लोकसभा सीट नवसारी और विधानसभा सीट चोरयासी पर जांच का दावा किया है। उन्होंने बताया कि कुल मतदाताओं में करीब 30 हजार फर्जी हैं। जब दो सीटों पर इतनी बड़ी संख्या में फर्जी वोटर हैं, तब इस फर्जीवाड़े का दायरा और कितना बड़ा होगा, यह अनुमान लगाया जा सकता है। महाराष्ट्र और हरियाणा के विधानसभा चुनाव इसके अलावा लोकसभा चुनावों में भी मतदाता सूची में हेरफेर के इल्जाम श्री गांधी लगा चुके हैं, तो मुमकिन हैं अबकी बार इन्हीं से किसी चुनाव की गड़बड़ी फिर से सामने लाई जाएगी। झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन भी बिहार में यात्रा समापन पर शामिल हुए और उन्होंने कहा कि वोट चोरी पहले से चल रही थी, पकड़ में अब आई है। पटना में राहुल-तेजस्वी द्वय के साथ जेएमएम से हेमंत सोरेन, शिवसेना से संजय राउत, एनसीपी से जितेंद्र आव्हाड़, टीएमसी से युसूफपठान, माकपा से एम ए बेबी, भाकपा से डी राजा और एनी राजा सभी समापन के मौके पर शामिल हुए। इससे पहले एम के स्टालिन, कनिमोझी, अखिलेश यादव, पप्पू यादव तो यात्रा में साथ चले भी हैं। इसके संकेत साफहैं कि वोट चोरी या एसआईआर के जरिए मतदाता सूची से नाम काटने का मुद्दा केवल बिहार तक सीमित नहीं है, बल्कि यह पूरे देश का मुद्दा बन चुका है और समूचा विपक्ष इसमें एक साथ भाजपा के खिलाफखड़ा है। पूरा विपक्ष चुनाव आयोग पर धांधली के एक जैसे इल्जाम लगा रहा है। अभी आम आदमी पार्टी इसमें शामिल नहीं हुई, लेकिन वोट चोरी की शिकायत वह भी करती है और जब संसद से चुनाव आयोग तक विपक्ष का पैदल मार्च हुआ था, तब आप के सांसद संजय सिंह भी शामिल हुए थे। भाजपा के लिए और नरेन्द्र मोदी की सत्ता के लिए यह अच्छे संकेत नहीं हैं कि विपक्ष पहले से ज्यादा ताकतवर और एकजुट दिखाई दे रहा है। वैसे तो पूरी यात्रा के दौरान भारी हुजूम उमड़ा रहा, लेकिन समापन के मौके पर न केवल बिहार बल्कि देश के अलग-अलग जगहों से लोग अपने आप पहुंचे थे। गांधी मैदान से अंबेडकर प्रतिमा तक विपक्ष के काफिले को आगे बढ़ने में घंटों लगे क्योंकि तिल रखने की जगह भी नहीं थी। तिरंगे, हरे, लाल, नीले रंग के झंडों से पटना अटा पड़ा था और वहीं बहुत से लोगों ने काले कपड़ों में भी अपनी मौजदूगी दर्ज कराई। लेकिन उनका भी राहुल-तेजस्वी से बैर नहीं था, और न ही नरेन्द्र मोदी की तरह किसी को काले कपड़ों में आने से रोका गया। बल्कि 30 अगस्त को यात्रा के आखिरी दिन भोजपुर में भारतीय जनता युवा मोर्चा के 4 कार्यकर्ताओं ने राहुल गांधी को काले झंडे दिखाए थे, तो उन्होंने उन युवकों को पास बुलाकर उनकी बात सुनी थी और बताया था कि श्री मोदी के लिए जो अपशब्द कहे गए, तब वो वहां नहीं थे, न किसी कांग्रेसी ने ऐसा कहा है। हालांकि भाजपा अब इसे ही मुद्दा बनाने की कोशिश में थी।

# मैना देवी को अंग्रेजों ने कठोर यातनाएं दीं फिर जिन्दा जलाया

– रमेश शर्मा



**जनरल नील और हैवलॉक की सेनाओं ने पूरे क्षेत्र पर घेरा डाला और कत्लेआम प्रारम्भ कर दिया। यह कत्लेआम पहले कानपुर नगर के आसपास के गाँव में हुआ। कानपुर नगर के सभी संपर्क मार्ग बंद कर दिये गये थे। ताकि कोई न नगर से बाहर जा सके और कोई भीतर आ सके। खाद्यान, सब्जी या सैनिक सामग्री आदि किसी भी प्रकार की सहायता नगर के भीतर न पहुँच सकी । न कोई संदेश आ सके। इस रणनीति से कानपुर का संपर्क तो पूरे भारत से टूटा ही इसके साथ आतंक भी फैला। अंग्रेज क्राँतिकारियों का मनोबल तोड़कर आत्म समर्पण के लिये विवश भी करना चाहते थे और नाना साहब को जीवित पकड़ना चाहते थे। लेकिन नाना सहाब भी अपनी रणनीति से काम कर रहे थे।**

पराधीनता काल के भीषण अत्याचारों से केवल सल्तनत काल का इतिहास ही रक्त रंजित नहीं है, अंग्रेजी काल में भी असंख्य क्रूरतम घटनाएँ इतिहास के पन्नों में दर्ज हैं जिन्हें पढ़कर आज भी प्रत्येक भारतीय आत्मा रो उठती है। अंग्रेजों ने भी क्रूरता और अत्याचार की सभी मर्यादाएँ तोड़ीं हैं। ऐसी ही एक घटना कानपुर के पास बिठूर की है । अंग्रेजों ने एक तेरह वर्षीय बालिका मैना देवी को पहले कठोरतम यातनाएँ दीं और फिर जिन्दा जलाया। इस बालिका मैना देवी का अपराध इतना था कि वह नाना साहब पेशवा की दत्तक पुत्री थी। 1857 के स्वाधीनता संग्राम में कानपुर एक प्रमुख केन्द्र था ।

यहीं से ही क्राँति के संदेश देश भर में भेजे गये थे। प्रत्येक स्थान के लिये क्रान्ति के कारण और तिथियाँ अलग थीं। सबको संयोजित करने की योजना कानपुर में ही बनी थी। इसकी कमान नाना साहब पेशवा के हाथ में थी । उनकी ओर से तात्याटोपे ने टोली बनाकर भारत भर में संदेश वाहक भेजे थे। संदेशों के आदान प्रदान का काम भ्रमण करने वाले संन्यासी और ग्राम पुरोहित कर रहे थे। देश भर में वातावरण बनाकर कानपुर में क्राँति का शंखनाद किया गया और नाना साहब ने सत्ता भी संभाल ली। नाना साहब पेशवा ने सभी अंग्रेज परिवारों को सुरक्षित आगरा भेजने का प्रबंध भी कर लिया था। इसके लिये दो सौ नावें एकत्र कर लीं गई थी ताकि जल मार्ग से ये सभी यूरोपीय परिवार सुरक्षा के साथ जा सकें कुछ नावें रवाना भी हुईं किन्तु सत्ती चौरा में कुछ सैनिकों में प्रतिक्रिया हुई और कुछ अंग्रेज परिवारों को मार डाला गया। इस घटना से अंग्रेज बौखलाए। समाचार लंदन तक पहुंचा। कानपुर में दमन के आदेश हुये। अपनी क्रूरतम सैन्य कार्रवाई के लिये कुख्यात जनरल नील और जनरल हैवलॉक अपनी अपनी सेनायें लेकर कानपुर पहुँचे। अंग्रेजों का पारा सातवें आसमान पर था। उन्हें किसी भी प्रकार अपनी सत्ता तो वापस पाना ही थी, किन्तु इससे अधिक वे अंग्रेज परिवारों के वध का बदला लेना चाहते थे वह भी इस क्रूर योजना के साथ कि भविष्य में कोई भी अंग्रेज परिवारों पर आँख उठाकर देखने ने दुस्साहस न कर सके ।

जनरल नील और हैवलॉक की सेनाओं ने पूरे क्षेत्र पर घेरा डाला और कत्लेआम प्रारम्भ कर दिया। यह कत्लेआम पहले कानपुर नगर के आसपास के गाँव में हुआ। कानपुर नगर के सभी संपर्क मार्ग बंद कर दिये गये थे। ताकि कोई न नगर से बाहर जा सके और कोई भीतर आ सके। खाद्यान, सब्जी या सैनिक सामग्री आदि किसी भी प्रकार की सहायता नगर के भीतर न पहुँच सकी । न कोई संदेश आ सके। इस रणनीति से कानपुर का संपर्क तो पूरे भारत से टूटा ही इसके साथ आतंक भी फैला। अंग्रेज क्राँतिकारियों का मनोबल तोड़कर आत्म समर्पण के लिये विवश भी करना चाहते थे और नाना साहब को जीवित पकड़ना चाहते थे। लेकिन नाना सहाब भी अपनी रणनीति से काम कर रहे थे। अंग्रेजों तो सूचना थी कि नाना सहाब कानपुर में हैं लेकिन वे बिठूर से क्राति का संचालन कर रहे थे। नाना सहाब को पकड़ने के लिये अंग्रेजी सेना ने पहले कानपुर में विध्वंस और नरसंहार किया। यहाँ उन्हें नाना साहब के बिठूर पहुँचने की सूचना मिली। अंग्रेजी सेना फिर बिठूर पहुँची। बिठूर का किला घेर लिया गया। नाना साहब जानते थे कि कानपुर के बाद अंग्रेज बिठूर आयेगें वे बिठूर का किले की नाकाबंदी होने से पहले ही वेश बदलकर निकल गये पर उनके द्वारा गोद ली गई बालिका मैना देवी वहीं किले में रह गई। नाना साहब ने मैना को तब गोद लिया था जब वह बहुत छोटी थी। मैना देवी उसी किला महल में खेल कूद कर बड़ी हुई थी।

यहाँ इतिहासकारों के अलग अलग मत हैं। कुछ का मानना है कि नाना साहब अपनी पुत्री को भी साथ ले जाना चाहते थे पर वह स्वयं जिद करके मैना वहीं रुक गई। जबकि कुछ का मानना है कि मैना देवी बिठूर में पहले से थी। नाना साहब जब वेष बदलकर कानपुर से निकले तब वे बिठूर आये ही नहीं थे। नाना साहब कानपुर से अज्ञातवास को चले गये थे। उन्होंने अज्ञातवास से ही अपने विश्वासपात्र सैनिकों को बालिका को लेने के लिये बिठूर भेजा तब तक देर हो चुकी थी। बिठूर का किला घिर चुका था । कुछ सैनिक बालिका को निकालते किले में प्रविष्ट तो हो गये पर वे बाहर न निकल सके । सत्तीचौरा कांड के बाद बौखलाए अंग्रेजों ने यहाँ भी वही रणनीति अपनाई । न कोई बाहर आ सके और न कोई भीतर जा सके । उन्होंने पानी की सप्लाई भी काट दी थी। अंग्रेज सत्ती चौरा कांड केलिये नाना साहब को ही जिम्मेदार मान रहे थे । इसलिये नाना साहब को बहुत जल्द जिन्दा या मुर्दा पकड़ना चाहते थे। घेरा डालकर अंग्रेज सेना की तोपें गरज उठी ।

महल लगभग ध्वस्त हो गया । सेना अंदर घुसी। सैनिकों को जो सामने दिखा उसे मौत के घाट उतारा। सारा सामान लूटा और बालिका मैना बाई को पकड़कर सैन्य अधिकारी आउटरम के सामने पेश किया गया। फिर हैवलॉक के सामने लाया गया। अंग्रेजों ने बालिका से नाना साहब का पता पूछा। बालिका जानती ही नहीं थी कि नाना साहब कहाँ हैं। हैवलॉक के आदेश पर बालिका को कठोर यातनाएँ दी गईं । खंबे से बाँधकर गर्म सलाखों से दागा गया । जली हुई त्वाचा पर नमक मिरची डालकर नाना साहब का पता पूछा गया। एक तो बालिका को पता ही न था कि वह नाना साहब कहाँ हैं, दूसरे वह नाना साहब की दत्तक पुत्री थी उसका पालन पोषण स्वाभिमान जागरण के साथ हुआ था। यातनाओं के बीच भी बालिका ने स्पष्ट और बेझिझक उत्तर दिये ।

वह अचेत हो गई। अंग- अंग से घायल वह तेरह वर्षीय बालिका दो दिन तक पेड़ से बंधी रही। उसे पानी तक नहीं दिया गया। दो दिन बाद उस पर घासलेट डालकर आग लगा दी गई। वह 3 सितम्बर 1857 का दिन था । जब अंग्रेजों की क्रूरता से इस बालिका का बलिदान हुआ । इसके बाद पूरे महल को तोप से ध्वस्त कर दिया गया। जितने लोग जिन्दा मिले सभी मार डाले गये और नाना साहब का पता बताने वाले को एक लाख रुपए का पुरस्कार देने की घोषणा हुई। पर नाना साहब का पता कभी किसी को न लगा।

## विचार

# प्रधानमंत्री मोदी की चीन यात्रा से भारत को क्या हासिल हुआ?

डॉ. मयंक चतुर्वेदी



**ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करने में यह सहयोग भारत के लिए अनिवार्य हो गया है। साथ ही, रूस भारत का पारंपरिक रक्षा सहयोगी है और अंतरिक्ष विज्ञान में भी दोनों देशों की साझेदारी मजबूत है। यूक्रेन युद्ध और पश्चिमी प्रतिबंधों के बावजूद भारत ने रूस के साथ अपने रिश्ते को बरकरार रखा है। मोदी की चीन यात्रा से यह संदेश भी गया कि भारत अपनी रणनीतिक स्वायत्तता के सिद्धांत पर अडिग है और किसी एक ध्रुव पर झुकने को तैयार नहीं, फिर अमेरिका उस पर कितने ही दबाव बनाने का प्रयास करे। हालांकि ऐसा नहीं है कि जो अमेरिका भारत पर लगातार आर्थिक दबाव बनाने की कोशिशें कर रहा है, उसके साथ भारत के व्यापारिक संबंध कमजोर पड़े हैं, देखा जाए तो लगातार चौथे वर्ष भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार बना हुआ है। वित्त वर्ष 2024-25 में भारत-अमेरिका का व्यापार 131.8 अरब डॉलर पर रहा।**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की हालिया चीन यात्रा को केवल औपचारिक शिखर सम्मेलन में उपस्थिति मान लेना भूल होगी। यह यात्रा उस समय हुई है जब भारत-चीन के बीच सीमा पर भरोसे का संकट गहरा है, भारत-अमेरिका संबंध का एक नया पन्ना सामने है और रूस के साथ भारत का ऊर्जा तथा रक्षा सहयोग अभूतपूर्व स्तर तक पहुँचा है। ऐसे परिदृश्य में बीजिंग की धरती पर भारतीय प्रधानमंत्री का उतरना एशियाई राजनीति के बदलते समीकरणों की झलक देता है। यह यात्रा भारत की विदेश नीति में आत्मविश्वास और संतुलन दोनों का प्रमाण है।

व्यापारिक आँकड़े साफ कहते हैं कि चीन भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक भागीदार है, लेकिन यह रिश्ता बेहद असंतुलित है। वित्त वर्ष 2024-25 में भारत और चीन का द्विपक्षीय व्यापार 127.7 अरब डॉलर तक पहुँचा। इसमें भारत का निर्यात केवल 14.25 अरब डॉलर का रहा, जबकि चीन से आयात 113.45 अरब डॉलर पर पहुँच गया। परिणामस्वरूप व्यापार घाटा 99 अरब डॉलर से अधिक का रहा, जो अब तक का सबसे ऊँचा स्तर है। यह स्थिति भारत की औद्योगिक निर्भरता को उजागर करती है, विशेषकर इलेक्ट्रॉनिक्स, रसायन, फार्मा और ऊर्जा उपकरणों के क्षेत्र में। प्रधानमंत्री मोदी की इस यात्रा का एक बड़ा उद्देश्य इसी असंतुलन को कम करता हुआ दिखा है।

इस तुलना में रूस के साथ भारत का व्यापारिक समीकरण अपेक्षाकृत संतुलित और अवसरों से भरा हुआ है। वित्त वर्ष 2024-25 में भारत-रूस व्यापार 68.7 अरब डॉलर तक पहुँच गया, जो पिछले वर्ष की तुलना में कई गुना वृद्धि दर्शा रहा है। इसका मुख्य कारण रूस से बड़े पैमाने पर सस्ते कच्चे तेल का आयात है। ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करने में यह सहयोग भारत के लिए अनिवार्य हो गया है। साथ ही, रूस भारत का पारंपरिक रक्षा सहयोगी है और अंतरिक्ष विज्ञान में भी दोनों देशों की साझेदारी मजबूत है। यूक्रेन युद्ध और पश्चिमी प्रतिबंधों के बावजूद भारत ने रूस के साथ अपने रिश्ते को बरकरार रखा है। मोदी की चीन यात्रा से यह संदेश भी गया कि भारत अपनी रणनीतिक स्वायत्तता के सिद्धांत पर अडिग है और किसी एक ध्रुव पर झुकने को तैयार नहीं, फिर अमेरिका उस पर कितने ही दबाव बनाने का प्रयास करे। हालांकि ऐसा नहीं है कि जो अमेरिका भारत पर लगातार आर्थिक दबाव बनाने की कोशिशें कर रहा है, उसके साथ भारत के व्यापारिक संबंध कमजोर पड़े हैं, देखा जाए तो लगातार चौथे वर्ष भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार बना हुआ है। वित्त वर्ष 2024-25 में भारत-अमेरिका का व्यापार 131.8 अरब डॉलर पर रहा। यह आँकड़ा न केवल चीन से अधिक है बल्कि यह भी दिखाता है कि तकनीकी, सेवा और विनिर्माण क्षेत्र में अमेरिका भारत के लिए सबसे भरोसेमंद बाज़ार है। संभावित मुक्त व्यापार समझौते और रक्षा प्रौद्योगिकी सहयोग इस रिश्ते को और गहरा करने वाले हैं। इस पृष्ठभूमि में मोदी की बीजिंग यात्रा को अमेरिका भी बारीकी से देख रहा है, उसका अध्ययन कर रहा है, तुलनात्मक रूप से अपने नफा-नुकसान का आकलन कर रहा है। पर यहां जो स्पष्ट संकेत विदेश नीति के स्?तर पर दिया गया है वह यही है कि भारत, चीन और रूस के साथ संवाद कायम रखते हुए भी अमेरिका और यूरोप से दूरी नहीं बना रहा। बीजिंग यात्रा का कूटनीतिक संदेश यही है कि भारत वैश्विक शक्ति संतुलन में ÷संतुलनकारी÷ की भूमिका निभा रहा है। प्रधानमंत्री मोदी और राष्ट्रपति शी जिनपिंग के बीच बातचीत में यह सहमति बनी कि सीमा विवाद को रिश्तों की प्रगति में बाधा नहीं बनने दिया जाएगा। अब यह भले ही एक सामान्य-सा बयान लगे, किंतु इस सच को नकारा नहीं जा सकता है कि गलवान संघर्ष और लद्दाख में जारी तनातनी के बाद यह पहला अवसर रहा, जब शीर्ष नेतृत्व ने इतने स्पष्ट शब्दों में संवाद को प्राथमिकता दी। यात्राओं की बहाली, उड़ानों और वीजा में रियायतें तथा निवेश सहयोग पर चर्चा ऐसे संकेत हैं जो रिश्तों में जमी बर्फ को पिघलाने का प्रयास करते हैं। फिर भी इस यात्रा की सीमाएँ भी हैं। विपक्ष का उठाया गया सवाल मायने रखता है कि व्यापार घाटे का बोझ घटाने की ठोस योजना सामने आए बिना बीजिंग से लौटे वादे केवल प्रतीकात्मक रह सकते हैं। चीन-पाकिस्तान गठजोड़, बेल्ट एंड रोड परियोजना पर मतभेद और हिंद-प्रशांत क्षेत्र की भू-राजनीति ऐसी चुनौतियाँ हैं जिन्हें केवल संवाद से नहीं सुलझाया जा सकता।

## साल 1988 की यादें ताजा कर रही पंजाब की भयावह बाढ़

पंजाब में हाल ही में आई बाढ़ ने 1988 की भयंकर बाढ़ की यादें फिर से ताजा कर दी हैं। उस वक्त सतलुज, व्यास और रावी नदियाँ बहुत ज्यादा बढ़ गई थीं, जिससे 500 से ज्यादा लोग अपनी जान गंवा बैठे थे। आज भी बाढ़ से कई जिले बहुत प्रभावित हुए हैं। खासकर गुरदासपुर, पठानकोट, होशियारपुर, कपूरथला, तरनतारन, फिरोजपुर, फाजिल्का, जालंधर और रूपनगर जैसे जिले बाढ़ से सबसे ज्यादा परेशान हैं।

यहाँ के लोग अपनी जिंदगी फिर से सही करने के लिए बड़ी मेहनत कर रहे हैं। पंजाब में बाढ़ सिर्फ बारिश और नदियों के बढ़ने की वजह से नहीं आती। इंसानों की कई गलतियों की वजह से भी बाढ़ बढ़ती है। जैसे नालों और नहरों की साफ-सफाई न होना, नदियों के रास्ते बंद हो जाना, कमजोर और टूटे हुए बांध, हरियाली की कमी, अवैध खनन और जंगलों की कटाई। साथ ही, नदी किनारे बिना अनुमति के घर और अन्य निर्माण भी बाढ़ की समस्या बढ़ाते हैं। इसके अलावा, जलवायु परिवर्तन की वजह से बारिश का तरीका बदल गया है और अब बारिश ज्यादा और अनियमित होती है, जिससे बाढ़ की स्थिति खराब हो रही है। नदियों में गाद जमा होने से पानी सही तरह से नहीं बह पाता क्योंकि सरकारें सालों से नदियों से गाद निकालने में कामयाब नहीं हो पाईं। साल 1988 की बाढ़ पंजाब, हरियाणा और हिमाचल प्रदेश के लिए बहुत बड़ी तबाही लेकर आई थी। इस बाढ़ में उत्तर भारत में 1,400 से ज्यादा लोग मारे गए, जिनमें से 383 सिर्फ पंजाब में थे। उस साल मार्च से लगातार बारिश हो रही थी, लेकिन सितंबर में सतलुज, रावी और व्यास नदियाँ बहुत ज्यादा बढ़ गई थीं। 11 मार्च को गुरदासपुर में रावी नदी अचानक उफान पर आई, जिससे 40 गाँव पानी में डूब गए। जुलाई में सतलुज और रावी नदियों के पानी ने कई जिलों को पूरी तरह डुबो दिया। सितंबर के आखिरी दिनों में भाखड़ा और पौंग बाँधों के दरवाजे खोलने से बाढ़ और भी बढ़ गई। साल 1988 के पांच साल बाद, 1993 में भी पंजाब में बड़ी बाढ़ आई। इस बार करीब 300 लोग मारे गए और 6,200 मवेशी पानी में डूब गए। अमृतसर, गुरदासपुर, लुधियाना, पटियाला, होशियारपुर और संगरूर जैसे इलाके सबसे ज्यादा प्रभावित हुए। पंजाब रिमोट सेंसिंग सेंटर के अध्ययन से पता चला कि 1988 की बाढ़ नदियों के बहुत बढ़ जाने की वजह से आई थी, लेकिन 1993 की बाढ़ नहरों और तटबंधों में दरारें आने की वजह से ज्यादा नुकसान पहुंचाई। जानकारी से पता चलता है कि पंजाब में नदियों के किनारे बने तटबंध और बांध सही तरीके से रखरखाव नहीं होते। नहरों की सफाई भी ठीक से नहीं की जाती, जिससे पानी का बहाव ठीक से नहीं हो पाता। जल निकासी की व्यवस्था कमजोर है और प्राकृतिक जलमार्ग अवरुद्ध हो गए हैं। नहरों, रेलवे ट्रैक, सड़कों और खेती के कारण पानी का प्राकृतिक रास्ता बाधित हो गया है। साथ ही, बाढ़ वाले इलाकों में बिना अनुमति के बन रहे घर और कमजोर बांधों की वजह से बाढ़ को नियंत्रित करना मुश्किल हो गया है। एक अध्ययन के मुताबिक साल 2023 की बाढ़ जलवायु परिवर्तन के कारण आई असामान्य और भारी बारिश की वजह से हुई थी। हिमाचल प्रदेश में 7 से 11 जुलाई 2023 तक सामान्य से 436ः अधिक बारिश हुई जिससे ब्यास, घग्गर और सतलुज नदियाँ पंजाब के निचले इलाकों में घुस गईं। लगभग 2.21 लाख हेक्टेयर फसल क्षेत्र बाढ़ की चपेट में आ गया, जिसमें खासकर धान की फसल बुरी तरह प्रभावित हुई। एक प्रोफेसर के अनुसार पंजाब में बाढ़ प्रबंधन के लिए मास्टर प्लान होने के बावजूद बाढ़ का प्रभाव कम करने में असफल रहे हैं। तटबंधों का कमजोर होना, नदियों के किनारे अवैध अतिक्रमण, और वित्तीय व राजनीतिक कमी ने स्थिति को खराब कर दिया है। साल 1988 से 2010 तक के आंकड़े बताते हैं कि सहायक नदियों की सफाई न होना, तटबंधों का टूटना, नहरों में कट लगाना और जल निकासी प्रणाली की कमी प्रमुख कारण रहे हैं।



## राशिफल

**मेषः-** आज आप सांसारिक बातें भूलकर आध्यात्मिक प्रवृत्तियों में संलग्न रहेंगे। गहरी चिंतनशक्ति आपके मानसिक भार को हल्का करेगी। बोलने पर संयम रखने से अनर्थ से बच जाएंगे।

**वृषभः-** आप जीवनसाथी की निकटता का सुख प्राप्त कर सकेंगे। परिवार के साथ सामाजिक समारोह में बाहर घूमने या पर्यटन पर जाएंगे और आनंद में समय व्यतीत होगा।

**मिथुनः-** अधूरे कार्यों की पूर्णता के लिए आज का दिन शुभ है। परिवार में आनंद और उल्लास रहेगा। स्वास्थ्य बना रहेगा। कार्यों में यश और कीर्ति मिलेगी। नौकरीपेशा वालों को लाभ होगा।

**कर्कः-** अच्छे मन से दिन व्यतीत करने की गणेशजी सलाह देते हैं, क्योंकि आज का दिन शारीरिक और मानसिक रूप से उद्वेगपूर्ण रहेगा।

**सिंहः-** आज मानसिक अस्वस्थता रहेगी। परिजनों के साथ मनमुटाव की स्थिति आएगी। माताजी की तबीयत खराब हो सकती है।

**कन्या :-** बिना विचारे साहस करने के प्रति गणेशजी चेतावनी देते हैं। भावनात्मक सम्बंध स्थापित होंगे। मित्रों और स्नेहीजनों के साथ मुलाकात होगी। विरोधियों

**तुलाः-** आज की मानसिक वृत्ति नकारात्मक रहेगी। क्रोध आवेश में वाणी पर संयम खोने से पारिवारिक सदस्यों के साथ विवाद होगा। अनावश्यक खर्च बढ़ेंगे। स्वास्थ्य खराब होगा।

**वृश्चिकः-** आज का दिन शुभ होगा। शारीरिक और मानसिक रूप से प्रसन्नता रहेगी। पारिवारिक सदस्यों के साथ खुशी से समय बीतेगा। धन लाभ का योग है।

**धनुः-** क्रोध के कारण पारिवारिक सदस्यों के साथ सम्बंध बिगड़ेंगे। आपकी वाणी और व्यवहार झगड़े का कारण बन सकते हैं। दुर्घटना से बचें। बीमारी के पीछे धन खर्च होगा।

**मकरः-** आज का दिन हर क्षेत्र में लाभदायक है। स्नेहीजनों और मित्रों से मिलना होगा। प्रिय व्यक्तियों के साथ मुलाकात रोमांचक रहेगी। व्यापार-धंधे में आय वृद्धि होगी।

**कुंभः-** हर कार्य सरलतापूर्वक हल होंगे और उनमें सफलता मिलेगी। कार्यक्षेत्र में अनुकूल परिस्थिति बनेगी। सरकारी कार्य निर्विघ्न पूरे होंगे।

**मीनः-** आज के दिन की शुरुआत भय के साथ होगी। शरीर में सुस्ती और थकान रहेगी। कोई भी कार्य पूरा न होने पर हताशा होगी।

# सिखाने के साथ सीखने का परिवेश भी बनाएं शिक्षक

संतोष बाजपेयी

**आज के दौर में शिक्षकों की जिम्मेदारी है कि वे बंधी-बंधाई लीक पर चलने के बजाय बच्चों को नवाचार से जोड़ें। नई चीजें सीखने को प्रेरित करें। तकनीक से जोड़ते हुए उसका संतुलित उपयोग करने का भाव जगाएं। मौजूदा दौर में कृत्रिम सुविधाओं से अटते संसार में बच्चों के भीतर छुपी रचनात्मक प्रतिभा को निखारने का प्रयास बहुत आवश्यक हो चला है। क्लासरूम में तयशुदा पैटर्न पर चलने के बजाय बच्चों को नया और बेहतर सोचने के लिए मोटिवेट करना जरूरी है । इतना ही नहीं, शिक्षक ही बच्चों को सकारात्मक प्रतिस्पर्धा की ओर मोड़ सकते हैं। ऐसा होने पर बच्चे ना तो बेहतर प्रदर्शन करने पर दिशाहीन होंगे और ना ही पीछे रह जाने पर उनका मन डिगेगा। स्पष्ट है कि ऐसा प्रेरणादायी माहौल बनाने के लिए बच्चों के मन और सोच की दिशा को समझना जरूरी है। इसके लिए शिक्षकों का सहज व्यवहार बहुत जरूरी है। औपचारिकता अध्यापकों को बच्चों के मन के करीब नहीं ला सकती।**

सीखने के लिए सहज परिवेश का होना जरूरी है। क्लासरूम हो या स्कूल का परिसर, बच्चों पर पूरे वातावरण का असर पड़ता है। इस माहौल को सहज रखने में शिक्षकों की अहम भूमिका होती है। बालमन को समझने से जुड़ा टीचर्स का नजरिया बहुत अहमियत रखता है। कहते हैं कि बच्चों का भविष्य बनाने में सबसे बड़ी जिम्मेदारी शिक्षकों के हिस्से ही आती है। इस दायित्व का अहम हिस्सा बालमन को समझना ही है। फिर बात चाहे किसी विषय का पाठ पढ़ाने की हो या जिंदगी जीने का सबक समझाने की।

टीचर्स के व्यवहार की सहजता बहुत कुछ आसान कर देती है। बच्चों के मन को समझते हुए शिक्षक उन्हें सहजता से सीखना सिखायें। हमारे यहां पढ़ाई सिर्फ अंकों की दौड़ बनकर रह गई है। ऐसे में शिक्षकों की जिम्मेदारी है कि वे बच्चों को उनके रुचिकर विषयों से जोड़ें। रटने और परीक्षा पास करने की दौड़ से बाहर लाकर, सही मायने में शिक्षित होने की ओर मोड़ें। अध्ययन ही नहीं, समाज का सहज अवलोकन भी बताता है कि शिक्षक अपने विद्यार्थियों में सीखने के प्रति जुनून पैदा करने में हम भूमिका निभा सकते हैं। सकारात्मक शैक्षिक वातावरण बनाकर बालमन पर गहरा प्रभाव डाल सकते हैं। सार्थक संवाद कर मन को साधना सिखा सकते हैं। इसीलिए टीचर्स बच्चों की कमियों और अच्छाइयों, दोनों पर बात करें। पढ़ाई को बोझ ना बनायें। कहते हैं कि ज्ञान की बातें तो किताबों में लिखी ही होती हैं। इन बातों को सही ढंग से समझाने का काम शिक्षक ही कर सकते हैं। अच्छे विचारों को व्यवहार में उतारने की प्रेरणा सिखाने वालों से ही मिलती है। किसी कला या खेल का प्रशिक्षण हो या पढ़ाई, अध्यापकों का यह सहज सा तरीका ही पढ़ने-सीखने के भाव को सार्थक बनाता है। आज के दौर में शिक्षकों की जिम्मेदारी है कि वे बंधी-बंधाई लीक पर चलने के बजाय बच्चों को नवाचार से जोड़ें। नई चीजें सीखने को प्रेरित करें। तकनीक से जोड़ते हुए उसका संतुलित उपयोग करने का भाव जगाएं। मौजूदा दौर में कृत्रिम सुविधाओं से अटते संसार में बच्चों के भीतर छुपी रचनात्मक प्रतिभा को निखारने का प्रयास बहुत आवश्यक हो चला है। क्लासरूम में तयशुदा पैटर्न पर चलने के बजाय बच्चों को नया और बेहतर सोचने के लिए मोटिवेट करना जरूरी है । इतना ही नहीं, शिक्षक ही बच्चों को सकारात्मक प्रतिस्पर्धा की ओर मोड़ सकते हैं। ऐसा होने पर बच्चे ना तो बेहतर प्रदर्शन करने पर दिशाहीन होंगे और ना ही पीछे रह जाने पर उनका मन डिगेगा। स्पष्ट है कि ऐसा प्रेरणादायी माहौल बनाने के लिए बच्चों के मन और सोच की दिशा को समझना जरूरी है। इसके लिए शिक्षकों का सहज व्यवहार बहुत जरूरी है। औपचारिकता अध्यापकों को बच्चों के मन के करीब नहीं ला सकती। शिक्षकों और बच्चों का सहज जुड़ाव उनकी प्रतिभा और विचार की दिशा को समझने में मददगार बनता है। बालमन में नई चीजों को समझने और कुछ नया करने की दिलचस्पी जगाता है। अमेरिकी लेखक मार्क वैन डोरेन के अनुसार 'शिक्षण की कला खोज में सहायता करने की कला है।'हमारे यहां शिक्षकों और बच्चों में बहुत औपचारिकता भी देखने को मिलती है। यह बात क्या, कैसे और क्यों सीखना है की यात्रा में बाधा बनती है। असल में शिक्षक की जिम्मेदारी होती है कि वह बच्चों को केवल किताबी ज्ञान ही नहीं बल्कि मन-जीवन संवारने वाले अच्छे संस्कार भी दे। शिक्षकों का काम स्कूली पाठ्यक्रम पूरा करवाना भर नहीं। चर्चित लेखक और स्पोर्ट्स राइटर बॉब टाल्बर्ट के मुताबिक 'बच्चों को गिनती सिखाना ठीक है, लेकिन उन्हें क्या गिनना है यह सिखाना सबसे अच्छा है।' ऐसे में जिंदगी से जुड़ा पाठ पढ़ाना, बच्चों के व्यवहार और विचारों को तराशना भी टीचर्स की जिम्मेदारी है। बालमन को समझते हुए बच्चों से सकारात्मक ढंग से जुड़ने से इस जिम्मेदारी को निभाना आसान हो जाता है। आपसी समझ की इस बुनियाद पर नयी पीढ़ी के भविष्य की इमारत खड़ी होती है। जीवन को संवारने की राह पकड़ने के मार्ग पर चलते हुए बच्चों को जिंदगी के हर पहलू से जुड़ी सीख सहजता से दी जा सकती है। स्कूलों में हर तरह की पारिवारिक पृष्ठभूमि से बच्चे आते हैं। हर बच्चा अपने आप में खास होता है। इसीलिए शिक्षकों को संवेदनशीलता के साथ बच्चों को समझना चाहिए। शिक्षकों की बातों का ही नहीं बर्ताव का भी बच्चों पर गहरा असर होता है। कहते भी हैं कि 'क्लासरूम की चार दीवारें हो सकती हैं, लेकिन शिक्षक के प्रभाव की कोई सीमा नहीं होती।

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशकः** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी) समाचार से संबंधित सभी प्रकरण लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। आरएनआई UPHIN/2013/55887
**संपादकीय एवं व्यवसायिक कार्यालय : 201-202 द्वितीय तल, रीजेन्सी प्लाजा, 5-पार्क रोड, सिविल अस्पताल के सामने, हजरतगंज, लखनऊ-226001, मो. 9305748833, 7985738649, 9451244788, 9554964672**
**For News :** samradhinewslko@gmail.com/samradhinews@gmail.com **For Official :** chiefeditorsamriddhinews@gmail.com

## खबरें एक नजर में

### नाराज युवती ने जहरीले पदार्थ का किया सेवन, भर्ती

**कुरारा, हमीरपुर।** कस्बे के वार्ड नंबर 10 में परिजनों से नाराज होकर 21 वर्षीय युवती ने जहरीला पदार्थ का सेवन कर लिया। हालत गंभीर होने पर परिजन उपचार के लिए स्थानीय सीएचसी लेकर आए। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार करने के बाद हालत नाजुक देख जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। कस्बे के वार्ड नंबर 10 के निवासी कुमकुम (21) पुत्री राम अवतार कबीर ने मंगलवार की सुबह 9:30 बजे परिजनों से नाराज होकर जहरीला पदार्थ का सेवन कर लिया। हालत गंभीर होने पर परिजन उपचार के लिए स्थानीय सीएचसी लेकर आए। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार करने के बाद हालत नाजुक देख जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

### बुढ़वा मंगल पर इटरा में उमड़ा श्रद्धा का सैलाब

**सुमेरपुर, हमीरपुर।** भादौ मास के आखिरी मंगलवार को बुढ़वा मंगल पर इटरा के बजरंगबली मंदिर में दर्शन पूजन के लिए सुबह से ही भारी भीड़ उमड़ी। यहां दिनभर मेले जैसा नजारा रहा। आश्रम के महंत स्वामी वेदानंद सरस्वती उर्फ बलरामदास महाराज ने बताया कि ज्येष्ठ मास की तरह भादौ मास की आखिरी मंगलवार को बुढ़वा मंगल पर्व मनाया जाता है। बुढ़वा मंगल पर तड़के बजरंगबली की मूर्ति को सिंदूर का विशेष चोला चढ़ाया गया। इसके बाद दर्शन पूजन के लिए मंदिर के पट खोल दिए गए। तड़के से ही यहां भक्तों का तांता लगा रहा। यहां पर पूरे दिन मेले जैसा नजारा रहा। लोगों ने दूर-दूर से आकर दर्शन पूजन किया। फैक्टरी एरिया पुलिस चौकी इंचार्ज राजवीर सिंह पुलिस बल के साथ मौजूद रहे।

### वनाधिकारी की मिलीभगत से रातोरात गायब हो रहे कीमती पेड़

**सुमेरपुर, हमीरपुर।** हाईवे किनारे खड़े वेश कीमती पेड़ वनाधिकारियों की मिलीभगत से रातोंरात काट कर गायब किए जा रहे हैं। इस पर भाजपा के जिला मीडिया प्रभारी ने आपत्ति जताकर मामले की शिकायत डीएफओ से की। डीएफओ ने मामले की जानकारी देने से इनकार करते हुए भाजपा नेता को झिड़कते हुए कहा कि हम आपको बताने के लिए बाध्य नहीं है। भाजपा नेता ने प्रकरण की शिकायत मुख्यमंत्री से करते हुए जांच की मांग की है। भाजपा के जिला मीडिया प्रभारी अरविंद श्रीवास्तव का आरोप है कि वन विभाग की मिलीभगत से चंदपुरवा गेट से लेकर प्रेमनगर तक हाइवे किनारे खड़े शीशम, लभेड़ आदि के वेशकीमती पेड़ काटकर रातों रात गायब किए जा रहे हैं। भाजपा नेता ने इस प्रकरण से डीएफओ अरविंद श्रीवास्तव को फोन से अवगत कराया। बातचीत के दौरान तैश में दिखे डीएफओ ने भाजपा नेता से कहा कि वह बताने के लिए बाध्य नहीं है और फोन काट दिया। यह बात भाजपा के मीडिया प्रभारी अरविंद श्रीवास्तव को नागवार लगी। उन्होंने बातचीत का ऑडियो वायरल करके अधिकारियों पर मनमानी का आरोप लगाया। कहा कि सरकार में अधिकारी मनमानी कर रहे हैं। उन्होंने इसकी शिकायत मुख्यमंत्री से सबूत के साथ करते हुए निष्पक्ष जांच की मांग की है। वन क्षेत्राधिकारी अजय कुमार वर्मा ने बताया कि जिला मीडिया प्रभारी की शिकायत पर वन दरोगा को मौके पर भेज कर जांच कराई गई है। पेड़ काटे नहीं गए बल्कि अधिक बारिश के चलते हुई कटान से धराशाई हुए हैं। धराशाई हुए पेड़ों की रिपोर्ट तैयार कराई जा रही है।

### बिना मान्यता के चल रहे मदरसे को जांच के बाद किया बंद



**मौदहा।** लम्बे समय से विवाद का दंश झेल रहे मदरसे शेख अब्दुल कादिर जीलानी कम्हरिया रोड मौदहा को अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी और नायब तहसीलदार ने संयुक्त रूप से जांच के बाद बंद कर दिया। वहीं मदरसे के संचालक मौलाना आसिम ने बेवजह उन्हें परेशान कर मदरसे को बदनाम करने की बात कही है। कस्बे के बाहर कम्हरिया रोड स्थित मदरसा शेख अब्दुल कादिर जीलानी रह. बीते तीन साल से विवादों के घेरे में फंसकर कानूनी दांवपेच का दंश झेल रहा था और आएदिन जांच के घेरे में रहा है। उसी मामले को अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी ने तीन दिन के अंदर मदरसे के बच्चों को उनके घर भेजकर परिजनों के सुपुर्द करने का आदेश दिया था जिसपर मदरसा संचालको द्वारा समस्त बच्चों को उनके घर भेज दिया गया था उसी मामले को लेकर सोनवार को अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी हिमांशु अग्रवाल, उपजिलाधिकारी अधिकारी कर्णवीर सिंह ने मदरसे की जांच करने के बाद मदरसे को सील कर दिया था जबकि मंगलवार को दोपहर नायब तहसीलदार महेंद्र गुप्ता और अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी हिमांशु अग्रवाल ने पुनः ताला खुलवा कर मदरसे की आय व्यय की रसीदों को चेक करने के साथ ही कार्यालय की जांच कर कार्यालय को पुनः सील कर दिया। इस सम्बन्ध में अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी हिमांशु अग्रवाल ने बताया कि मदरसा बिना मान्यता के चल रहा था जिसे सील किया गया है।इस सम्बन्ध में मदरसा संचालक मोहम्मद आसिम ने बताया कि हमे दो तारीख तक मदरसे के बच्चों को घर भेजनें की नोटिस मिली थी तो हमने इकतीस अगस्त को सारे बच्चे भेज दिए थे लेकिन एक सितम्बर को उपजिलाधिकारी और अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी ने जांच की तो बच्चे नहीं मिले लेकिन कुछ लोगों ने गलत प्रचार किया है बाकि अब वह न्यायलय का रास्ता अपनाएंगे।

### विद्यालय गेट पर बांध रहे पालतू मवेशी, छात्र-छात्राएं परेशान

**सुमेरपुर।** कस्बे की ऊंछा थोक के प्राथमिक विद्यालय के बाहर पालतू मवेशी बांधने से छात्र छात्राओं के साथ राहगीरों को आवागमन में असुविधा होती है। इसका एक वीडियो प्रधानाध्यापिका ने बनाकर सोशल मीडिया में वायरल किया। वायरल वीडियो की हिंदुस्तान पुष्टि नहीं करता है। प्राथमिक विद्यालय ऊंछा की इंचार्ज प्रधानाध्यापिका जाकिया बानो ने मंगलवार को एक वीडियो सोशल मीडिया में अपलोड किया। वह बच्चों के साथ लिए रास्ते पर खड़ी है सामने उसके भैंस रास्ते में बंधी नजर आ रही है। प्रधानाध्यापिका वीडियो में कह रही है कि यह प्रतिदिन का रोना है यह लोग मना करने के बाद नहीं मान रहे हैं और पालतू मवेशी विद्यालय के बाहर बांधकर छात्र छात्राओं के साथ राहगीरों के सामने समस्या पैदा कर रहा है। प्रधानाध्यापिका ने बताया कि दोपहर में बच्चों को एमडीएम खिलाने के लिए कंपोजिट विद्यालय में ले जाना पड़ता है विद्यालय से निकलते ही रोजाना इस गंभीर समस्या से जुझना पड़ता है। नगर पंचायत शिकायत के बाद समस्या का समाधान नहीं कर रहा है। नगर पंचायत के अधिशाषी अधिकारी दिनेश आर्य ने बताया कि पशुपालक को नोटिस भेजा गया है अगर नोटिस के बाद जानवर नहीं हटते हैं तो पुलिस बल लेकर कार्यवाही की जाएगी।

### गणेश पंडाल में बुढ़वा मंगल पर विशाल भंडारे का आयोजन कर मनाया गणेश महोत्सव



**हमीरपुर।** धर्मार्थ ट्रस्ट नवयुवक संघ के तत्वाधान में मंगलवार को गणेश पंडाल में बुढ़वा मंगल पर्व पर विशाल भंडारे का आयोजन कर गणेश महोत्सव मनाया गया। इस दौरान सैकड़ो की संख्या में पहुंचे भक्तों ने भंडारे का प्रसाद चखा। शहर के रमेड़ी मांझखोर के धर्मार्थ ट्रस्ट नवयुवक संघ के तत्वाधान में गणेश पंडाल में मंगलवार को बुढ़वा मंगल पर्व के अवसर पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमे शहर सहित आस पास के सैकड़ो की संख्या में पहुंचे भक्तों ने जमकर प्रसाद ग्रहण किया। मान्यता है कि बुढ़वा मंगल पर की जाने वाली हनुमानजी पूजा से भक्तों को मनचाहा फल मिलता है और रोग-दोष से मुक्ति मिलती है। आर्थिक, मानसिक और शारीरिक परेशानियों से मुक्ति पाने के लिए लोग बजरंगबली की पूजा करते हैं। साथ ही दान पुण्य और भंडारे का भी आयोजन करते हैं। इस दौरान संघ के आस्तिक द्विवेदी (अध्यक्ष), रितिक तिवारी(उपाध्यक्ष), ऋषभ तिवारी (महामंत्री), सौरभ यादव (कोसाध्यक्ष), अवनीश द्विवेदी, गोपी दीक्षित, सागर गुप्ता, मयंक यादव, राकेश दीक्षित, अभिषेक तिवारी, नवनीत द्विवेदी, कपिल तिवारी, विशाल सिंघल, कपिल, सुमित, पंकज सिंह आदि समाजसेवी मौजूद रहें।

### किसानों की समस्याओं का निस्तारण न होने पर किसान यूनियन धरने पर बैठा

**राठ, हमीरपुर।** किसानों की समस्याओं को लेकर भारतीय किसान यूनियन (भाकियू) ने मुख्यमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपा था। ज्ञापन के माध्यम से किसानों ने सरकार से किसानों की समस्याओं का निस्तारण न होने पर आगामी समय में धरना प्रदर्शन की चेतावनी दी थी। मंगलवार को किसान यूनियन के दर्जनों लोगों ने तहसील परिसर में अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया। इस दौरान किसानों ने जमकर नारेबाजी की। भाकियू के जिलाध्यक्ष विक्रम सिंह राजपूत ने मुख्यमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन के माध्यम से किसानों की समस्याओं का निस्तारण करने की मांग की थी। समस्याओं का निस्तारण न होने पर मंगलवार को जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में दर्जनों किसानों ने तहसील में धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया। जिलाध्यक्ष ने कहा कि किसानों के साथ फसल बीमा के नाम पर धांधली की जा रही है। किसानों को फसल बीमा का लाभ दिलाने। किसानों को खाद की आपूर्ति सुचारू ये से वितरण करने एवं ब्लैक में बिक रही खाद की जांच कराने, क्षेत्रवार किसानों के चयनित पांच सदस्यीय समिति बनाकर खाद का वितरण कराया जाए। जिससे कालाबाजारी को रोका जा सके। अन्ना पशुओं से मुक्ति दिलाकर गांव में बनी गौशालाओं को हाईटेक किया जाए। जिससे अन्ना पशुओं की दुर्दशा न हो सके। ग्राम सभा की जमीन पर लोगों के अवैध कब्जे हो गए। जिन्हें मुक्त कराया जाए। जिले की सड़कों को गड्ढा मुक्त कराया जाये। जिससे दुर्घटनाओं से निजात मिल सके। धरना प्रदर्शन के दौरान किसान राजकुमार, शुगम, जाहर, मनोज कुमार, अवधेश कुमार, राजेंद्र कुमार, मलखान निषाद, घनश्याम, रमेश कुमार, भानु प्रताप बाबा, धूप सिंह, महेंद्र सोनी, देवकी नंदन आदि किसान रहे।

# एसडीएम ने खाद बेचने वाली दुकानों पर मारा छापा

- दुकान में रखे स्टाक की जांच-पड़ताल
- ओवररेट खाद बेचने पर होगी कार्रवाई



**राठ, हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।**

कस्बे में खाद की कालाबाजारी को रोकने को लेकर एसडीएम ने कृषि विभाग के अधिकारियों के साथ कस्बे की विभिन्न खाद बेचने वाली दुकानों पर छापा मारा। इस दौरान एसडीएम ने स्टाक रजिस्टर, किन किसानों को कितनी खाद बेची जैसी जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने किसानों से फोन पर बातचीत करते हुए खाद खरीदने और उसके दाम की जानकारी ली।

मंगलवार की दोपहर एसडीएम अभिमन्यु कुमार, नायब तहसीलदार वीरपाल, एडीओ कृषि रामकिशोर राजपूत ने एसबीआई बैंक के बगल में स्थित राहुल खाद भंडार की दुकान पर छापा मारा। एसडीएम ने दुकान के सारे रजिस्टरों की जांच पड़ताल की। जांच के दौरान किसानों को अधिक रेट पर खाद देने की जानकारी पर एडीओ कृषि को कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इसके अलावा एसडीएम ने जीआरवी इंटर कॉलेज के बगल में स्थित एग्री इक्सन के नाम से संचालित दुकान पर छापा मारा। जहां पर खाद की बोरियों का स्टाक आदि की जांच की। एसडीएम अभिमन्यु कुमार ने बताया कि किसानों द्वारा खाद बेचने वाले दुकानदारों द्वारा ओवररेट पर खाद बेचने की शिकायतें मिल रहीं थी। कहा कि किसी भी दुकानदार ने किसानों को ओवर रेट खाद की बिक्री की और शिकायत मिली तो संबंधित दुकानदार के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जायेगी। एसडीएम की इस छापामार कार्रवाई से दुकानदारों में हड़कंप मचा हुआ था।

### एसडीएम ने सीएचसी का किया औचक निरीक्षण



**कुरारा।** सदर एसडीएम केडी शर्मा ने स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का औचक निरिक्षण किया। जहां उन्होंने ओपीडी में मोबाइल चला रहे युवकों को बाहर निकालने का आदेश दिया। वहीं मरीजों का पर्चा देखकर दवा की जानकारी ली। मंगलवार को दोपहर करीब एक बजे सदर एसडीएम केडी शर्मा ने स्थानीय सीएचसी का औचक निरिक्षण किया। जहां उन्होंने पैथोलॉजी रूम, लेबर रूम, इमरजेंसी वार्ड, आयुष्मान कार्ड, महिला ओपीडी, एक्स-रे रूम आदि का निरिक्षण किया। ओपीडी में मरीज का पर्चा लेकर दवा के बारे में जानकारी ली। साथ ही ओपीडी में मोबाइल चला रहे युवकों को बेवजह भीड़ लगाने के चलते बाहर निकालने का आदेश दिया। वही मरीजों से मिलकर उनका हाल-चाल जाना। उन्होंने साफ सफाई के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान सीएचसी अधीक्षक डॉ.सुनील कुमार जायसवाल, फार्मासिस्ट योगेंद्र यादव, नीरज वर्मा आदि डॉक्टर कर्मचारी मौजूद रहे।

## जरुरतमंद लोगों के लिए नगर पंचायत ने शव फ्रीजर की व्यवस्था की




**कुरारा, हमीरपुर।** नगर पंचायत कस्बे के लोगों के विकास कार्यो के साथ हर सुख-दुख में भागीदारी निभाने में जुटी है। इसी को लेकर नगर पंचायत अध्यक्ष आशा रानी कबीर ने नगर वासियों को अकस्मात मौत पर शव के अंतिम संस्कार में होने वाली देरी को देखते उन्हें शव फ्रीजर उपलब्ध कराए जाने का निर्णय लिया है। इसी के चलते एक शव फ्रीजर का रैन बसेरा में स्टाक कर लिया है। नगर पंचायत अध्यक्ष आशा रानी कबीर ने बताया कि देखा गया कि कुछ गरीब लोगों की अकस्मात मौत हो जाती है। वहीं पोस्टमार्टम के बाद बाहर रह रहे परिवार व रिश्तेदारों को आने में देरी लगने से शव रखा रहता है और खराब होने का भय बना रहता है। ऐसी समस्याओं से निपटने के लिए नगर के जरूरतमंदों को मुफ्त में शव फ्रीजर उपलब्ध कराए जाएंगे। अभी नगर पंचायत के फंड से एक शव फ्रीजर की व्यवस्था की गई है। शव फ्रीजर रैन बसेरा में रखवाए गए हैं।

## मौदहा के गांव परछछ में तीन घरों में चोरी से हड़कंप

**मौदहा, हमीरपुर।** कोतवाली क्षेत्र के गांव परछछ में सोमवार की रात तीन घरों का ताला तोड़कर की गई ताबड़तोड़ चोरी की घटनाओं से ग्रामीणों में हड़कंप मच गया है। गांव में चोरी की घटनाओं को अंजाम देते हुए चोरों ने सतीश पुत्र रामनारायण श्रीवास की दुकान का ताला तोड़कर वहां रखी गोलक से तीन हजार रुपए और तेल की कट्टी तथा झाल में रखा सामान पार कर दिये हैं। गांव में ही अशोक श्रीवास पुत्र सुंदर श्रीवास एवं गणेश श्रीवास पुत्र देवी दयाल के घर से पीतल तांबे के बर्तन एवं बच्चियों के सोने चांदी के जेवरात, गैस सिलेंडर दो बोरी लाही चोरी कर ले गए हैं। सुबह जगने पर जब पीड़ितों ने घरों के ताला टूटे देखा तो उन्होंने डायल 112 व स्थानीय पुलिस को सूचना दे दी है। कोतवाली थाना प्रभारी उमेश कुमार सिंह ने जांच कर कार्रवाई की बात कही है।

## ईओ व आबकारी अधिकारी ने शराब की दुकानों का किया निरीक्षण

- सेल्समैन को आसपास साफ-सफाई रखने व कैमरे लगवाने के निर्देश दिए



**कुरारा, हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।**

कस्बे के वार्ड नंबर आठ की महिलाओं द्वारा शिकायत करने पर जिला आबकारी अधिकारी व नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी ने शराब के सेल्समैन को साफ सफाई की हिदायत दी। साथ ही संकरी गली का निर्माण करने का आश्वासन दिया। कस्बे के वार्ड नंबर 8 की एक दर्जन महिलाओं ने नगर पंचायत अधिशासी अधिकारी व जिला आबकारी को शिकायती पत्र देकर बताया था कि हमीरपुर कालपी हाईवे से सकरी रास्ता से वार्ड के लोगों को आवागमन करना पड़ता है। जहां दोनों तरफ शराब की देशी व अंग्रेजी वियर की दुकान होने से शराबियों का हुजूम लगा रहता है। शराबी इस गली में खुलेआम पेशाब करते हैं व गली में शराब का सेवन करते हैं। जिससे महिलाओं को आवागमन करने में समस्या का सामना करना पड़ता है। शिकायत का संज्ञान लेते हुए मंगलवार को नगर पंचायत के प्रभारी अधिशासी अधिकारी बलराम गुप्ता व जिला आबकारी अधिकारी ने अपनी टीम के साथ शराब ठेको का निरीक्षण किया। उन्होंने सेल्समैन को हिदायत दी की अपने आसपास साफ सफाई रखें। साथ ही वार्ड की सकरी गली पर ऊपर उठे छज्जे को तुड़वाने के लिए कहा और गली में कैमरे लगवाने के निर्देश दिए। साथ गली का निर्माण कार्य करवाने का आश्वासन दिया।

## जरिया मार्ग में खून से लथपथ 20 वर्षीय छात्र का शव पड़ा मिला

- पेड़ से टकरा बाइकसवार छात्र की मौत होने की लोगों ने जताई आशंका



**सरीला, हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।**

जरिया थानाक्षेत्र के जरिया मार्ग में 20 वर्षीय बीए के छात्र का खून से लथपथ शव सड़क किनारे पड़ा मिला। राहगीरों ने देखा तो हड़कंप मच गया और पुलिस को सूचना दी। पास में बाइक पड़ी थी। लोगों द्वारा आशंका जताई जा रही है कि पेड़ से टकरा कर उसकी दर्दनाक मौत हुई है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा है।

कस्बे के जरिया रोड पर सोमवार देर रात बिलायती बबूल का पेड़ गिर गया था। वहीं पास में मंगलवार सुबह राहगीरों को युवक का शव खून से लथपथ पड़ा मिला। जिससे हड़कंप मच गया। उसका मोबाइल व बाइक भी पड़ी मिली। राहगीरों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस चौकी प्रभारी दिनेश प्रसाद मौर्य ने पहुंच कर जांच पड़ताल की और वहां मौजूद लोगों द्वारा शव की शिनाख्त का प्रयास किया गया। पुलिस ने नगर पंचायत की जेसीबी मशीन द्वारा पेड़ हटवाया। लगभग एक घंटे बाद कस्बा के गुरूदेवपुरा मोहल्ला निवासी पवन कुमार ने पुत्र अरुण यादव (20) के रूप में पहचान की है। पवन कुमार यादव ने बताया कि सोमवार देर रात लगभग दस बजे खाना खा कर घर के दरवाजे पर दोस्तों के साथ बैठा रहा। इसके बाद जानकारी नहीं है कि कब कहां चला गया। मंगलवार सुबह जानकारी हुई कि एक्सीडेंट हो गया है। मौके पर देखा तो मृत अवस्था मे पड़ा था। सड़क पर गिरा पेड़ पर खून और कुछ खून सड़क पर लगा था। वहीं पास में बाइक भी पड़ी थी। लोगों द्वारा आशंका जताई जा रही है कि पेड़ से टकराकर मौत हो गई है। घटना की जानकारी होने पर सीओ राजकुमार पाण्डेय व थाना प्रभारी जरिया मयंक चन्देल ने भी घटना स्थल पर पहुंच कर जानकारी ली। मृतक के पिता ने बताया कि मृतक दो भाई एक बहन हैं। मृतक बड़ा बेटा था। सीओ राजकुमार पाण्डेय ने बताया कि सड़क पर गिरे पड़े पेड़ से टकरा कर बाइक सवार युवक की मौत हुई है। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा है।

## अमृत सरोबर तालाब में अवैध कब्जे की डीएम से की शिकायत

- ग्रामीणों ने विकास कार्यों में धांधली कर सरकारी धन का बंदरबांट करने का लगाया आरोप



**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।**

कुरारा ब्लाक के डामर गांव के ग्रामीणों ने अमृत सरोबर तालाब में हुए अतिक्रमण को कब्जा मुक्त कराने सहित गांव के विकास कार्यों में हुई धांधली की जाँच कराने की मांग को लेकर मंगलवार को कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन किया। इस दौरान उन्होंने दो अलग अलग ज्ञापन अतिरिक्त एसडीएम को सौपा है।

कुरारा विकास खंड के डामर गांव निवासी शारदा प्रसाद,रवि, धर्मेंद्र, कौशल कुमार, बृजेंद्र कुमार,श्रीपाल, कौशल किशोर आदि ने दिए ज्ञापन में आरोप लगाते हुए बताया कि उनके गांव के अमृत सरोवर तालाब में सरकारी जमीन पर गांव निवासी संजय पुत्र गंगाचरण ने अवैध कब्जा कर भवन निर्माण करा लिया है साथ ही संजय ने ही पानी की टंकी के पास भी अवैध कब्जा कर मकान का निर्माण करा लिया है।इसके अलावा उन्होंने गांव में हुए विकास कार्यों में धांधली कर सरकारी धन का बंदरबांट किया गया है। उन्होंने ज्ञापन में छह बिन्दुओ पर गांव के विकास कार्य में धांधली करने का आरोप लगाया है। जिसकी जाँच कर दोषियों पर कार्यवाही करने की मांग की है।

## कुएं में उतराता मिला युवक का शव, सिम से हुई युवक की शिनाख्त

**सुमेरपुर, हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।**

मंगलवार की शाम कैथी मार्ग में बिरखेरा मोड़ के समीप सड़क किनारे बने हुए कुएं में चरवाहों ने लाश उतरती देखकर ग्राम प्रधान को सूचित किया। ग्राम प्रधान ने पुलिस को सूचना दी। कुछ ही देर में मौके पर ग्रामीणों का मजमा लग गया। सूचना पाकर थानाध्यक्ष पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और फायर ब्रिगेड को बुलाकर शव को कुएं से बाहर निकलवाया। मृतक के सिम से शव की शिनाख्त हुई है। पुलिस ने शव से एक कीपैड मोबाइल बरामद किया है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मोर्चरी पहुंचाया है। मंगलवार को शाम करीब 5:00 बजे कुछ चरवाहे कैथी मार्ग किनारे बकरी चरा रहे थे। बिरखेरा मोड़ के पास सड़क किनारे बने कुएं पर जाकर बैठ गए। अचानक कुएं में झांकने पर शव नजर आया। इसकी सूचना चरवाहों ने ग्राम प्रधान अशोक कुमार यादव को दी। ग्राम प्रधान ने कुएं में शव होने की सूचना थानाध्यक्ष को दी। सूचना पाकर थानाध्यक्ष अनूप सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और कुएं में शव उतरना देखकर फायर ब्रिगेड को सूचना देकर मौके पर बुलाया। फायर दस्ते ने मौके पर पहुंचकर शव को बाहर निकाला। मृतक की जेब से एक अदद कीपैड मोबाइल व 40 रुपए के सिक्के, सनकी गुटखा के अलावा लाल रंग की खैनी रखने वाली डिबिया मिली है। सिम को दूसरे मोबाइल में डालने के बाद उसकी शिनाख्त हो सकी।

### उन्नीस दिन गुजरे नहीं हुई शिनाख्त

**सुमेरपुर।** गत 14 अगस्त को तड़के एक युवक का शव गौरी गांव जाने वाले मार्ग पर सड़क के किनारे पड़ा हुआ था। मौके पर शव के घसीटने के निशान थे। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हत्या करने की पुष्टि हुई थी। पुलिस 19 दिन गुजर जाने के बाद भी इस शव की शिनाख्त नहीं करा सकी है। शव कहां से लाकर यहां फेंका गया अभी तक वजह स्पष्ट नहीं हो सकी। थानाध्यक्ष अनूप सिंह ने बताया कि मृतक की शिनाख्त के लिए विधिक कार्यवाही की जा रही है।

## शराब के नशे में धुत बाइकसवार ने ट्रैफिक पुलिस से की अभद्रता

- नशे में कई लोगों को टक्कर मारने की सूचना पर ट्रैफिक पुलिस ने रोका था



**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।**

शराब के नशे में धुत बाइक सवार दो युवकों को ट्रैफिक पुलिस के सिपाही ने रोका तो नशे में चूर युवक ने सिपाही के साथ बदसलूकी कर दी। सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस नशे में धुत युवक को थाने लेकर पहुंच गई जहाँ उसकी बाइक का चालान कर दिया गया है साथ ही युवक को परिजनों के आने तक बैठा लिया गया है। बता दे कि घाटमपुर के वार्ड नंबर 8 निवासी अन्यान मंसूरी ऊर्फ गोलू पुत्र निज़ाम मंसूरी अपने दोस्त के साथ शराब के नशे में धुत होकर मंगलवार को मुख्यालय के कालपी चौराहा से बस स्टेण्ड की ओर आ रहा था। इस दौरान बाइक चालक अन्यान मंसूरी ऊर्फ गोलू ने कई लोगों को टक्कर मार दी। लोगों ने बस स्टेण्ड में तैनात ट्रैफिक पुलिस के सिपाही राजबहादुर को इसकी जानकारी दी।जानकारी मिलने के बाद सिपाही राजबहादुर ने बाइक सवार दोनों युवकों को रोका तो बाइक चालक अन्यान मंसूरी सिपाही राजबहादुर के साथ अभद्रता पर उतारू हो गया। इस दौरान अन्यान का दोस्त मौके से फरार हो गया।ट्रैफिक पुलिस के सिपाही ने तत्काल कोतवाली पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंचे एसआई डी.के मिश्रा नशे में धुत अन्यान को कोतवाली ले गए जहाँ उसको परिजनों के आने तक बैठा लिया गया है। साथ ही ट्रैफिक पुलिस के सिपाही राजबहादुर ने उसकी बाइक का ई-चालान कर दिया है।

## शव वाहन न मिलने पर टेम्पो में युवक का शव लेकर परिजन पहुंचे घर

- छह दिनों से बुखार से पीड़ित था मृतक, इलाज के दौरान हुई मौत



**हमीरपुर।** बुखार की बीमारी ग्रसित युवक की जिला अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई।जिला अस्पताल की जर्जर व्यवस्था के चलते शव वाहन ना मिलने पर परिजन युवक के शव को टैम्पो में रखकर घर पहुंचे है। जनपद जालौन के थाना कदौरा के काना चंद्रर्शी निवासी रामसेवक (40)पुत्र स्वामीदीन को छह दिनों से बुखार आ रहा था। सोमवार को परिजनों ने उसे जिला अस्पताल में भर्ती करा दिया था। मंगलवार को इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। परिजन अस्पताल प्रशासन से शव वाहन उपलब्ध कराने की गुहार लगाते रहें लेकिन शव वाहन ना मिलने पर मजबूरन रामसेवक के शव को टैम्पो में रखकर घर ले गए। मृतक के मामा लल्लू ने बताया कि रामसेवक दिल्ली में किसी फैक्ट्री में काम करता था। बुखार से पीड़ित होने पर सोमवार को गांव आया था। सोमवार को ही परिजनों ने उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया था। मृतक के पिता ने बताया कि मृतक के तीन लडकी और एक लड़का है।

## विनसॉफ्ट कॉलेज ऑफ़ एजूकेशन में अव्यवस्थाओं का मकड़जाल

- बीएड/बीटीसी कोर्स संचालित कॉलेज में धूल फांक रही कक्षाएं, कॉलेज परिसर में पांच फीट ऊंचा खड़ा चारा दे रहा अवस्थाओं की गवाही






**पनवाड़ी, महोबा, समृद्धि न्यूज़।**

बुंदेलखंड विश्वविद्यालय झांसी से संबंधित विकासखंड पनवाड़ी अंतर्गत निसवारा रोड पर स्थित विनसॉफ्ट कॉलेज ऑफ़ एजुकेशन में अव्यवस्थाओं का मकड़जाल फैला हुआ है। कॉलेज परिसर में पांच फीट ऊंची खड़ी घास और कई वर्षों से टूटी बाउंड्रीवॉल इस बात की पूर्ण गवाही दे रही है। कॉलेज की हालत यह है कि ना तो पीने के लिए पानी की कोई सुविधा है। और ना ही सुरक्षा की दृष्टि से लगाए गए सीसीटीवी कैमरा चालू है। यहां तक कि मैन गेट पर कॉलेज का बोर्ड भी नहीं लगा हुआ है। चारों तरफ देखने पर सिर्फ बड़ा-बड़ा चारा ही नजर आता है। जिससे जहरीले कीड़ो का खतरा भी बना हुआ है।

जानकारी लेने पर पता चला कि कॉलेज में बीटीसी एवं बीएड कोर्स संचालित है। कॉलेज में छात्र-छात्राओं के एडमिशन तो है, लेकिन कक्षाएं धूल फांक रही हैं। गुरुवार को जब मीडिया की टीम विद्यालय में पहुंची तो केवल चार अध्यापक मिले जो ऑफिस में बैठे हुए थे। जब विद्यालय की अवस्थाओं के संबंध में उनसे पूछा गया तो उन्होंने कहा कि छात्र-छात्राएं नहीं आए हैं। बाकी बह कुछ नहीं कह सकते। कॉलेज के प्रबंधक से जब दूरभाष पर बात की गई तो उन्होंने कहा कि बारिश की वजह से घास हो गई है तथा अन्य समस्याएं सही करवाते हैं।

# एबीवीपी कार्यकर्ताओं पर हुए लाठीचार्ज की हो रही निंदा



बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।

कोतवाली नगर क्षेत्र की गदिया पुलिस चौकी क्षेत्र में स्थित राम स्वरूप मेमोरियल यूनिवर्सिटी में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं, छात्रों पर हुए बर्बरता पूर्वक लाठीचार्ज में डेढ़ दर्जन से अधिक घायल हुए एबीवीपी कार्यकर्ताओ को मेयो हॉस्पिटल व जिला अस्पताल में भर्ती कराकर उपचार कराया जा रहा है, वहीं इस घटना पर भाजपा नेताओं, एबीवीपी कार्यकर्ताओं में भारी आक्रोश है। इस आक्रोश का नतीजा रहा कि मेयो हॉस्पिटल घायलों से मिलने पहुंचे जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी को हॉस्पिटल गेट पर कार्यकर्ताओं ने घेर कर नारेबाजी की, तथा देर शाम जिलाधिकारी आवास पर डीएम का पुतला फूंका। जिला अस्पताल पहुंचे मुख्य चिकित्सा अधिकारी को एबीवीपी कार्यकर्ताओं ने घेर लिया वह चुपके से दूसरी कार से भागे। पुलिस अधीक्षक आवास सहित डीएम आवास, कोतवाली, पुलिस चौकी की सुरक्षा के लिए भारी पुलिस की तैनात कर दी गई। सुर्खियों में आई इस घटना ने जिले को झकझोर कर रख दिया।

## पदाधिकारियों पर लाठीचार्ज से सत्ता पक्ष व विपक्ष हतप्रभ



एबीवीपी के पदाधिकारियों पर हुए बर्बरता पूर्वक लाठीचार्ज से सत्तापक्ष व विपक्ष के सभी नेता व कार्यकर्ता हतप्रभ हो गए। लोगों का कहना है कि ऐसा प्रतीत हो रहा है कि सत्ता से गठजोड़ करके निजी यूनिवर्सिटी चलाने वाले अरबपतियों ने पुलिस प्रशासन को भी अपने प्रभाव में ले रखा है फर्जी पाठ्यक्रम चलाएंगे बिना मान्यता के प्रवेश लेंगे बच्चों से वसूली करेंगे करोड़ों रुपया मुनाफा कमाएंगे और जब विद्यार्थी अपने अधिकार की बात करेंगे तो उन पर पुलिस से लाठी चलवाएंगे..? पहले से ही जन भावनाओं विद्यार्थियों प्रतियोगियों की उपेक्षा का आरोप झेल रही भाजपा सरकार के लिए बाराबंकी की घटना एक ÷कलंक÷ के समान ही कही जाएगी इस घटना से युवाओं और विद्यार्थियों के मन में भाजपा सरकार के प्रति आक्रोश पैदा होना स्वाभाविक है साथ यह संदेश भी गया है कि भाजपा सरकार में पुलिस प्रशासन को विद्यार्थियों गरीब छात्रों के हितों से ज्यादा शिक्षा माफिया के हितों की चिंता है।



### भाजपा व संघ के नेताओं ने लिया हालचाल

**बाराबंकी।** एबीवीपी कार्यकर्ताओं पर पुलिस प्रशासन द्वारा किए गए दुर्भाग्यपूर्ण लाठीचार्ज की घटना के उपरांत राज्यमंत्री सतीश शर्मा, जिलाध्यक्ष अरविंद मौर्य, पूर्व सांसद उपेंद्र सिंह रावत, पूर्व जिलाध्यक्ष अवधेश श्रीवास्तव, जिला महामंत्री संदीप गुप्ता सहित भाजपा व एबीवीपी व आरएसएस के प्रदेश स्तरीय नेता, एमएलसी संतोष सिंह ने अस्पताल पहुँचकर एबीवीपी कार्यकर्ताओं से भेंट की एवं उनका कुशलक्षेम लिया।

### एबीवीपी कार्यकर्ताओं पर हुए लाठीचार्ज से हिला प्रशासन



घटना पर सख्त हुए मुख्यमंत्री तो कमिश्नर आईजी सहित बड़े अधिकारियों ने एबीवीपी कार्यकर्ताओं ने मिलकर कार्यवाई का भरोसा दिलाया। रामस्वरूप यूनिवर्सिटी में जांच करने पहुंचे आईजी प्रवीण कुमार ने कहा कि जांच चल रही है, दोषियों पर कार्यवाई होगी। एबीवीपी कार्यकर्ताओं और पुलिस के बीच झड़प के बाद पहला प्रशासनिक बयान आया है। कमिश्नर राजेश कुमार ने रामस्वरूप मेमोरियल यूनिवर्सिटी एवं पुलिस लाइन में जाकर घटना के बारे में विस्तृत जानकारी ली।



### क्यों हुई लाठीचार्ज की घटना

रामस्वरूप मेमोरियल यूनिवर्सिटी में सन् 2021 से 2022 तक बीए,एलएलबी, बीबीए की मान्यता थी। यह मान्यता हर दो साल में नवीनीकरण कराना होता है। रामस्वरूप विवि प्रशासन ने मान्यता नवीनीकरण की औपचारिकता पूर्ण कर बीसीआई को फाइल जमा कर दी, इस आधार पर वह आगे के सत्रों में छात्रों का प्रवेश लेकर कक्षाएं संचालित कर रहे थे, लेकिन 2023 से रामस्वरूप विवि का मान्यता नवीनीकरण नही हुआ। लगातार तीन साल से बिना मान्यता के क्लासेज चलाई जा रही है, इसी मामले को लेकर छात्र कई दिनों से धरना प्रदर्शन कर रहे थे। सोमवार को धरना दे रहे छात्रों ने रामस्वरूप विवि के गेट पर ताला लगा कर अंदर ही धरना व नारेबाजी कर रहे थे। जब चार बजा और कॉलेज से छात्र घरों के लिए निकलना चाहा तो प्रदर्शन कर रहे एबीवीपी के छात्रों ने गेट नही खोलने दिया। छात्राएं अंदर फंसी रहने से आक्रोशित गार्ड सहित दो व्यक्ति प्रदर्शन कर रहे छात्रों से बल पूर्वक गेट खुलवाने लगे इसपर एबीवीपी के कार्यकर्ताओं ने इन दोनों व्यक्तियों की पिटाई शुरू कर दी। इसी दौरान क्षेत्राधिकारी हर्षित चौहान मौके पर पहुंच गए, दो गुटों में हो रही मारपीट को देखकर सीओ ने एबीवीपी के छात्रों को समझाने का प्रयास किया तो उनसे भी उलझ गए बस क्या पुलिस ने लाठीचार्ज कर दिया। इस लाठीचार्ज में डेढ दर्जन एबीवीपी के कार्यकर्ता घायल हो गए।

### कोतवाल समेत पूरी चौकी लाइन हाजिर, हटाए गए सीओ



एबीवीपी के छात्रों पर हुए लाठीचार्ज का मुद्दा हाई प्रोफाइल बनने पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने संज्ञान में लिया और सख्त नाराजगी व्यक्त की। घटना पर बड़ी कार्यवाई करते हुए एसपी ने बाराबंकी के सीओ सिटी हर्षित चौहान को हटाकर एसपी कार्यालय से संबद्ध कर दिया गया है। वहीं नगर कोतवाल राम किशुन राना सहित चौकी इंचार्ज गजेंद्र सिंह समेत गदिया पुलिस चौकी सभी पुलिस कर्मी लाइन हाजिर कर दिए गए है।

# पैर काटकर मरणासन्न करने के मामले में न्यायालय के आदेश पर हुआ मुकदमा दर्ज

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।**

लड़की से बात करने की रंजिश में लगभग 4 माह पूर्व हाथ पैर बांधकर एवं धारदार हथियार से दोनों पैर काटकर मरणासन्न किए गए युवक के मामले में पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर एक नाम जो सहित पांच लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है।

थाना लोनी कटरा के रुकनापुर गांव निवासी इसरार अहमद पुत्र दीन मोहम्मद का 23 वर्षीय पुत्र फरमान अहमद विगत 5 मई की रात्रि 2 बजे आर्केस्ट्रा देखकर गोरिया पूर्व से वापस अपने घर आ रहा था कि तभी रामकरन पुत्र रामकिशोर उर्फ छूरी निवासी पूरे गौरिया मजरे दूंदीपुर तथा चार अज्ञात सहयोगी उसके पुत्र फरमान अहमद को जान से मारने की नियत से रास्ते में पकड़कर अत्याधिक मारा पीटा तथा हाथ पैर रस्सी से बांध दिया और हत्या करने की नियत से फरमान अहमद के दोनों पैर घुटने के नीचे से बांके से काटकर अलग कर दिया तथा मरा समझकर दुर्घटना का रूप देने के लिए रेलवे ट्रेक पर डाल दिया था। जिसकी सूचना ट्रेन ड्राइवर ने पुलिस को दी तब पुलिस वालों ने फरमान अहमद को सीएचसी त्रिवेदीगंज में भर्ती कराया और घटना की सूचना दी। बताया कि हालत गम्भीर होने के कारण उसके पुत्र को जिला अस्पताल और फिर हालत गम्भीर देखकर ट्रामा सेन्टर रेफर कर दिया। होश आने पर फरमान अहमद ने प्रार्थी को उक्त घटना की जानकारी दी। पिता ने बताया कि थाना लोनीकटरा में शिकायत किए जाने के बावजूद कोई कार्यवाही नहीं की गई । इस सम्बन्ध में जरिए दस्ती व जरिए रजिस्टर्ड डाक से कई प्रार्थनापत्र पुलिस अधीक्षक बाराबंकी व थानाध्यक्ष लोनीकटरा को दी फिर भी न तो रिपोर्ट दर्ज हुई न कोई कार्यवाही की गयी। पीरियड पिता ने बताया कि मजबूर होकर उसने न्यायालय एसीजेएम कोर्ट नंबर 19 की मदद ली। न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर शुरू कर दी है।

# राष्ट्रीय मानवाधिकार सुरक्षा परिषद ने जिला बाए एसो. के पदाधिकारियों को किया सम्मानित

**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**



राष्ट्रीय मानवाधिकार सुरक्षा परिषद के पदाधिकारियों ने जिला बार एसोसिएशन के 21 पदाधिकारियों को प्रशस्ति पत्र भेंटकर सम्मानित किया। जिला बार एसोसिएशन के सभागार में आयोजित सम्मान समारोह में परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुबोध कुमार श्रीवास्तव, चिकित्सा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष डॉ एके श्रीवास्तव महासचिव डॉक्टर रेहान अहमद व उनकी टीम ने अध्यक्ष नरेंद्र कुमार वर्मा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष रितेश कुमार मिश्र व महामंत्री रामराज यादव को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। संचालन वरिष्ठ अधिवक्ता कमलेश चंद्र शर्मा ने किया। परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुबोध कुमार श्रीवास्तव ने संस्था का परिचय देते हुए कहा कि उनकी संस्था लखनऊ में लावारिस का धर्म अनुसार अंतिम संस्कार अपने खर्चे पर करती है। प्रतिवर्ष एक निर्धन कन्या का विवाह भी संस्था द्वारा कराया जाता है।

उन्होंने बताया कि उनकी संस्था ऐसे लोगों को जो अपनी जान जोखिम में डालकर दूसरों की जान बचाते हैं उनको वीरता पुरस्कार कई वर्षों से दे रही है। संस्था के महासचिव डॉ रेहान अहमद ने कहा कि उनकी संस्था पूरी तरह से स्वयंसेवी है किसी प्रकार का सरकारी, गैर सरकारी अनुदान नहीं लेती। जिला बार के अध्यक्ष नरेंद्र कुमार वर्मा ने राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद संस्था के कार्यों की सराहना की तथा आभार प्रकट करते हुए बार एसोसिएशन की तरफ से राष्ट्रीय अध्यक्ष सुबोध कुमार श्रीवास्तव, डॉ एके श्रीवास्तव, डॉ रेहान अहमद को प्रशस्ति पत्र दिया कार्यक्रम में सुषमा शर्मा, पवन कुमार, मनोज कुमार, मोहम्मद सगीर , मो0 आमिर खान,सुनील कुमार, संजय बाबा सहित संस्था व बार के सैकड़ो लोग उपस्थित रहे।

## खबरें एक नजर में

### व्यापारी आज होंगे सम्मानित

**इटावा।** अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के जिलाप्रवक्ता व मीडिया प्रभारी इक़रार अहमद ने जानकारी देते हुए कहा कि 3 सितंबर दिन बुधवार को अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के स्थापना दिवस पर जिला संरक्षक संतोष पटेल साईं मंदिर परिसर पक्का तालाब पर 3 सितंबर समय दोपहर 2 बजे व्यापारी सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा। जिसमें जनपद के व्यापारियों को व्यापारी सेवा सम्मान देकर सम्मानित किया जाएगा। अधिक से अधिक संख्या में व्यापारी उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफ़ल बनायें।

### औसानेश्वर स्थित गोमती में विसर्जित हुई गणेश प्रतिमाएं

**हैदरगढ़ बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।** गणपति बप्पा मोरिया, अगले बरस तू जल्दी आ के जयकारों के बीच गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन आज अवसानेस्वर महादेव मंदिर आदि गंगा गोमती घाट पर किया गया। विसर्जन से पहले भक्तों ने गणेश प्रतिमाओं की विशेष पूजा-अर्चना की और भोग लगाया विसर्जन यात्रा गाजे बाजे के साथ निकाली गई और सैकड़ों की संख्या में लोग शामिल हुए। बताते चले की बीती 27 अगस्त को नगर पंचायत हैदरगढ़ के ब्रम्हनान वार्ड निवासी युवा नेता रोहित मिश्रा द्वारा निज निवास पर गणेश चतुर्थी के पावन अवसर पर भगवान श्री गणेश की स्थापना की गई थी बीती 31अगस्त को गणेश वंदना का भी आयोजन किया गया था।

### दो दिन से लापता किशोर का नही लगा सुराग

**हैदरगढ़ बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।** दो दिन पूर्व घर से निकला 15 वर्षीय किशोर लापता हो गया काफी तलाश के बाद भी पता न चलने पर पिता ने पुलिस को तहरीर देकर तलाश करने की गुहार लगाई है। कोतवाली हैदरगढ़ के चौबिसी गांव निवासी मेराज अहमद पुत्र कुतुबुद्दीन ने बताया कि उनका पुत्र सैफान सिद्दीकी रविवार को सुबह 8 :00 बजे घर से निकला था। परंतु देर शाम तक किशोर के वापस न लौटने पर परेशान परिजनों ने उसकी तलाश रात्रि में आसपास के गांव और रिश्तेदारों एवं सैफान के दोस्तों से बातचीत की, लेकिन पुत्र का कोई पता नहीं चल सका।जिसके बाद पिता ने कोतवाली में तहरीर देकर लापता पुत्र को तलाश किये जाने की गुहार लगाई है।

### पंचायत भवन का ताला तोड़कर लाखो का सामान चुरा ले गए चोर




**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।** पंचायत भवन का ताला तोड़कर अज्ञात चोरों ने बीती रात कमरों रखे कम्प्यूटर कैमरा इन्वर्टर लैपटॉप सहित लाखों रुपए कीमत के उपकरण उठा ले गए। पंचायत सहायक व ग्राम प्रधान की तहरीर तहरीर पर पुलिस चोरी की घटना की छानवीन में शुरू कर दी है। घटना लोनी कटरा थाना क्षेत्र के मोहम्मदपुर ग्राम पंचायत की है। जहां तहरीर के मुताबिक अज्ञात चोर बाउंड्री फांदकर कंप्यूटर कच्छ का ताला तोड़कर अंदर चले गए जहां रखा हुआ कंप्यूटर कैमरा इनवर्टर फिंगरप्रिंट मशीन सहित अन्य कीमती उपकरण उठा ले गए सुबह 10:00 बजे जब पंचायत सहायक पंचायत भवन गया तो घटना की पूरी जानकारी हुई पंचायत भवन के अंदर जाकर देखा तो पूरा सिस्टम गायब था । चोर इतने शातिर थे कि जहां पंचायत भवन में लगे कैमरे खोल गए वहीं उसका पूरा सिस्टम उखाड़ कर लेकर चले गए ताकि उनका फुटेज कहीं भी ना मिले । थाना प्रभारी अभय कुमार मौर्य ने बताया की घटना की तहरीर मिली है पुलिस अज्ञात चोरों की तलाश शुरू कर दी है।

# मलबे में दबी दो बच्चियों को सुरक्षित निकाला

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।**

विकास खंड हैदरगढ़ क्षेत्र के रेहुरा गांव में एक कच्चे मकान की छत बारिश के कारण गिर गई। हादसे में मकान में सो रही दो बच्चियां मलबे में दब गईं। ग्रामीणों की मदद से दोनों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया।

जानकारी के मुताबिक उक्त गांव निवासी सहील पुत्र उस्मान पिछले 20 वर्षों से कच्चे मकान में जीवन यापन कर रहे हैं।

सोमवार की रात परिजन सो रहे थे तभी अचानक छत गिरने से उनकी 8 वर्षीय बेटी जोया और 6 वर्षीय अजरा मलबे में दब गईं। बच्चियों की चीख-पुकार सुनकर परिजन जागे और ग्रामीणों की मदद से उन्हें बचा लिया गया। सहील की पत्नी नुशरत ने बताया कि वे कई सालों से कच्चे मकान में रह रहे हैं। उन्होंने कई बार ग्राम प्रधान से आवास के लिए गुहार लगाई, लेकिन कोई मदद नहीं मिली। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि सनद तिवारी के अनुसार, इस गरीब परिवार का नाम पीएम आवास और जीरो पॉवर्टी योजना में शामिल किया गया है, लेकिन अभी तक आवास नहीं मिल सका है। गांव वालों का कहना है कि पिछले 20 वर्ष से कच्चे मकान में रह रहे गरीब परिवार को आवास क्यों नहीं मिला, इसकी जांच होनी चाहिए। गनीमत रही कि कोई जनहानि नहीं हुई बड़ी दुर्घटना घटित हो सकती थी।



# पुरवा में संगीत महासंग्राम का हुआ ऑडिशन, डांसिंग-मॉडलिंग का दिखा हुनर

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।**

इंडियन इवेंट सोल्यूशन्स के बैनर तले संगीत महासंग्राम सीजन 8 का पहला ऑडिशन पुरवा के रामकली बुद्धीलाल साहू शिक्षण संस्थान के ऑडिटोरिम में हुआ। जनपद की सबसे बड़ी और पुरानी इस प्रतियोगिता में हर आयु वर्ग के एक सैकड़ा से ज्यादा प्रतिभागियों ने सिंगिंग, डांसिंग, मॉडलिंग का मुजाहिरा किया। सिंगिंग के निर्णायक राहुल कश्यप रहे और डांसिंग व मॉडलिंग का निर्णय डांस गुरु अपूर्वा शर्मा रोज़ व कोरियोग्राफर महेंद्र सिंह ने दिया। विद्यालय के बच्चों ने अपने बीच के ही प्रतिभागियों का, जमकर तालियां बजाते हुए उत्साह बढ़ाया। इस अवसर पर मैनेजिंग डायरेक्टर के बी साहू, प्रिंसिपल करुणा शंकर तिवारी, कोऑर्डिनेटर चंद्रकांत ने बच्चों के हुनर को देखकर प्रशंसा करते हुए उनका हौसला बुलंद किया। शशांक तिवारी सहित बड़ी संख्या में स्टाफ सदस्य और अभिभावक मौजूद रहे। इंडियन इवेंट सोल्यूशन्स के डायरेक्टर राहुल कश्यप ने बताया सीजन 8 के फिनाले होटल कशिश क्राउन में होगा और संस्थापक डॉ मनीष सिंह सेंगर ने विद्यालय और सहयोगियों के प्रति आभार जताते हुए बताया कि प्ले बैक सिंगर विशाल मिश्रा, सारेगामा फेम नम्रता सिंह, वोमेनिया बैंड की डायरेक्टर व गायिका स्वाती सिंह सहित बहुत से नामचीन कलाकार संगीत महासंग्राम के ही मंच से निकले हैं।

### आमजन के लिए खोला गया लखनऊ-कानपुर राजमार्ग पर कट

**उन्नाव।** आज सदर विधानसभा के लखनऊ कानपुर राजमार्ग पर औधोगिक क्षेत्र बंथर कट का निरीक्षण के दौरान स्थानीय जनता की मांग पर पूर्व में दिए गए आश्वासन को पूरा कर सदर विधायक पंकज गुप्ता ने अधिकारियों से वार्ता कर कट को खोलने की मंजूरी दिलाई। अब यह मार्ग आमजन की सुविधा हेतु खुला रहेगा, जिससे आसपास के लोगों को आवागमन में किसी प्रकार की असुविधा न हो। इस रास्ते से केवल छोटी-छोटी गाड़ियाँ गुजर सकेंगी, ताकि जनहित और सुरक्षा दोनों सुनिश्चित रह सकें। सदर विधायक ने कहा कि जनता की समस्याओं का समाधान करना ही मेरा संकल्प है और आगे भी आपके सहयोग से क्षेत्र के विकास एवं सुविधा हेतु निरंतर प्रयास करता रहूँगा। इस दौरान आस पास के क्षेत्रवासी व स्थानीय लोगो ने सदर विधायक के कार्य की प्रशंसा की।

# अगड़बम कांवरिया संघ की अगुवाई में गंगाजल लाने के लिए कांवरिये डलमऊ रवाना



**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।**

हर-हर महादेव व बोल बम का जयकारों के बीच आज सैकड़ों कांवरियों ने अगड़बम कांवरिया संघ की अगुवाई में गंगाजल लाने के लिए डलमऊ के लिए कूच कर दिया। इस दौरान भगवा रंग की पोशाकों में रंग-बिरंगी कांवरों को कांधे पर धरे कांवरियों का शोभा यात्रा के दौरान जगह-जगह भव्य स्वागत किया गया। कांवरिये 6 को श्री औसानेश्वर महादेव बाबा का जलाभिषेक करेंगे।

हैदरगढ़ नगर से कई दशक से डलमऊ गंगा जी को जाने वाले भगवान भोलेनाथ के भक्तों का जत्था आज बड़ी धूमधाम से रवाना हुआ। कांवरियों का यह जत्था बहुप्रसिद्ध नगर स्थित रामेश्वरम शिवाला से कतारबद्ध होकर निकला। भगवा रंग में रंगे व विभिन्न प्रकार से अपनी कांवरो को सजाये तथा उसे कांधे पर रखे कांवरियों का उत्साह देखते हुए बन रहा था। हर-हर महादेव व बोल बम के जयघोष लगाते कांवरिये सभी का ध्यान अपनी ओर बरबस ही आकृष्ट कर रहे थे। रास्ते में मुख्य बाजार व चौराहे से नहर तिपुला तक कांवरियों का लोग स्वागत करते रहे। इस पूरे जत्थे की देख-रेख संयोजक राजू भैया, श्रवण गुप्ता, घनश्याम वैश्य, डब्बू अवस्थी , महेश वैश्य जैसे तमाम कांवरिये पूरी जिम्मेदारी के साथ करते नजर आये। कांवरिया संघ संयोजक राजू भैया ने बताया कि डलमऊ में 2 की रात्रि विश्राम करने के बाद 3 की सुबह से कांवरिये अपनी कांवर की पूजा करेंगे और फिर गंगाजल भरकर कांवर कांधे पर उठाकर बाबा औसानेश्वर धाम के लिए कूच कर जायेंगे। अगड़बम कांवरिया संघ का दूसरा विश्राम मुक्तेश्वर महादेव मंदिर राजघाट रायबरेली में3की शाम को होगा। इसके बाद सगरा चौराहा 4सितंबर को रुकते हुए 5 सितंबर को सभी कांवरिये देर शाम तक औसानेश्वर धाम पहुंच जायेंगे। इससे पहले इसी दिन बाबा प्रेमदास जी की कुटी पर महंत बाबा लालता दास जी महाराज सहित संतो का आर्शीवाद लेंगे। जबकि 5सितंबर को देर रात तक औसानेश्वर शिव मन्दिर पर भजन कीर्तन का कार्यक्रम भी होगा। इसके दूसरे दिन 6 को अनंत चौदस के दिन श्रद्धा के साथ कांवरिये बाबा जी का जलाभिषेक करेंगे। फिलहाल आज कांवरियों के निकले जत्थे के चलते लखनऊ सुल्तानपुर सड़क मार्ग का आवागमन अस्त-व्यस्त हो गया। भोलेनाथ की भक्ती में रचे-बसे भजनों पर कांवरिये सब कुछ भूलकर नृत्य कर रहे थे। कई कांवरियों ने पैरो में घुंघरू बांध रखे थे तो कई मोर पंख लगाकर कुछ अलग ही छठा बिखेर रहे थे। कांवर लेकर जाने वालों में प्रमुख रूप से रामसरन, सरवन वैश्य, शुभम तिवारी, डब्बू अवस्थी, रज्जन पांडे, घनश्याम वैश्य, राहुल, चंद्रकांत, रामचन्द्र रावत, पिंटू , सूरज जी, सुमिरन जी महेश वैश्य, आकाश तिवारी सहित कई लोग शामिल थे। जबकि दूसरी तरफ कांवरियों का दूसरा जत्था भी डलमऊ के लिए रवाना हुआ। जिसमें राजेश गुप्ता, राजन त्रिवेदी, जयनारायन, राजू शिल्पकार, पवन कुमार, संजय, ऋषि कुमार, अंकित कुमार सहित तमाम कांवरिया उपस्थित थे।

### कांवरियों का जमकर हुआ स्वागत

हैदरगढ़ बाराबंकी। रामेश्वरम शिवाला मंदिर से निकले कांवरियों का रास्ते भर जमकर स्वागत हुआ। इस दौरान नगर पंचायत अध्यक्ष आलोक तिवारी युवा नेता अमित सिंह उत्तर प्रदेश व्यापार संगठन के अध्यक्ष योगेश द्विवेदी, वशिष्ठपांडे, करुणेश द्विवेदी पंकज मिश्रा व्यापारी नेता राजकुमार सोनी ,रामेंद्र तिवारी,पंकज अग्रवाल, सत्यम द्विवेदी,हरि राम वैश्य हर गोबिंद शुक्ला, श्रीकांत द्विवेदी रामू आदि ने कांवरियो पर जहां फूल बरसाये। वहीं मालाओं से मालामाल कर दिया। जबकि इस दौरान बोल बम का नारा है भोले तेरा सहारा है, औसानेश्वर बाबा की जय, गंगा मइया की जय व हर-हर महादेव के जयघोषों से नगर भक्तिमय वातावरण में डूब गया। जाहिर था कि कांवरियों के स्वागत में हैदरगढ़ की गंगा जमुनी संस्कृति एक बार फिर नजर आई। इस दौरान कोतवाली प्रभारी अभिमन्यु मल्ल, कस्बा इंचार्ज कपिल यादव सहित भारी संख्या में पुलिस फोर्स भी मौजूद था।

# नौ कांग्रेसियों पर 307 का मुकदमा, कोर्ट ने भेजा जेल

**इटावा, समृद्धि न्यूज।**

जिले की राजनीति में सोमवार को बड़ा घटनाक्रम देखने को मिला। कांग्रेस पार्टी के नौ कार्यकर्ताओं पर पुलिस ने हत्या के प्रयास की धारा 307 के तहत मुकदमा दर्ज किया है। इस कार्रवाई से कांग्रेस कार्यकर्ताओं और नेताओं में भारी रोष है। कांग्रेस कमेटी के सदस्य प्रशांत तिवारी ने कोर्ट परिसर में मीडिया से बातचीत करते हुए भाजपा सरकार पर गंभीर आरोप लगाए।

उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार कांग्रेस पार्टी से इतनी डरी हुई है कि अब लोकतांत्रिक आवाज़ को दबाने के लिए झूठे मुकदमे दर्ज करवा रही है। उन्होंने बताया कि कांग्रेस कार्यालय पर भाजपा सदर विधायका सरिता भदौरिया अपने समर्थकों के साथ ज़बरन घुस आई और तोड़फोड़ की नीयत से माहौल बिगाड़ने की कोशिश की। जब कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने इसका विरोध किया, तभी पुलिस ने उल्टा नौ कांग्रेसियों पर झूठा 307 का मुकदमा दर्ज कर लिया। प्रशांत तिवारी ने कहा कि इस घटना का वीडियो सबूत के तौर पर मौजूद है, जिससे साफ़ होता है कि कांग्रेस कार्यकर्ताओं पर लगाए गए आरोप निराधार हैं। उन्होंने कहा कि यह प्रशासन भाजपा का गुलाम बन चुका है, लेकिन कांग्रेस कार्यकर्ता डरने वाले नहीं हैं। जेल और मुकदमों से घबराने के बजाय हम और मजबूती से लड़ाई लड़ेंगे। कांग्रेस नेताओं का कहना है कि भाजपा लोकतंत्र की आवाज़ दबाने का काम कर रही है, लेकिन कांग्रेस हर हाल में जनता के मुद्दों पर संघर्ष जारी रखेगी। गिरफ्तार के बाद जेल गए जिलाध्यक्ष आशुतोष दीक्षित पुत्र त्रिवेदी प्रसाद निवासी निवाड़ीकला बकेवर, शहर अध्यक्ष मो. राशिद पुत्र नौशाद हुसैन कटरा पुर्दल खां, कोमल सिंह कुशवाहा पुत्र दयाराम निवासी रामगंज गौशाला व पुत्र उनका लड़का विपिन पुत्र कोमल सिंह, मलखान सिंह पुत्र नेत्रपाल सरायएसर थाना सिविल लाइन, पल्लव दुबे पुत्र ज्ञानेन्द्र दुबे निवासी कृष्णानगर भरथना रोड फ्रेंड्स कालोनी, प्रशांत तिवारी पुत्र संजय सिंह निवासी अलकापुरी थाना कोतवाली, आसिफ जादरान पुत्र इमामुद्दीन कटरा साहब खां, अंबुज त्रिपाठी पुत्र सत्यव्रत त्रिपाठी पक्काबाग अर्जुननगर थाना फ्रेंड्स कालोनी ने आदि ने बीजेपी सरकार पर गुस्से का इजहार किया।



### गणेश महोत्सव विसर्जन हुआ सम्पन्न

**उन्नाव।** हजारी टोला स्थित सिद्धनाथ मंदिर में चल रहे 22वें गणेश महोत्सव का शुभारंभ धूमधाम से हुआ। महोत्सव के सातवां दिन की विशेष आरती का समापन बड़ी श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ किया गया। इस अवसर पर मंदिर परिसर भक्ति गीतों और जयकारों से गूंज उठा। महोत्सव की सातवे दिन आरती दुर्गेश गुप्ता ने विधिविधान के साथ संपन्न कराई। इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे और भगवान गणेश की पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद प्राप्त किया। मंदिर समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि गणेश महोत्सव को लेकर क्षेत्र में विशेष उत्साह है और प्रतिदिन अलग-अलग कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।

# दो कंटेरनर आपस में टकराये, खड़े कंटेनर चालक की मौत व एक यात्री घायल

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।**

बेहटा मुजावर थाना क्षेत्र में आगरा लखनऊ एक्सप्रेस वे पर तेज़ रफ़्तार कंटेनर पहले से ही लेन पर खड़े दूसरे कंटेनर के पीछे जा घुसा। हादसे में खड़े कंटेनर के निकट खड़े परिचालक और एक यात्री गंभीर घायल हो गए। सूचना पर पहुंची यूपीडा रेस्क्यू टीम ने दोनों घायलों को यहां के सरकारी अस्पताल भेजा। जहां चिकित्सकों ने परिचालक को मृत घोषित कर दिया। जबकि घायल यात्री को नाजुक हालत में ट्रामा सेंटर लखनऊ रेफर कर कर दिया गया। हरियाणा प्रांत के जिला नूंह अंतर्गत ग्राम देहाना निवासी चालक अनीस पुत्र अकबर कंटेनर में प्लाई लादकर जिला सीतामढ़ी बिहार से हरियाणा जा रहा था। तभी रास्ते में अचानक कंटेनर का। डीजल समाप्त हो गया और चालक ने आज़ मंगलवार की सुबह बेहटा मुजावर थानाक्षेत्र में आगरा लखनऊ एक्सप्रेसवे पर स्थित गांव शादीपुर के सामने कंटेनर मार्ग किनारे खड़ा कर दिया और परिचालक सरफराज 24 वर्ष पुत्र उमर निवासी गांव कुलडेहरा थाना फिरोजपुर जनपद नूंह हरियाणा तथा एक यात्री जैद 21 वर्ष पुत्र शहीद निवासी गोकुल पुर थाना पुनहाना जनपद नूहु हरियाणा दोनों नीचे उतरकर कंटेनर के निकट खड़े होकर डीजल लाने के लिए वाहन का इंतजार करने लगे। तभी पीछे से तेज गति से आ रहे दूसरे कंटेनर ने पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों कंटेनर क्षतिग्रस्त हो गए और कंटेनर की चपेट में आकर परिचालक सरफराज और यात्री जैद दोनों लहूलुहान हो गए। चालक की सूचना पर पहुंची यूपीडा रेस्क्यू टीम ने एंबुलेंस के जरिए दोनों घायलों को यहां के सरकारी अस्पताल भेजा। जहां पर डाक्टरों ने परिचालक सरफराज को मृत घोषित कर दिया। जबकि यात्री जैद को गंभीर हालत में ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया गया।

# जर्जर मकान ढहने से क्षेत्र में दो परिवारों को भारी नुकसान

**मलबे में दबने से एक ही परिवार के चार लोग हुए घायल**

**छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।**



मंगलवार तड़के करीब चार बजे ग्राम पंचायत कसाबा में एक जर्जर कच्चा मकान ढहने से एक ही परिवार के चार लोग मलबे में दबकर घायल हो गए। इसके अलावा ग्राम प्रानपुर पल्योरा में मकान ढहने से मलबे में दबा अनाज और गृहस्थी का समान नष्ट हो गया।

ग्राम कसाबा में हुए हादसे में सियाराम पुत्र रामचरन, लालू, दयाराम, करिया दयाराम और लज्जा राम मलबे में दबकर गंभीर रूप से चोटिल हो गए। सभी को पड़ोसियों ने मलबे से निकालकर सौ शैया अस्पताल पहुंचाया। लगातार दो दिनों की मूसलाधार बारिश ने कच्चे मकान को कमजोर कर दिया था, जिससे छत ढह गई। यह परिवार मजदूरी कर गुजारा करता है और वर्षों से जर्जर मकान में रहने को मजबूर था। स्थानीय लोगों का आरोप है कि परिवार को सरकारी आवास योजना का लाभ नहीं मिला। समाजसेवी नीलू जाटव ने कहा, ÷यदि समय पर आवास मिला होता, तो यह हादसा टल सकता था। पूर्व ब्लॉक प्रमुख अगम मिश्रा ने प्रशासन की लापरवाही पर सवाल उठाते हुए बताया कि कई बार पंचायत और प्रशासन से मदद की गुहार लगाई गई, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। इसी तरह, ग्राम प्रानपुर पल्योरा में दीप्ती दीक्षित पत्नी शैलेंद्र दीक्षित का कच्चा और आंशिक पक्का कमरा बारिश के कारण ढह गया। हादसे में गैस चूल्हा, बक्सा, कुर्सियां, खटिया, गेहूं की 10 बोरी, रजाई, गद्दा और तखत नष्ट हो गया। गनीमत रही कि दीप्ती अपने बच्चों उमंग और जानवी के साथ देवर गौरव के कमरे में थीं, जिससे वे बाल-बाल बच गईं। सामान नष्ट होने से परिवार को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। क्षेत्र पंचायत सदस्य नंदनी दीक्षित के पति विवेक दीक्षित ने मौके पर पहुंचकर मदद का भरोसा दिलाया और उच्च अधिकारियों से संपर्क किया।

# श्री गणेश महोत्सव का आयोजन, भक्ति और संस्कृति का अनूठा संगम

**छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।**



जय बालाजी सेवा समिति और विश्व सनातन शक्ति महासंघ के संयोजन में इंदिरा आवास कॉलोनी में आयोजित श्री गणेश महोत्सव ने भक्ति और संस्कृति का अनूठा संगम प्रस्तुत किया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष मनोज कुमार दुबे ने भगवान श्री गणेश की आरती उतारी। समिति के संयोजक सर्वेश कुमार तिवारी ने उन्हें अंग वस्त्र और प्रतीक चिह्न भेंटकर सम्मानित किया। इस अवसर पर मनोज कुमार दुबे ने कहा कि इस महोत्सव की भव्यता और भक्ति अद्वितीय है, जो पूरे कन्नौज जनपद में चर्चा का विषय है। उन्होंने भारी बारिश के बावजूद आयोजन की सफलता के लिए समिति की सराहना की। सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने पंडाल को भक्तिमय बना दिया। यशिका रानी तिवारी और तनू ने भजन मैं फिरूं श्याम तेरे नाम की जोगन बनकर पर मनमोहक प्रस्तुति दी। बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ नाटक में यशिका, तनू, परी, काजल, पलक, उपासना, लच्छो, सोनम, गुड्डी, सोनल और यश तिवारी ने प्रभावशाली अभिनय किया। लव-कुश संवाद में यश और शुभ मिश्रा ने दर्शकों का मन मोह लिया, जबकि भयंकर भूत नाटक में स्पर्श तिवारी, लाला, अमन, शिवा और अमन शर्मा ने खूब वाहवाही बटोरी। सर्वेश तिवारी ने सभी भक्तों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनका लक्ष्य भक्ति और संस्कृति से ओतप्रोत कार्यक्रम आयोजित करना है। अंत में सभी को प्रसाद वितरित किया गया।

## 12 रबी उल अव्वल की तैयारियां शुरू

**छिबरामऊ, कन्नौज।** ईद ऐ मिलादुन नबी 12 रवि उल अव्वल त्यौहार को लेकर मस्जिदों व मुस्लिम बाहुल्य मोहल्लों के साथ नगर के मेन बाजार रोड़ को सजाने की तैयारियां जोरशोर से शुरू हो गई हैं। मुस्लिम मान्यताओं के अनुसार जशने यौमे विलादत यानी आकाए कायनात हज़रत मुहम्मद सल्ललाहो अलैहे वसल्लम का जश्नें यौमे विलादत (जन्मदिन) 12 रबिउल अब्बल 5 सितंबर दिन शुक्रवार को मनाया जाएगा और इसी तारीख को हमारे प्यारे आका हज़रत मुहम्मद सल्लाहो अलैहे वसल्लम का सबसे ज्यादा रोशन और सबसे ज्यादा पाकीजा वजूद सारी दुनिया के लिए रहमत बनकर आया। आका हज़रत मोहम्मद साहब ने दुनिया को इंसानियत और भाईचारे का वो पैगाम दिया जिसकी मिसाल सारी दुनिया में कहीं भी नहीं मिलती। इस त्योहार के आते ही आका के चाहने वाले मस्जिदों घरों व गलियों को जगमगाती लाइटों से रोशन करते है, जिसको लेकर नगर व आस पास के गांव देहात में 12वीं शरीफ़ की तैयारियां शुरू हो गई हैं।

## औद्योगिक क्षेत्र में लगी सोलर लाईटों को चुरा ले गये चोर

**कालपी,जालौन समृद्धि न्यूज।** चोरों ने औद्योगिक क्षेत्र में लगी सोलर लाईटों की बैटरियां चोरी कर ली। फैक्टरी संचालकों ने मामले की शिकायत पुलिस से की है। विदित हो कि तहसील परिसर के पास यूपीएसआईडी द्वारा औद्यौगिक क्षेत्र विकसित किया गया है जिसमें लगभग दो दर्जन से कागज फैक्टरी संचालित हो रही है। विभाग ने कुछ माह पहले इस क्षेत्र में सुविधा विकसित की थी जिसके तहत कार्यालय, आवास के साथ औद्यौगिक क्षेत्र में बडी संख्या में सोलर लाईटे भी लगाई थी जिससे विजली न होने की स्थिति में रोशनी बनी रहे लेकिन गत दिनों इन लाईटों की बैटरियों पर चोरों की नजर लग गयी है और वह एक एक कर लगभग आधा दर्जन लाईटों से बैटरी निकाल ले गये हैं।

# मत्स्य जीवी सहकारी संघ के सभापति ने की समीक्षा बैठक

**सरकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन और समिति की समस्याओं के त्वरित समाधान पर दिया जोर**

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**



समीक्षा बैठक करते सभापति वीरू सहानी

उत्तर प्रदेश मत्स्य जीवी सहकारी संघ लिमिटेड, लखनऊ के सभापति वीरू सहानी ने सर्किट हाउस सभागार में विभागीय अधिकारियों एवं समिति सदस्यों के साथ समीक्षा बैठक की।

सभापति ने बताया कि मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार प्रदेश के सभी जिलों का भ्रमण कर यह देखा जा रहा है कि मत्स्य समितियाँ किस प्रकार कार्य कर रही हैं और क्या सरकारी योजनाओं का लाभ वास्तविक लाभार्थियों तक पहुँच रहा है।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए और समितियों की समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाए। बैठक में प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना और मुख्यमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना पर विस्तार से चर्चा की गई। सभापति ने बताया कि प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना के अंतर्गत महिलाओं को 60 प्रतिशत और पुरुषों को 40त्न तक की सब्सिडी उपलब्ध कराई जाती है। वर्ष 2024-25 में पोर्टल पर प्राप्त 90 आवेदनों में से 65 पात्र पाए गए हैं। वहीं, मुख्यमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 में प्राप्त 8 में से सभी 8 आवेदन पात्र पाए गए हैं।

उन्होंने निर्देश दिया कि सभी पात्र लाभार्थियों को समय से योजना का लाभ उपलब्ध कराया जाए। कहा कि जनपद में मत्स्य समितियों की संख्या को और बढ़ाया जाएगा तथा उन्हें सशक्त करने हेतु नई योजनाओं की शुरुआत की जाएगी। बैठक में सीडीओ राम कृपाल चौधरी, एडीएम आशीष कुमार सिंह, एएसपी अजय कुमार, ज्वॉइंट मजिस्ट्रेट/ एसडीएम सदर वैशाली, मुख्य कार्यकारी अधिकारी अजय सिंह सहित संबंधित अधिकारी रहे।

# सड़क मरम्मत के दो दिन बाद ही टूटी नाली की पटिया

**आवागमन फिर हुआ ठप**

**छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।**



पुरानी गुड़ मंडी और मोहल्ला कोलियान को विशुनगढ़ रोड से जोड़ने वाली सड़क की मरम्मत के मात्र दो दिन बाद ही नाली पर डाली गई पटिया टूट गई। पेयजल पाइपलाइन बिछाने के लिए 15 दिनों से यह सड़क खुदी पड़ी थी, जिससे स्थानीय लोगों को आवागमन में भारी असुविधा हो रही थी।

मरम्मत के बाद राहत की उम्मीद थी, लेकिन पटिया टूटने से वाहनों का आवागमन एक बार फिर ठप हो गया है। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष शैलेंद्र गुप्ता लालू ने मौके का निरीक्षण कर नगर पालिका अध्यक्ष मनोज दुबे को समस्या से अवगत कराया। मनोज दुबे ने आश्वासन दिया कि जूनियर इंजीनियर (जेई) को भेजकर शीघ्र समाधान कराया जाएगा। उल्लेखनीय है कि हनुमानगढ़ी का पुराना नलकूप महीनों से खराब होने के कारण क्षेत्रवासियों को पेयजल संकट का सामना करना पड़ रहा था। अब मोहल्ला कोलियान में लश्करी तालाब के पास नया नलकूप स्थापित किया गया है, जिसे हनुमानगढ़ी से पाइपलाइन के माध्यम से जोड़ा गया है। इससे मोहल्ला कोलियान, कटरा ग्रेसीगंज और हनुमानगढ़ी में पेयजल आपूर्ति शुरू होने की उम्मीद है। इस दौरान दास गुप्ता, सुधीर कुमार गुप्ता, आफताब, कल्लू इलियास, नितिन गुप्ता, अजय कुमार, खलील और जयदीप कश्यप मौके पर मौजूद रहे।

# दो पहिया वाहनों को बिना हेलमेट नहीं मिलेगा पेट्रोल

**जिलाधिकारी ने बैठक कर नो हेलमेट नो फ्यूल का कड़ाई से पालन कराने के दिए निर्देश**

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**




बैठक करते डीएम- एसपी

सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देशन में प्रदेश में 30 सितंबर तक नो हेलमेट नो पेट्रोल यानी कि हेलमेट नही तो पेट्रोल नही का अभियान चलाया जा रहा है।

इसके तहत जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री व पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार की संयुक्त अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जनपद के समस्त पैट्रोल पम्प स्वामियों एवं एआरटीओ, क्षेत्राधिकारी नगर, यातायात, डीएफओ व यातायात प्रभारी के साथ मीटिंग की गई। जिसमें सभी पेट्रोल पंप के स्वामियों को नो हेलमेट नो फ्यूल अभियान को सफल बनाने में सहयोग करने हेतु निर्देशित किया। सभी पेट्रोल पंप के स्वामियों को अपने- अपने पेट्रोल पंप पर कम से कम एक माह की रिकॉर्डिंग वाले सीसीटीवी कैमरे लगवाने हेतु निर्देशित किया गया। सभी पैट्रोल पंप मालिकों को अपने- अपने पैट्रोल पंप पर नो हेलमेट नो फ्यूल से सम्बंधित फ्लेक्स बैनर लगवाने तथा इसे पूर्ण रूप से लागू करने हेतु निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक द्वारा एआरटीओ एवं क्षेत्राधिकारी यातायात को दो पहिया वाहनों पर हेलमेट की विशेष चेकिंग अभियान चलाने हेतु निर्देशित किया गया।

## शिक्षक दिवस पर डॉ. सुशील कुमार शाक्य होंगे सम्मानित

**शिक्षा क्षेत्र में उत्कृष्ट सेवाएं देने पर विश्वविद्यालय कानपुर में मिलेगा सम्मान**



सेवानिवृत्त प्राचार्य डॉ सुशील कुमार शाक्य

**जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़।** शिक्षक दिवस के अवसर पर शिक्षा क्षेत्र में उत्कृष्ट सेवाएं देने वाले शिक्षकों को छत्रपति शाहूजी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर द्वारा सम्मानित किया जाएगा। इस अवसर पर क्षेत्र के अनौगी स्थित डॉ. भीमराव अंबेडकर राजकीय महाविद्यालय के सेवानिवृत्त प्राचार्य डॉ. सुशील कुमार शाक्य को भी शिक्षा के क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया जाएगा। सेवानिवृत्त प्राचार्य ने शिक्षा के क्षेत्र में 35 वर्ष सेवाएं दी। जिसमें 11 वर्ष अनौगी में प्राचार्य के पद पर कार्यरत रहे। राजकीय स्नातककोत्तर महाविद्यालय ऋषिकेश में प्रोफेसर रहे। इसके अलावा विभिन्न विद्यालयों में भी सेवाएं दी है। डॉ. सुशील कुमार शाक्य ने कहा यह सम्मान उनके शैक्षणिक जीवन की उपलब्धियों और शिक्षा क्षेत्र में की गई सेवाओं के लिए दिया जा रहा है। उन्होंने विश्वविद्यालय प्रशासन का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह सम्मान न केवल उनके लिए, बल्कि पूरे क्षेत्र के लिए गर्व की बात है। शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर योगदान देने वाले डॉ. शाक्य को यह सम्मान मिलना युवा शिक्षकों के लिए प्रेरणा का स्रोत होगा।

# बुढ़वा मंगल पर सुंदरकांड पाठ और भंडारों का किया गया भव्य आयोजन

**छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।**



बुढ़वा मंगल के पावन अवसर पर छिबरामऊ और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में सुंदरकांड पाठ और भंडारे के आयोजन धूमधाम से हुए।

पुराने सौरिख बस स्टॉप के सामने दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर पर करणी सेना जिलाध्यक्ष के छोटे भाई हिमांशु चौहान के सौजन्य से विशाल भंडारा आयोजित किया गया। इस अवसर पर विधायक व पूर्व राज्य मंत्री अर्चना पांडेय, कौशलेंद्र उर्फ श्यामू चौहान, अनुराग त्रिपाठी, अंकुर चौहान, ऋषभ दुबे, अज्जू भदोरिया, गोविंद राठौर और अभिषेक गुप्ता सहित अनेक भक्तों ने राहगीरों को प्रसाद वितरित किया। बाबा की बगिया स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर पर आचार्य प्रशांतानंद चंदन ने सुंदरकांड पाठ किया। हनुमान जी के लिए छप्पन भोग सजाया गया और भक्तों के लिए विशाल भंडारा आयोजित हुआ। हनुमानगढ़ी पर भी भव्य भंडारे में बड़ी संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। नवीन मंडी के नीलामी चबूतरे पर विख्यात गायक कवि दुबे ने सुंदरकांड पाठ प्रस्तुत किया, जबकि शोभाराम ने भजनों से समां बांधा। कार्यक्रम के अंत में प्रसाद वितरण किया गया। इन आयोजनों ने भक्ति और समरसता का अनूठा संगम प्रस्तुत किया।

# पुरुषोत्तम तिवारी एडवोकेट बने जिलाध्यक्ष



**छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।**

राष्ट्रीय लोक दल प्रोफेशनल मंच के प्रदेश अध्यक्ष अंबुज पटेल ने प्रोफेशनल मंच जिलाध्यक्ष के पद पर पुरुषोत्तम तिवारी एडवोकेट का मनोनयन किया है। जिलाध्यक्ष बनने पर माल्यार्पण करके पुरुषोत्तम तिवारी एडवोकेट का भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय लोक दल के जिलाध्यक्ष मो. जावेद, राष्ट्रीय सचिव भारतीय किसान यूनियन महाशक्ति एवं प्रदेश अध्यक्ष उत्तर प्रदेश एवं उत्तराखंड ब्राह्मण हिंद महागठबंधन वेद प्रकाश शुक्ला, कंदर्पी दीक्षित, नवीन शुक्ला, शिवम शुक्ला, नारायण तिवारी, गौरव चतुर्वेदी, बंधु मिश्रा, गोपाल दुबे, हिमांशु त्रिवेदी एडवोकेट, आदित्य त्रिपाठी एडवोकेट, पुष्पेंद्र यादव एडवोकेट, अंकित यादव एडवोकेट, राम लड़ेते कठेरिया एडवोकेट, गौरव शर्मा एडवोकेट, जितेंद्र बाथम एडवोकेट आदि मौजूद रहे।

# कालपी में ओवरलोडिंग पर बड़ी कार्यवाही, 11 ओवरलोड वाहनों से वसूला 5.50 लाख जुर्माना

**उरई,जालौन समृद्धि न्यूज।**



जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय के निर्देश पर कालपी क्षेत्र में प्रशासन और खनन विभाग ने बड़ी कार्रवाई करते हुए ओवरलोड एवं एनआर वाहनों पर शिकंजा कसा। एसडीएम कालपी, कोतवाल और खान निरीक्षक की संयुक्त टीम ने विशेष अभियान चलाकर 11 ओवरलोड गाड़ियों को पकड़ा। इन वाहनों से कुल 5 लाख 50 हजार रुपये का जुर्माना वसूला गया।

जिलाधिकारी ने सभी सम्बंधित अधिकारियों से कहा कि ओवरलोड परिवहन और अवैध खनन किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। जिम्मेदारी तय कर उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि ऐसे वाहनों के विरुद्ध सख्त कार्यवाही सुनिश्चित करें। एसडीएम कालपी ने बताया कि पकड़े गए वाहनों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है। वहीं, खान निरीक्षक ने कहा कि अवैध खनन और ओवरलोडिंग करने वालों के खिलाफ निरंतर अभियान चलाकर कठोर कार्यवाही की जा रही है। जिलाधिकारी ने यह भी चेतावनी दी कि इस अभियान में किसी प्रकार की ढिलाई पाई गई तो जिम्मेदार अधिकारियों व कर्मचारियों के खिलाफ भी सख्त कार्रवाई होगी। उन्होंने अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व तथा अपर पुलिस अधीक्षक को भी निर्देशित किया कि वे आकस्मिक रूप से अभियान चलाकर यह सुनिश्चित करें कि कोई भी वाहन ओवरलोड अथवा एनआर वाहन जनपद की सीमा से बाहर न जाने पाए।

# भ्रष्टाचार किया तो ई-रिक्शा चलाते नजर आएंगे अधिकारी: शकील शेख

**छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।**



भारतीय किसान यूनियन शिवपाल के राष्ट्रीय अध्यक्ष धर्मेंद्र यादव की सहमति से प्रदेश अध्यक्ष अभिषेक कुमार ने जिले में संगठन का विस्तार करते हुए शकील शेख को कानपुर मंडल अध्यक्ष और मोहम्मद नौशाद को जिलाध्यक्ष नियुक्त किया। कानपुर मंडल अध्यक्ष शकील शेख ने भ्रष्टाचार पर कड़ा रुख अपनाते हुए कहा कि भ्रष्ट अधिकारी अपनी दुकानें बंद कर लें, किसानों से रिश्वत मांगने वालों को कुर्सी छोड़कर ई-रिक्शा चलाना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि किसान अन्नदाता है, उनकी परेशानी बर्दाश्त नहीं होगी। जिलाध्यक्ष मोहम्मद नौशाद ने सरकारी दफ्तरों में किसानों के साथ अभद्रता पर नाराजगी जताई और कहा कि किसानों को पर्याप्त खाद मिले, लंबी लाइनों में न लगना पड़े। उन्होंने किसानों के बिजली बिल माफ करने की मांग भी उठाई, क्योंकि किसान हर मौसम में अनाज पैदा करता है। इससे पूर्व नवनिर्वाचित पदाधिकारियों में मोहम्मद शफी ने युवा जिलाध्यक्ष व फैजान शेख ने छात्र मोर्चा जिलाध्यक्ष की शपथ ली और कहा कि वे संगठन को नई ऊंचाइयों पर ले जाएंगे और राष्ट्रीय अध्यक्ष धर्मेंद्र यादव के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलेंगे।

## दीवार बनाने को लेकर दो पक्षों में मारपीट

**जालौन (उरई)।** दीवार को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया। महिला की शिकायत पर पहुंची पुलिस ने झगड़ा कर रहे व्यक्ति के खिलाफकार्रवाई की है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम लहचूरा में किशोरी देवी की दीवार को लेकर गांव के ही जगदीश के साथ विवाद चल रहा है। महिला का आरोप है कि पड़ोसी उसकी दीवार पर कब्जा करने का प्रयास कर रहे हैं। इसी को लेकर मंगलवार को दोनों पक्षों के बीच विवाद होने लगा। जब विवाद नहीं सुलझा तो महिला ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंचे छिरिया मलकपुरा चौकी प्रभारी अजीत शर्मा मौके पर पहुंच गए। पुलिस ने दोनों पक्षों को समझाने का प्रयास किया।

# माधौगढ़ नगर में अवैध अस्पतालों पर बड़ी कार्रवाई, प्रशासन ने किए सीज

**माधौगढ़,जालौन समृद्धि न्यूज।**

माधौगढ़ नगर में लंबे समय से संचालित हो रहे अवैध अस्पतालों पर आखिरकार प्रशासन का डंडा चला। जिलाधिकारी डॉ. राजेश पांडेय के कड़े निर्देश पर उपजिलाधिकारी राकेश सोनी, तहसीलदार गौरव कुमार और सदर लेखपाल मंसूर खान ने संयुक्त रूप से बड़ी कार्रवाई करते हुए कई अस्पतालों को सीज कर दिया। स्थानीय लोगों से लगातार शिकायत मिल रही थी कि नगर में कुछ लोग विभिन्न डिग्रियों की आड़ में अवैध तरीके से एलोपैथिक इलाज कर रहे हैं। बिना मान्यता और बिना उचित योग्यता के मरीजों की जिंदगी से खिलवाड़ किया जा रहा था। जांच के बाद प्रशासन ने जिन अस्पतालों को सीज किया उनमें बीके घोष का अस्पताल रामप्रकाश याज्ञिक का अस्पताल, अमित पुत्र सुरेश का अस्पताल, बद्री प्रसाद मेमोरियल अस्पताल शामिल हैं। प्रशासन की इस सख्त कार्रवाई से नगर में हड़कंप मच गया है। लोगों का कहना है कि ऐसे अस्पताल वर्षों से खुलेआम संचालित हो रहे थे, लेकिन पहली बार इतनी कठोर कार्रवाई हुई है। जिलाधिकारी ने साफसंदेश दिया है कि बिना मान्यता और योग्य चिकित्सकों के किसी भी तरह का अस्पताल संचालित करना अपराध है।

# चमारी गौशाला में बदइंतजामी देख डीएम हुए नाराज, पशु चिकित्सक का रोका वेतन

**उरई,जालौन समृद्धि न्यूज।**



गौशालाओं की व्यवस्थाओं को लेकर बार-बार दिए जा रहे निर्देशों के बावजूद जिम्मेदारों की लापरवाही पर जिलाधिकारी ने खुद निरीक्षण कर सख्त रूख अपनाया है। इसी क्रम में आज जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय और पुलिस अधीक्षक डॉ. दुर्गेश कुमार ने चमारी गौशाला का औचक निरीक्षण किया, जहां बदइंतजामी देखकर संबंधित अधिकारियों को कड़ी फटकार लगाकर उनके विरुद्ध कार्यवाही के निर्देश दिए।

निरीक्षण में गौशाला में करीब 600 गोवंश संरक्षित मिले, लेकिन भूसे की भारी कमी और साफ सफाई नही मिली। लगभग सौ गोवंश कमजोर और 15 बीमार हालत में पाए गए।

जिलाधिकारी ने इस गंभीर लापरवाही पर नोडल अधिकारी शिव लखन सिंह सहायक अभियंता द्वारा गोशालाओं का निरीक्षण न करने पर वेतन रोकते हुए प्रतिकूल प्रविष्टि, खंड विकास अधिकारी कदौरा प्रतिभा शाल्या का वेतन रोकने के साथ प्रतिकूल प्रविष्टि, पशु चिकित्सक अखिलेश त्रिपाठी के विरुद्ध भी वेतन रोकना और प्रतिकूल प्रविष्टि के साथ विभागीय कार्यवाही शिवम कौशिक ग्राम पंचायत अधिकारी का वेतन रोकते हुए प्रतिकूल प्रविष्टि और गौशाला संचालिका व केयर टेकर के विरुद्ध अनुबंध का उल्लंघन करने के दृष्टिगत कठोर कार्रवाई करने के आदेश दिए। उन्होंने निर्देशित किया कि तत्काल गोशाला में पर्याप्त भूसा की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए और भूसा घर में हमेशा पर्याप्त मात्रा में भूसा उपलब्ध रहे। गौवंशों को सुबह-शाम चोकर, भूसा और हरा चारा नियमित रूप से दिया जाए। पानी की व्यवस्था भी सुचारु रखी जाए और समय-समय पर बदलाव अनिवार्य किया जाए। साथ ही जिलाधिकारी ने गौशालाओं के नोडल अधिकारी जिला विकास अधिकारी को निर्देशित किया कि जनपद के सभी गौशालाओं के लिए 82 नोडल अधिकारी तैनात हैं जो नोडल अधिकारी भ्रमण निरीक्षण नियत प्रारूप पर नहीं कर रहे है और मात्र खाना पूरी कर रहे है ऐसे सभी खंड विकास अधिकारी एवं नोडल अधिकारी के विरुद्ध पत्रावली प्रस्तुत कर दंडात्मक कार्यवाही सुनिश्चित कर सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त कराई जाएं। सभी नोडल अधिकारी अपनी-अपनी संबंधित गौशालाओं का नियमित निरीक्षण कर सुनिश्चित करें कि किसी भी स्तर पर गोवंशों की देखभाल में कमी न हो।

## फर्जीवाड़ा कर भूमि विक्रय मामले में पुलिस ने दो पर दर्ज किया मुकदमा

**कालपी (जालौन)।** स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के ग्रामों में स्थित भूमि को फर्जी तरीके से अभिलेखों के नाम दर्ज कराकर विक्रय करने के मामले में पीड़ित महिला के द्वारा दो लोगों के खिलाफसुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस इस मामले की विवेचना करने में जुट गई है। वादिनी कांता देवी पत्नी स्व श्री मोहर सिंह निवासी ग्राम उरकरा कला कालपी हाल मुकाम दिल्ली ने मुकदमा दर्ज कराते हुए अवगत कराया है कि प्रार्थनी के मृतक पति मोहर सिंह के नाम मौजा उरकरा कला तथा मौजा नरहान परगना कालपी में भूमि थी। मेरे पति मोहर सिंह की मृत्यु हो चुकी है। 8 अगस्त 2023 को प्रार्थिनी का एक्सीडेंट होने की वजह से गांव नहीं आ सकी। उक्त भूमि का आरोपी सुनीता पाल फर्जी पत्नी मोहर सिंह की बनकर खतौनी के नाम दर्ज कर ली तथा प्रार्थिनी का हक छीन लिया।

# गणेश महोत्सव धूमधाम से संपन्न, दो प्रतिमाओं का हुआ विसर्जन

**अमृतपुर, समृद्धि न्यूज।**

कस्बा अमृतपुर में गणेश महोत्सव वर्ष भी बड़े ही श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। कस्बे में कई स्थानों पर गणेश प्रतिमाएँ स्थापित की गई थीं, लेकिन सोमवार को दो प्रमुख प्रतिमाओं का ही विधिविधानपूर्वक विसर्जन किया गया।

पहली प्रतिमा श्री ठाकुरद्वारा महाराज देवराहा बाबा की तपोस्थली पर प्रतिवर्ष की भांति इस बार भी स्थापित की गई थी। आयोजन का दायित्व धर्मेंद्र सिंह, रविंद्र सिंह और महेंद्र सिंह पुत्र स्वर्गीय दारा सिंह ने संभाला। प्रतिमा स्थापना से लेकर शोभायात्रा और विसर्जन तक पूरा कार्यक्रम भव्यता और श्रद्धा के साथ संपन्न हुआ। शोभायात्रा ठाकुरद्वारा से प्रारंभ होकर कस्बे के मुख्य मार्गों से होती हुई बलीपट्टी रानी गांव के गंगा घाट पहुँची। जहाँ प्रतिमा का विसर्जन किया गया। दूसरी प्रतिमा का आयोजन शेखर सिंह गहलवार के नेतृत्व में हुआ। उनकी शोभायात्रा भी भक्तिमय माहौल में कस्बे की गलियों से निकलती हुई गंगा घाट तक पहुँची और विधिविधानपूर्वक विसर्जन संपन्न हुआ। शोभायात्राओं के दौरान ढोल-नगाड़ों की थाप, भजन कीर्तन और गणपति बप्पा मोरया के जयकारों से पूरा कस्बा गूंज उठा। कस्बे और आसपास के हजारों श्रद्धालुओं ने इस पावन अवसर पर भागीदारी निभाई।



गजानन की विसर्जन यात्रा निकालते भक्तगण

### धार्मिक सौहार्द और सहयोग

गणेश महोत्सव में कस्बे के विभिन्न समुदायों के लोगों ने बढ़-चढ़कर सहयोग किया। शोभायात्रा मार्ग पर जगह-जगह श्रद्धालुओं के लिए शीतल जल और प्रसाद वितरण की व्यवस्था की गई। आयोजन को लेकर लोगों ने इसे केवल धार्मिक पर्व ही नहीं, बल्कि सामाजिक एकता और मेल जोल का प्रतीक भी बताया। प्रतिमा विसर्जन के बाद ठाकुरद्वारा स्थल पर भंडारे का आयोजन भी किया गया। जिसमें सभी भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया।

### प्रशासनिक व्यवस्था रही सख्त

शोभायात्राओं को सकुशल संपन्न कराने के लिए पुलिस प्रशासन और स्थानीय अधिकारियों ने विशेष व्यवस्था की। गंगा घाट पर भीड़ नियंत्रण के लिए पुलिस बल मुस्तैद रहा। बच्चों को घाट के किनारे जाने से रोका गया ताकि किसी प्रकार की अप्रिय घटना न हो। दरोगा राघवेंद्र सिंह भदौरिया और दरोगा सूरज सिंह मुस्तैदी से डटे रहे और व्यवस्था को पूरी तरह संभाले रखा। पूरे आयोजन में कहीं भी अव्यवस्था नहीं हुई और गणेश महोत्सव शांति एवं सौहार्द के साथ सम्पन्न हुआ।

# बुढ़वा मंगल पर हुआ भंडारों का आयोजन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

बुढ़वा मंगल पर मंदिरों में सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। भक्तों ने पहुंचकर माथा टेंका और सर्व मंगल की कामना की।

जगह-जगह भंडारों का आयोजन किया गया। जिसमें भक्तों ने पहुंचकर प्रसाद छका।

धीरपुर चौराहे पर आयोजित भंडारे में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। इस अवसर पर मुख्य रूप से कुंवर कीर्तिवर्धन सिंह राठौड़ युवा जिला उपाध्यक्ष राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना, अभी राठौर (रैशेपुर वाले), अलकेंद्र सिंह (सोनू) धीरपुर टेंट वाले, डॉ0 अजीत शाक्य, प्रशांत सिंह राठौड़, कल्लू पंडित आदि सभी ने भंडारे में सहयोग किया। इसी प्रकार ग्राम धीरपुर में भी विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। इसमें विशेष रूप से कुंवर कीर्तिवर्धन सिंह राठौड़, चंद्रवीर सिंह, पप्पू सिंह, अश्वनी वर्मा, रिंकू राठौर, प्रशांत राठौर, पवन राजपूत, पीलू यादव आदि युवाओं ने मिलकर श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण किया और सेवाभाव से वातावरण को भक्तिमय बना दिया। भंडारे में स्थानीय लोगों के साथ-साथ आसपास के गांवों से भी भारी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। सुबह से लेकर देर शाम तक प्रसाद वितरण का क्रम चलता रहा। भक्तों ने कहा कि बुढ़वा मंगल पर इस तरह के आयोजन से भाईचारे और सहयोग की भावना मजबूत होती है।



धीरपुर गांव में चल रहा भंडारा

# अतिक्रमण के चलते विलुप्त होते जा रहे तालाब



तालाब की जगह पर किया गया अतिक्रमण

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

नगर पंचायत नवाबगंज में राजस्व अभिलेखों में सुरक्षित अधिकांश तालाबों की जमीन पर लोगों ने अबैध कब्जा कर निर्माण करा लिए। जिसके चलते तालाब धीरे-धीरे विलुप्त होते जा रहे हैं। तालाबों की जमीन पर अधिकांश पक्के मकान बन गए हैं। नवाबगंज के मुहल्लों में पानी के ठहराव के लिए नगर की डाकघर वाली गली, मोहल्ला बरतल वाली गली, पुराना गनीपुर, नया गनीपुर, थाने के सामने आदि में तालाब की जमीन सुरक्षित है, लेकिन तालाबों की जमीन सिर्फ कागजों तक ही सीमित रह गई है। तालाब की जमीन पर लोगों द्वारा कब्जा कर निर्माण भी करा लिया गया है। जिससे बरसात में गली मुहल्लों में जलभराव की स्थिति बन जाती है। जिससे लोगों का निकलना दूभर हो जाता है।

रविवार दोपहर बाद हुई बरसात से गली मोहल्लों में पानी भर जाने से मुहल्ले के लोगों को निकलने में कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। लोगों ने कई बार इन तालाबों को मुक्त कराकर खाली कराने की मांग की, लेकिन नगर पंचायत कर्मियों व राजस्व कर्मियों को न जाने किसका भय सता रहा है। जिससे अतिक्रमण से तालाब को मुक्त कराने में असमर्थ दिखाई दे रहे हैं। तालाब तो मौके से गायब ही होते जा रहे हैं।



जांच पड़ताल करती पुलिस

## संदिग्ध परिस्थितियों में युवक की मौत

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** संदिग्ध परिस्थितियों में युवक की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल के बाद शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जानकारी के अनुसार थाना मऊदरवाजा क्षेत्र के टाउनहाल रकाबगंज निवासी मोतीलाल के 31 वर्षीय पुत्र मोहित की 2 सितंबर 2025 को अचानक हालत बिगड़ गयी। परिजन उसे अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक मोहित की शादी करीब 4 वर्ष पहले भूमि 19 वर्ष के साथ हुई ती। वह अपनी पत्नी के साथ ससुराल टाउन हॉल रकाबगंज थाना मऊदरवाजा में रह रहा था। मूल रूप से वह मोहल्ला बागकूंचा थाना कोतवाली फर्रुखाबाद का निवासी था। सूचना पर पहुंचे थाना प्रभारी लक्ष्मण सिंह ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस के अनुसार शव पर कोई बाहरी चोट के निशान नहीं मिले हैं। पुलिस ने जांच पड़ताल शुरु कर दी है।

# नो हेलमेट नो फ्यूल, अभियान के तहत किये गये 38 चालान

▸ एक लाख पच्चीस हजार वसूला गया जुर्माना

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

शासन के निर्देश के क्रम में **''नो हेलमेट नो फ्यूल''** विषयक जनपद स्तर पर विशेष अभियान दिनांक 01.09.2025 से दिनांक 30.09.2025 तक चलाये जाने के निर्देश जारी किये गये हैं।

उपरोक्त के अनुपालन में जिलाधिकारी के निर्देशानुसार दिनांक 02.09.2025 को सुभाष राजपूत ए.आर.टी.ओ., सत्येन्द्र कुमार यातायात प्रभारी, अनिल कुमार यादव प्रभारी जिला पूर्ति अधिकारी, अभिषेक मिश्रा पूर्ति निरीक्षक, अमित चौधरी पूर्ति निरीक्षक तहसील सदर जिला पूर्ति कार्यालय की संयुक्त टीम द्वारा नगर के विभिन्न पेट्रोल पम्पों पर पहुंचकर पम्प के स्वामियों एवं कर्मचारियों को निर्देषित किया गया कि दो पहिया वाहन चालकों को बिना हेलमेट के आए ता उनको पेट्रोल न दिया जाए। इस मौके पर जो दो पहिया वाहन चालक बिना हेलमेट लगाये पेट्रोल पम्प पर पाये गये, उनका मौके पर जांच टीम द्वारा चालान किया गया। दिनांक 02.09.2025 को 38 चालान किये गये तथा 1,25,000/- की धनराशि जब्त की गयी है। सुभाश राजपूत ए.आर.टी.ओ. द्वारा अवगत कराया गया है कि यह अभियान निरन्तर रूप से चलाया जायेगा।



पेट्रोल पंप पर बाइक सवार का चालान काटते अधिकारी

## खबरें एक नजर में

### बाइक चालक ने वृद्धा को मारी टक्कर, मौत



मृतका का फाइल फोटो

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** बाइक चालक ने वृद्धा को टक्कर मार दी। जिससे वृद्धा की मौके पर ही मौत हो गयी। सूचना पर पहुंचे परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल था। परिजनों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जानकारी के अनुसार थाना नवाबगंज क्षेत्र के गांव नवादा सिरौली निवासी 70 वर्षीय शारदा देवी पत्नी नन्हें मंगलवार सुबह लगभग 6:15 बजे शौचक्रिया के लिए सड़क पार कर खेतों की तरफ गई थीं। वापस घर लौटते समय शारदा देवी जैसे ही सड़क पर पहुंची, वैसे ही सिरौली की तरफ जा रहे बाइक सवार अमन ने शारदा देवी को जोरदार टक्कर मार दी। जिससे शारदा देवी सड़क पर गिरकर घायल हो गईं और उनकी मौके पर ही मौत हो गयी। दुर्घटना के बाद बाइक सवार मौके से फरार हो गया। घायल महिला को देख लोगों ने आसपास के व्यक्तियों से संपर्क कर घटना की जानकारी महिला के परिजनों को दी। मौके पर पहुंचे पुत्र गुड्डू, राजू, मुलायम सिंह, जनवेश और कल्लू शव को देख चीत्कार करने लगे। परिजनों ने थाना नवाबगंज पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंचे उपनिरीक्षक रमाशंकर पांचाल ने शव को कब्जे में लेकर शव का पंचनामा भरकर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने मृतका के पुत्र रुपेश चंद्र की तहरीर पर बाइक सवार अमन के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरु कर दी।

### युवक की हालत बिगड़ी, मौत

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** कासगंज के थाना पटियाली क्षेत्र के गांव ताजपुर तिगरा निवासी ओमपाल उम्र 40 वर्षीय पुत्र रन सुगर सिंह की अचानक हालत बिगड़ने पर परिजन प्राइवेट वाहन द्वारा आनन-फानन में कायमगंज नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लेकर आये। जहाँ ड्युटी पर तैनात चिकित्सक डा0 जितेन्द्र बहादुर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मौत की सूचना पाते ही परिवार में कोहराम मच गया। परिजन उसका शव घर ले गए।

### बंदरों के हमले में बच्ची घायल

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** कोतवाली क्षेत्र के बगिया मोहल्ला निवासी तान्या उम्र 5 वर्षीय पुत्री ईश्वर दयाल मंगलवार को घर के आगॅन में खेल रही थी। उसी दौरान अचानक बन्दरों ने बच्ची पर हमला कर हाथ व पैर में काट लिया। जिससे बच्ची गम्भीर रूप से घायल हो गई। आसपास के लोगों की मदद से घायल बच्ची को परिजन कायमगंज नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लाकर भर्ती कराया। जहां उसका उपचार जारी है।

# कलियुगी पुत्र ने मां को खिलाया भांग का चूरन व जहर



सीएचसी में भर्ती वृद्ध महिला

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

कोतवाली क्षेत्र के गॉव अताईपुर निवासी मार्गश्री उम्र 60 वर्षीय पत्नी राधेश्याम को बेहोशी की हालत में परिजनों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लाकर भर्ती कराया। जहाँ छोटी बेटी पूजा पत्नी अरविन्द निवासी लालपुर थाना कायमगंज ने बताया की उसका छोटा भाई जुआरी व शराबी किस्म का व्यक्ति है। उसने घर के अन्दर कमरे में मॉ को पहले भांग पिला दी उनके बाद उसने जहरीला पदार्थ पिला दिया। जिससे उनकी हालत बिगड़ गई। दबी जुवान से उसने मॉ के साथ भाई द्वारा अश्लील हरकतें करने का भी आरोप लगाया है। डॉ0 अमरेश ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत बिगड़ने पर लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। वृद्धा की मझली बहू रुबी पत्नी कल्लू उर्फ घनश्याम ने कहा हमारी सास बेटे के साथ अकेली रहती है। शराब व जुएं के लिए कलयुगी उनका बेटा रुपये मांग रहा था। रुपये न देने पर कलयुगी बेटे ने मां को भांग का चूरन खिलाया। उसके बाद उसने जहरीला पदार्थ पिला दिया।

## बाइक अनियंत्रित होकर खंदी में गिरी, युवक घायल



सीएचसी में भर्ती घायल

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** बाइक अनियंत्रित होकर खंदी में गिरने से युवक गंभीर रुप से घायल हो गया। उसे सीएचसी ले जाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया।जानकारी के अनुसार थाना मोहम्मदाबाद के गांव कटिया नगला निवासी बृजेश सिंह नगर में किन्नर के साथ ढोलक बजाने का काम करता है। सोवार शाम लगभग सात बजे ब्रजेश सिंह बाइक से नवाबगंज से घर जा रहा था, तभी गांव बाँसमाई रावतपट्टी मोड़ के पास बाइक अनियंत्रित होकर खंदी में गिर गई। जिससे ब्रजेश सिंह गभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर निकाल रहे लोगों की भीड़ लग गई। सूचना पर पहुँची एम्बुलेंस के चालक दल सिंह, ईएमटी जितेंद्र कुमार ने घायल को सीएचसी भर्ती कराया। जहाँ घायल की हालात गंभीर होने पर फार्मासिस्ट आलोक कुमार ने लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

# धान के खेत में बैठे संदिग्ध युवक को ग्रामीणों ने पकड़ा, पुलिस को सौंपा

▸ एक किलो गांजा भी हुआ बरामद

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

संदिग्ध अवस्था में धान की फसल में बैठे युवक को एक किलो गांजा के साथ ग्रामीणों ने पकड़ लिया। बाद में पुलिस को फोन करके उसे सौंपा दिया।

जानकारी के अनुसार कस्बा नवाबगंज से मंझना रोड पर नगला भारत के समीप पेट्रोल पंप मालिक रघुवीर सिंह के खेत में सबमर्सिबिल पंप लगा हुआ है। जिस पर बनी कोठरी के पास आज ग्रामीणों ने एक संदिग्ध व्यक्ति को धान की फसल में बैठा देखा। जिस पर गांव नगला भारत के ग्रामीण को चोर होने का शक हुआ तथा ग्रामीणों ने चारों तरफ से युवक को घेर लिया और उससे जानकारी की, लेकिन वह कोई सही जानकारी ना दे सका जिस पर कुछ ग्रामीणों ने उसके साथ हाथापाई भी कर डाली तथा सूचना थाना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची थाना पुलिस ने युवक को अपनी हिरासत में ले लिया। वहीं ग्रामीणों के बताए मुताबिक युवक के पास लगभग 1 किलो गांजा भी निकला। पुलिस युवक को गांजा सहित अपनी हिरासत में लेकर थाने ले गई। खबर लिखे जाने तक थाना पुलिस ने मामले की कोई भी पुष्टि नहीं की।

# स्वास्थ्य टीम ने घर-घर जाकर वितरित की दवायें

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

स्वास्थ्य विभाग की टीम ने बाढ़ प्रभावित तीन दर्जन गांवों में मरीजों की मदद के लिए विशेष अभियान चलाया। टीम ने नाव के जरिए गांवों तक पहुंचकर 250 बुखार पीड़ितों को दवाएं वितरित कीं।

स्वास्थ्य टीम ने राजेपुर ब्लॉक के जिठौली, परम नगर, सरह, चाचूपुर, भरखा, अंबरपुर, चित्रकूट, गोटिया और देहेलिया समेत कई गांवों का दौरा किया। टीम ने सुबह 8 बजे से दोपहर 1 बजे तक कैंप लगाकर मरीजों की जांच की। इस दौरान 12 गर्भवती महिलाओं का टीकाकरण भी किया गया। राजेपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी प्रमित राजपूत ने बताया कि बाढ़ के कारण गांवों में पानी भरा होने से टीम नाव से पहुंची। टीम ने घर-घर जाकर मरीजों की जांच की। बुजुर्गों को आंखों की समस्या और सांस की बीमारियों की दवाएं दी गई। लगातार बारिश के बावजूद स्वास्थ्य टीम ने अपना काम जारी रखा। स्वास्थ्य टीम ने 40 मरीजों की मलेरिया और डेंगू की जांच भी की। गर्भवती महिलाओं को स्वच्छता और पोषण संबंधी जरूरी सलाह दी गई। उन्हें साफ-सफाई और खानपान पर विशेष ध्यान देने की हिदायत दी गई।



मरीजों को देखते चिकित्सक

# पुलिस ने वाहन चेकिंग के दौरान कई वाहनों के किये चालान

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

नगर के मुख्य चौराहे पर थाना प्रभारी अवध नारायण पांडे के नेतृत्व में विशेष यातायात सुरक्षा अभियान चलाया गया। पुलिस टीम ने वाहनों की जांच की। थाना प्रभारी ने ट्रैक्टर.ट्राली पर असुरक्षित तरीके से बैठे लोगों को नीचे उतरने का निर्देश दिया।

जानकारी के अनुसार मंगलवार को नगर के मुख्य चौराहे पर वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। पुलिस ने कई वाहनों के चालान किये तथा असुरक्षित तरीके से यात्रा कर रहे लोगों हिदायत देकर छोड़ा। वहीं तीन सवारी तथा बिना हेलमेट के वाहन चलाने वालों की जमकर क्लास ली। बाइक चालकों से कहा कि वह हेलमेट अवश्य पहनें, क्योंकि अब बगैर हेलमेंट पेट्रोल नहीं मिलेगा। यदि कोई भी वाहन चालक बगैर हेलमेट पेट्रोल डलवाता मिल गया, तो उसका चालान किया जायेगा तथा जुर्माना भी वसूला जायेगा। इस दौरान थाना प्रभारी अवध नारायण पांडे के साथ एसएसई राम सिंह, गीतम सिंह के अलावा हर्षित चौहान, सुधांशु चौहान सहित अन्य पुलिसकर्मी भी शामिल थे।



पिकअप की छत पर बैठे लोगों को उतारती पुलिस

# मौसम बदला, सीएचसी में संक्रामक बीमारियों के मरीज उमड़े



पर्चा बनवाते मरीज

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मंगलवार को मौसमी बीमारियों के मरीजों की भारी भीड़ उमड़ी। सुबह 9 बजे से ही ओपीडी में मरीजों का तांता लगा रहा। खराब मौसम के बावजूद दूर-दूर से मरीज इलाज के लिए पहुंचे। अस्पताल में खांसी, जुकाम और वायरल बुखार के मरीजों की संख्या में तेजी से वृद्धि देखी जा रही है। पर्चा काउंटर और डॉक्टर कक्ष के बाहर लंबी कतारें लगी रहीं। डॉक्टर लोकेश शर्मा ने मरीजों की जांच की। एक दिन में लगभग 200 मरीजों ने ओपीडी में पर्चे बनवाए। मरीजों को इलाज के लिए अपनी बारी का इंतजार करना पड़ा। स्वास्थ्य केंद्र में मौसमी बीमारियों के बढ़ते मामलों के कारण चिकित्सा सेवाओं पर अतिरिक्त दबाव देखा गया। जानकारी करने पर डॉक्टर लोकेश शर्मा ने बताया कि मौसम बदलने से अचानक से मरीजों की संख्या में वृद्धि देखी गयी। उनका कहना था कि इस मौसम में बहुत एतियात बरतने की जरुरत है। जरा सी लापरवाही स्वास्थ्य पर भारी पड़ सकती है।

# पीस कमेटी की बैठक में त्यौहारों को शांतिपूर्ण ढंग से मनाने की अपील

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।**

थाने में प्रभारी निरीक्षक की अध्यक्षता में पीस कमेटी की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में हिन्दू-मुस्लिम समाज के लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कमालगंज थाने में दोनों समुदायों के संभ्रांत लोगों की बैठक प्रभारी निरीक्षक ने ली।

जिसमें दोनों समुदायों द्वारा एक दूसरे का परस्पर सहयोग करके त्यौहारों को शांतिपूर्ण ढंग से मनाने की बात कही।

दोनों समुदायों द्वारा कहा गया कि एक दूसरे के त्यौहार में पूर्ण रुप से सहयोग किया जाएगा। किसी भी तरीके का कोई भी विवाद नहीं है। बताते चलें की गणेश महोत्सव कार्यक्रम के अंतर्गत बीते कुछ दिनों से झंडा लगाने को लेकर विवाद चल रहा था। उस विवाद को विराम देते हुए आज गणेश सेवा समिति एवं वारावफात समिति के अध्यक्षों एवं नगर के गणमान्य दोनों समुदायों के लोगों को बैठाकर थाना अध्यक्ष की अध्यक्षता में इस विवाद को खत्म करके प्रेम एवं सौहार्द एवं शांति के साथ दोनों पर्व मनाने का आह्वान किया गया था। जिसमें दोनों समुदायों ने इस आह्वान को सहर्ष स्वीकार कर हामी भरी एवं एक दूसरे का सहयोग करने का निर्णय लिया।



बैठक लेते थानाध्यक्ष

## जहरीला कीटनाशक पीने पर दो की हालत बिगड़ी

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** कम्पिल क्षेत्र के गांव अकराबाद निवासी धर्म सिंह उम्र 46 वर्ष ने दवा के धाखे जहरीला कीटनाशक पदार्थ का सेवन कर लिया। वहीं क्षेत्र के गाँव पहाड़पुर निवासी ऊषा देवी उम्र 28 वर्षीय पत्नी शिवम सिंह ने ग्रह कलह के चलते एसिड पी लिया। उल्टिया होने पर परिजनों को जानकारी हुई। दोनों के परिजन गंभीर हालत में कायमगंज नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लेकर आये। जहाँ प्राथमिक उपचार के बाद दोनों की हालत गंभीर होने पर डॉक्टर ने उन्हें लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

# सांडों के हमले में वृद्ध घायल



घायल को अस्पताल लेकर जाती एंबूलेंस

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

कोतवाली क्षेत्र के गांव राम नगर रायपुर निवासी राम लड़ैते उम्र 55 वर्ष अपनी बाइक द्वारा कायमगंज नवीन मंडी समिति अपने काम से आये थे। उसी दौरान वहाँ पर दो सांड आपस में लड़ रहे थे और लड़ते लड़ते उन सांडों ने उक्त राम लड़ैते पर जबरदस्त हमला कर उन्हें गंभीर रुप से घायल कर दिया। यह देख आसपास के लोग उधर दौड़े और किसी तरह उन सांडों को वहां से भगाया। घायल को 108 एम्बुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में लाकर भर्ती कराया। जहाँ प्राथमिक इलाज के बाद उसकी गंभीर हालत को देखते हुए डॉक्टर ने उन्हें लोहिया अस्पताल रेफर कर दिया।

# मेडिकल कॉलेज में विराजे गणपति बप्पा को सात दिन बाद धूमधाम से किया विदा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

- हवन पूजन व विशाल भण्डारे का हुआ आयोजन
- मटकी फोड़ प्रतियोगिता में विजेताओं को किया गया पुरुस्कृत

मेजर एस.डी. सिंह पी.जी. आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एण्ड हॉस्पिटल के प्रशासनिक भवन में चल रहे सप्त दिवसीय श्री गणेश पूजा महोत्सव सप्तम दिवस पर हवन पूजन व भण्डारे के साथ विराम हुआ। इस दौरान मटकी फोड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें विजेताओं को पुरुस्कार भी दिया गया।

मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल परिवार द्वारा चल रहे सप्त दिवसीय गणेश पूजा महोत्सव का सप्तम एवं अंतिम चरण पीजी छात्र छात्राओं द्वारा बैच 2022 के डॉ. सिमरन, डॉ. निधि, डॉ. आकांक्षा, डॉ. दीपाली, बैच 2023 के डॉ.अभिषेक, डॉ. अनल, डॉ. प्राची, डॉ. कविता, डॉ. निशिता, डॉ प्रिया, बैच 2024 के डॉ. सलोनी, डॉ. अमृता, डॉ. श्रेया, डॉ. प्रियंका, डॉ. श्रेया दुबे, डॉ. रवि राव, डॉ. रविश, डॉ. विनीत, डॉ. लव, डॉ. शाहिद द्वारा प्रातः 9 बजे से 11 बजे तक हवन समपन्न होगा। प्रातः 11 बजे से सिद्धिविनायक भंडारा का आयोजन किया गया। उसके बाद मटकी फोड़ प्रतियोगिता एवं पुरस्कार वितरण किया गया। मटकी फोड़ प्रतियोगिता में 2023 बैच ने बाजी मारी। 2024 बैच को सांत्वना पुरस्कार दिया गया। 2023 बैच को प्रथम पुरस्कार 2100 तथा 2024 बैच को द्वितीय पुरस्कार सांत्वना पुरस्कार प्रदान किया गया। उसके बाद श्री गणेश विसर्जन का कार्यक्रम हुआ। विसर्जन यात्रा मेडिकल कैम्पस में ही घुमाकर हर्बल गार्डन में गणेश प्रतिमा विसर्जित की गई। सभी भक्तों ने गणपति बप्पा मोरया, अगले बरस तू-जल्दी आ जयकारों से भक्त पूरी श्रद्धा और उत्साह के साथ भगवान गणेश जी को विदा किया।



हवन पूजन करते स्टाफ व प्रशिक्षु चिकित्सक



विसर्जन यात्रा में शामिल भक्तगण



मटकी फोड़ते प्रशिक्षु चिकित्सक

वहीं मेजर एसडी सिंह पीजी आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल के चेयरमैन एवं कार्यक्रम के अध्यक्ष डॉ. जितेंद्र सिंह यादव एवं डायरेक्टर डॉ. अनीता रंजन ने सप्त दिवसीय श्री गणेश पूजा महोत्सव के सफल कार्यक्रम के आयोजन पर सभी बच्चों एवं अध्यापकगणों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। विसर्जन यात्रा का संचालन डॉ. मुकेश विश्वकर्मा एवं डॉ. अरुण पांडे ने किया। इस अवसर डॉ. अंजना दीक्षित, डॉ. नीतू श्री, डॉ. शीलू गुप्ता, डॉ. अरूण पाण्डे, डॉ. जितेन्द्र राय, डॉ. वेणुगोपाल, डॉ. निरंजन एस, डॉ. मनोज कुमार चतुर्वेदी, डॉ. इमरान पटेल, डॉ. रथीष वीवी, डॉ. नन्दन श्रीवास्तव, डॉ. विघ्नेश्वर मिश्रा, डॉ. हरप्रिया दास, डॉ. ज्ञानेन्द्र कुमार गुप्ता, डॉ. शिवओम दीक्षित, डॉ. गगन देवी, डॉ. दीपिका सिंह, डॉ. सुमन कुंडू, डॉ. रूमा डे, डॉ. मधुरंजन, डॉ. मनीश उपाध्याय, डॉ. अरिमर्धन सिंह, डॉ. भारती पांचाल, डॉ. विकास बाबू, डॉ. कविता शर्मा, डॉ. अरीब हुसैन, डॉ. समर्पिता भट्टाचार्य, डॉ. पुष्पेन्द्र सिंह यादव, डॉ. आनन्द बाजपेयी, डॉ. रेशमा, डॉ. श्वेता सिंह राठौर, अनूप कुमार सहित महाविद्यालय का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

## भाकियू स्वराज ने समस्याओं को लेकर सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा ज्ञापन



नगर मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपते किसान नेता

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

भारतीय किसान यूनियन स्वराज के जिलाध्यक्ष प्रमोद मिश्रा के नेतृत्व में किसानों ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर जनपद में खाद की कालाबाजारी व किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपा। किसानों ने जिलाधिकारी से वार्ता की। डीएम ने 10 दिन के अंदर सभी समस्याओं को हल करने का आश्वासन दिया। किसान नेताओं ने कहा कि प्रशासन ने दस दिनों के अंदर समस्याओं पर ध्यान नहीं दिया तो धरना प्रदर्शन कर कलेक्ट्रेट का घेराव किया जायेगा। जिसकी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। इस दौरान बड़ी संख्या में किसान नेता मौजूद रहे।

## गाजे-बाजे के साथ भगवान गणेश को किया गया विदा

- बड़ी संख्या में गणेश मूर्तियों का हुआ विसर्जन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

गणेश महोत्सव के सातवें दिन विसर्जन यात्रा नगर में धूमधाम से निकाली गई। लगभग आधा सैकड़ा विसर्जन यात्रा पांचाल घाट पहुंची। जहां उन्हें विसर्जित किया गया। भक्तगणों ने नाचते-गाते गजानन को विदा किया। जगह-जगह अबीर गुलाल उड़ाकर व भांगड़ा व डीजे की धुन पर नाचते गाते हुए भक्तगण विसर्जन यात्रा में शामिल हुए। शहर के विभिन्न स्थानों पर विराजमान गणेश को भक्तों ने विदा किया। विभिन्न प्रकार के व्यंजनों का भोग लगाया गया। सेब, केला, लड्डू व अन्य सामग्री का प्रसाद वितरित किया गया। विसर्जन यात्रा में बड़ी संख्या में महिलायें भी शामिल हुईं। आवास विकास मसेनी स्थित पर गणेश पाण्डाल लगाया गया था। सातवें दिन प्रतिमा को विसर्जित किया गया। विसर्जन यात्रा में मोहल्ले के लोग शामिल हुए। अंशुल कटियार ने व्यवस्था देखी।

गणपत्ति बप्पा मोरया अगले बरस तू जल्दी आ, आदि जयकारों के साथ भक्तगण विसर्जन यात्रा में चल रहे थे। भक्ति गीतों पर थिरकते हुए भक्तगण अबीर गुलाल उड़ा रहे थे। सुबह से लेकर शाम तक, चौक से लेकर पांचाल घाट तक भक्तों का हुजूम दिखायी पड़ा, जो विसर्जन यात्रा के दौरान गणेश प्रतिमाओं के साथ-साथ चल रहा था। सुरक्षा की दृष्टि से जगह-जगह पुलिस फोर्स भी तैनात था। पांचाल घाट पर गणेश विसर्जन के लिए व्यवस्था की गई। जहां भक्तों ने भगवान गणेश को भू-विसर्जित कर विदा किया। इस मौके पर बड़ी संख्या में भक्तगण मौजूद रहे।



विसर्जन यात्रा में शामिल भक्तगण

## ग्राम रोजगार सेवक संघ की महेवा ब्लॉक अध्यक्ष बनी शिल्पी

**कालपी,जालौन।** ग्राम रोजगार सेवक संघ उत्तर प्रदेश की महेवा इकाई के संगठन को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से शिल्पी निषाद को ग्राम रोजगार सेवक संघ (उप्र) का ब्लॉक अध्यक्ष नियुक्त किया गया। नवनियुक्त अध्यक्षा ने कहा कि संगठन को मजबूत बनाने के लिये मैं पूरी शिद्दत से कार्य करुंगी। मंगलवार को संगठन के जिला अध्यक्ष गिरीश सिंह राजावत की ओर से खंड विकास अधिकारी महेवा संदीप कुमार मिश्रा, एडीओ पंचायत तथा पूर्व अध्यक्ष ग्राम रोजगार सेवक संघ (उप्र) द्वारा संयुक्त रूप से नवनियुक्त पदाधिकारियों को नियुक्त पत्र सौंपा गया। इस अवसर पर आशा व्यक्त की गई कि नेतृत्व में संगठन और अधिक सशक्त, प्रभावी तथा गतिशील बनेगा। ब्लॉक के खंड विकास अधिकारी कार्यालय महेवा में आयोजित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में रोजगार सेवक और संगठन के पदाधिकारी मौजूद रहे।

## लोक अदालत के लिए बैंक ऋण अदायकी के 1267 मामले चिन्हित



तैयारी बैठक में मौजूद न्यायिक व बैंक अधिकारी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वाधान में जनपद न्यायाधीश नीरज कुमार के निर्देशन में बैंक मामलों संबंधित बैठक विश्राम कक्ष में सम्पन्न हुई। संचालन अपर जिला जज सचिव संजय कुमार ने किया। आगामी 13 सितम्बर को होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत के संबंध में ऋण बैंक अदायकी की तैयारी बैठक में अधिक से अधिक मामले चिन्हित किये जाने हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये गये। बैंक ऋण अदायकी के विभिन्न अब तक मामले राष्ट्रीय लोक अदालत हेतु कुल 1267 चिन्हित किये जा चुके है। इस मौके पर बैंक अधिकारी सतीश कुमार, विवेक कुमार, हर्षित मिश्रा, शिवेन्द्र कुमार, अमित सुमन, नीरज मौर्या, अनुराग, शिखा गंगवार आदि बैंक अधिकारी मौजूद रहे।

## तीन दिनों से रुनीचुरसाई में बिजली गुल होने से अंधेरा कायम



पेड़ गिरने से टूटा पड़ा विद्युत पोल

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

- विद्युत विभाग के मौन पर लोगों में आक्रोश

पिछले दिनों आई आंधी पानी से बिजली लाइन पर बड़ा पेड़ गिरने से चार पोल टूट गये थे। जिससे जहानगंज-फर्रुखाबाद रोड पर आवागमन बंद हो गया था। आनन-फानन में वनविभाग के कर्मचारियों ने पेड़ कटवाकर आधी रात तक आवागमन शुरू करवाया था। बिजली के चार पोल क्षतिग्रस्त हो गए थे। जिसके कारण भोलेपुर फीडर से रुनीचुरसाई को मिलने वाली विद्युत आपूर्ति बंद हो गई थी। जिससे पशुओं से आम जनता को पानी-पीने को भारी दिक्कत हो रही है और पिछले तीन दिनों से इस समस्या की ओर विद्युत विभाग से कोई देखने तक नहीं आया। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि संविदा पर लगे लाइनमैन बगैर सुविधा शुल्क के ध्यान नहीं देते।

जिससे आम जन मानस में आक्रोश है। पूर्व प्रधान व किसान नेता अरविन्द राजपूत ने बताया कि यदि शीघ्र ही विद्युत आपूर्ति चालू नहीं की तो विद्युत विभाग भोलेपुर का घेराव किया जायेगा। कई दिनों से सड़क पर पड़े पेड़ों को काटकर हटाया गया। जिससे आवागमन शुरु हो सका।

## शिथिल पर्यवेक्षण के लिये मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी को नोटिस



बैठक लेते डीएम

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

- डीएम ने गौवंश आश्रय स्थलों की समीक्षा

जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में गौवंश आश्रय स्थलों की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में डीएम ने निर्देशित किया कि सभी नोडल अधिकारी सभी सूचनाएं नए फार्मेट पर उपलब्ध कराये, सभी निरीक्षण आख्याएं पोर्टल पर दर्ज करें, मृत गौवंश की सूचनाएं पोर्टल पर दर्ज करें, सभी गौशालाओं में आवश्यकता के आधार पर प्लेटफॉर्म बनाये जाये, किसी भी गौशाला में गौवंश कीचड़ में न रहे। डीएम ने मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी के शिथिल पर्यवेक्षण के लिये उन्हें नोटिस जारी करने के निर्देश दिये गये। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी व संबंधित मौजूद रहे।

## सभी विभाग नियमानुसार अनापत्ति प्रमाण पत्र करें निर्गतः डीएम

**फ्यूल स्टेशन रिटेल ऑउटलेट हेतु अनापत्ति प्रमाणपत्र के सम्बंध में बैठक सम्पन्न**

**डीएम ने कोऑर्डिनेटर की शिथिल कार्यप्रणाली पर इंडियन ऑयल को कार्यवाही के दिये निर्देश**



बैठक लेते डीएम मौजूद अधिकारीगण

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में इंडियन ऑयल कार्पोरेशन लिमिटेड द्वारा फ्यूल स्टेशन रिटेल ऑउटलेट हेतु अनापत्ति प्रमाणपत्र निर्गत किये जाने के सम्बंध में बैठक का आयोजन किया गया। डीएम ने निर्देशित किया कि सभी विभाग नियमानुसार अनापत्ति प्रमाण पत्र निर्गत करे या कमी पाये जाने पर निरस्त करे। कोई भी अनापत्ति प्रमाणपत्र लंवित न रखे। डीएम ने इंडियन ऑयल के स्थानीय कोऑर्डिनेटर की शिथिल कार्यप्रणाली के लिये उनके खिलाफइंडियन ऑयल को पत्र लिखने के लिये निर्देशित किया। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी, डी0एफ0ओ0, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व व संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## पूर्व पालिकाध्यक्ष को 14 वीं पुण्य तिथि पर नगरवासियों ने किया याद

**जालौन,उरई।** पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष राधेश्याम इटहिया की 14वीं पुण्यतिथि पर नगर के लोगों ने उन्हें याद किया। एक कार्यक्रम में उनके जीवन संघर्षों को याद किया गया। पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष राधेश्याम इटहिया के संघर्ष कार्यो और उनके जीवन पर प्रकाश डालते हुए कामरेड कमलाकांत वर्मा ने कहा कि वह नगर की जनता की सेवा के लिए वह सदैव तैयार रहते थे। उनके कार्यो और आंदोलनो को नगर की जनता आज भी याद करती है। वरूण द्विवेदी ने कहा आज जालौन नगर को पुनः राधेश्याम इटहिया जैसे जुझारू व्यक्तित्व की जरूरत है। चंद्रशेखर विश्वकर्मा ने कहा कि वह संघर्षशील व्यक्तित्व के धनी थे।



निरीक्षण करते डीएम, एसपी

## डीएम-एसपी ने गणेश प्रतिमा विसर्जन स्थल का किया निरीक्षण

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी व पुलिस अधीक्षक आरती सिंह ने संयुक्त रूप से पांचाल घाट पर विघ्नहर्ता श्री गणेश जी की प्रतिमा विसर्जन स्थल का निरीक्षण किया। डीएम व एसपी ने प्रभारी निरीक्षक को विसर्जन के दौरान आवश्यक सुरक्षा व्यवस्था व अन्य व्यवस्थायें सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। इसके पश्चात डीएम ने नौगवां पांचाल घाट व फतेहगढ़ बाजार में गणेश पंडालों का निरीक्षण किया गया व आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

## बाढ़ पीड़ितों की मदद के लिए फर्रुखाबाद विकास मंच आया आगे

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

बाढ़ का भीषण प्रभाव गामीण क्षेत्र में जारी है। लोग सड़कों पर रहने के लिए मजबूर है।

ग्रामीणों ने सड़क पर टेंट लगाकर रात गुजारी। दो दिन से लगातार हुई बारिश में बाढ़ प्रभावित गांव में बारिश का पानी घरों में घुसा। जिसके चलते लोग सड़कों पर रहने के लिए मजबूर हो गये। ऐसे में फर्रुखाबाद विकास मंच के अध्यक्ष आशीष मिश्रा भइयन ने बाढ़ पीड़ितों की मदद के लिए हाथ आगे बढ़ाया और ठठा की मड़ैया, गयादिन की मड़ैया, ढपरपुर, हैवतपुर गढ़िया आदि क्षेत्रों में जाकर पीड़ितों का दुख दर्द सुना और उन्हें भोजन उपलब्ध कराया। साथ ही दवाइयों का कैम्प गुरुगांव देवी मंदिर स्थित अर्रापहाड़पुर मंदिर के पास लगाया गया। जहां बाढ़ पीड़ित प्रभावी लोगों को परीक्षण कर निःशुल्क दवाइयां दी गई। बाढ़ पीड़ितों लोगों ने आशीष मिश्रा भइयन व उनकी टीम को धन्यवाद दिया। आशीष मिश्रा भइयन ने बताया कि जब तक बाढ़ की भयावाह जारी है तब तक लोगों की मदद करता रहूंगा। इस मौके पर दुर्गेश मिश्रा, शिवांग रस्तोगी, पवन मिश्रा, रामदास गुप्ता, श्याम सुंदर दुबे, कोमल पाण्डेय, नवनीत कनौजिया, महेश चन्द्र अग्निहोत्री आदि लोगों ने गांव पहुंचकर भोजन वितरित कराया।



बाढ़ पीड़ितों के साथ भइयन मिश्रा

## अमन ने दूसरी बार राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त कर नगर का नाम किया रोशन

**जालौन,उरई।** नगर के मोहल्ला बालम भट्ट निवासी अमन गुप्ता ने दूसरी बार राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त कर नगर का नाम रोशन किया है। उन्हें भारत स्काउट्स एवं गाइड्स में सर्वश्रेष्ठ रोवर के लिए यह पुरस्कार भारत मंडपम, नई दिल्ली में आयोजित एक समारोह में दिया गया। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के हस्ताक्षर से जारी हुए यह प्रमाण पत्र केंद्रीय युवा कार्यक्रम एवं खेल व श्रम और रोजगार मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने वितरित प्रदान किया। प्रदेश में इस पुरस्कार के लिए चयनित 19 रोवर्स में झांसी मंडल से सिर्फ अमन गुप्ता का नाम शामिल है। इससे पहले 2010 में उन्हें तत्कालीन राष्ट्रपति प्रतिभा पाटिल ने भी राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित किया था।

## आइजीआरएस पटल के प्रभारी का केक काटकर मनाया गया जन्मदिन

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

नगर पंचायत कार्यालय पर आइजीआरएस पटल के प्रभारी का जन्मदिन कर्मचारियों ने केक काटकर धूमधाम से मनाया।

नवाबगंज नगर पंचायत कार्यालय पर आईजीआरएस के पटल प्रभारी हितांशु गंगवार का जन्मदिन कार्यालय के समस्त कर्मचारियों ने केक काटकर मनाया। वरिष्ठ लिपिक विकास गंगवार ने हितांशु गंगवार को केक खिलाकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस मौके पर वरिष्ठ लिपिक विकास गंगवार, अहिलकार राजपूत, प्रदीप राजपूत, सभासद संदीप कुमार, सभासद राहुल यादव, नितिन गुप्ता सहित कार्यालय के समस्त कर्मचारी मौजूद रहे।



हितांशु गंगवार को केक खिलाते विकास गंगवार

## नगर में नो हेलमेट नो फ्यूल आदेश की खुलेआम उड़ाई जा रहीं धज्जियां

**कोंच,जालौन।** नगर व क्षेत्र में नो हेलमेट नो फ्यूल आदेश की खुलेआम धज्जियां उड़ाई जा रही है और पेट्रोल पंप संचालकों द्वारा खुलेआम बगैर हेलमेट के वाहनों को पेट्रोल दिया जा रहा है जबकि शान द्वारा 1 सितंबर से नो हेलमेट नो फ्यूल आदेश लागू करने के लिए सख्त हिदायत दी गई थी लेकिन इसका असर नगर व क्षेत्र में देखने को नहीं मिल रहा है और अधिकारी भी नो हेलमेट नो फ्यूल पॉलिसी पर आंखे मूँदे बैठे हुए है जबकि हेलमेट मजबूरी नहीं जरूरी की श्रेणी में आता है सरकार निरन्तर वाहन चालकों को छोटे छोटे कार्यक्रमों के माध्यम से यातायात के प्रति जागरूक करती रहती है।

## अवैध अस्पतालों के विरुद्ध चला अभियान का नहीं दिखा खौफ

**कालपी,जालौन समृद्धि न्यूज।**

प्रशासन एवं स्वास्थ्य विभाग की छापेमारी के बाद भी नगर में अवैध रूप से संचालित अस्पतालों के संचालन पर कोई असर नही है। मंगलवार को भी बगैर डिग्री डिप्लोमा के इलाज कर रहे डाक्टरों के क्लीनिक पूर्व की तरह संचालित होते रहे हालांकि स्वास्थ्य विभाग ने शीघ्र ही ऐसे अवैध अस्पतालों के खिलाफ अभियान चलाने का दावा किया है।

विदित हो कि नगर व क्षेत्र में आम जनता के स्वास्थ्य की देखभाल करने के लिए लगभग 1 सैकड़ा छोटे बड़े अस्पताल संचालित होते हैं जिसमें कुछ अस्पतालों और डाक्टरों को छोड़ दिया जाए तो बाकी के पास अस्पताल संचालन और इलाज करने की निर्धारित योग्यता भी नहीं है और वह बेखौफ होकर क्लीनिक का संचालन करते हैं और इनमें कुछ ऐसे भी है जिनके यहां मरीजों की लाईन लगी रहती है और ऐसा अर्से से चल रहा है जिसमे कई अस्पतालों में तो यह सिलसिला तीसरी पीढ़ी तक आ पहुंचा है जबकि उनके पास कोई डिग्री या फिर डिप्लोमा भी नहीं है और वह अपने पूर्वजो के नाम पर ही इलाज कर रहे हैं हालाकि अब शासन ने अवैध रूप से संचालित अस्पतालों पर कार्यवाही के निर्देश दिए है जिसके तहत सोमवार को एसडीएम मनोज कुमार सिंह, चिकित्सा अधीक्षक डा. दिनेश गुप्ता ने टीम के साथ नगर के दो अस्पतालों में छापेमारी की थी जहां उन्हें ऐसा कुछ भी नहीं मिला था जिससे अस्पताल का संचालन हो सके जिस पर एसडीएम ने अस्पताल संचालकों को उन्हें बन्द करने के निर्देश दिए थे जिससे लगा था कि अवैध रूप से संचालित अस्पतालों के संचालकों में खौफहोगा लेकिन ऐसा नही हुआ और मंगलवार को सभी अस्पताल प्रतिदिन की भाँति खुले रहे। एसडीएम मनोज कुमार सिंह के मुताबिक शीघ्र ही अवैध रूप से संचालित अस्पतालों के खिलाफ अभियान चलाया जाएगा इसके लिए रणनीति तैयार की जा रही है। वही चिकित्सा अधीक्षक डा. दिनेश गुप्ता के अनुसार किसी को भी जनता के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ नहीं करने दिया जाएगा। इसलिए सभी अस्पतालों में डिग्री जाँची जा रही है क्योंकि आयुर्वेद तथा यूनानी चिकित्सा की डिग्री वाले डाक्टर भी अंग्रेजी पद्धति से इलाज कर रहे है।

### सूचना

मैंने सीपी विद्या निकेतन कायमगंज से कक्षा 12 सत्र 2021-22 में उत्तीर्ण किया था। जिसकी मैंने प्रथम टी.सी. प्राप्त की थी, जो कहीं खो गयी है। जिसको मैंने काफी तलाश किया, लेकिन नहीं मिली। मुझे कक्षा 12 की द्वितीय टी.सी. की आवश्यकता है। सृजन सिंह गंगवार पुत्र राजीव कुमार गंगवार नि0 खुड़ना वैद्य पो0 मंझना, तहसील कायमगंज, जिला फर्रुखाबाद।

### सूचना

मैंने अपने पुत्र राहुल व पुत्रवधू मोहिनी के गलत चाल चलन के चलते अपनी चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर अपने सभी प्रकार के सम्बन्ध विच्छेद कर लिये है। उन दोनों द्वारा किये गये किसी भी कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगे। मेरा व मेरे परिवार का कोई सरोकार नहीं होगा।
रीना पत्नी स्व0 राकेश निवासी मोहल्ला काजम खां, कायमगंज, फर्रुखाबाद।

# नमामि गंगे परियोजना का नब्बे प्रतिशत पानी पहुंचा गांव

समृद्धि न्यूज

**हलिया (मिर्जापुर)।** गर्मियों के दौरान जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में हर घर नल से होने वाली जलापूर्ति में किसी तरह की दिक्कत न आए, इसके लिए नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति विभाग ने स्थानीय अधिकारियों के साथ-साथ राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन के लखनऊ स्थित मुख्यालय की टीम को भी जिले में उतार दिया है।



नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति विभाग के प्रमुख सचिव अनुराग श्रीवास्तव के निर्देश पर मिर्जापुर के जिलों में बिना किसी बाधा के जलापूर्ति सुनिश्चित कराने के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त किए गए हैं।अहुगी कला ग्राम समूह पेयजल योजना का निरीक्षण एडीएम नमामि गंगे मिर्जापुर विजेता के साथ लखनऊ मुख्यालय से आई एसडब्ल्यूएसएम की अधिशासी अभियंता व अभियंता टेक्निकल सेल ने निरीक्षण किया। अहुगी कला ग्राम समूह पेयजल योजना का निरीक्षण एडीएम नमामि गंगे विजेता के साथ एसडब्ल्यूएसएम की अधिशासी अभियंता और सहायक अभियंता ने किया।

जिले की विभिन्न परियोजनाओं का निरीक्षण करने के लिए आई नोडल अधिकारियों की टीम जिले में जलापूर्ति की पूरी रिपोर्ट मुख्यालय को देगी। सभी नोडल ये सुनिश्चित कर रहे हैं कि गांवों में नियमित रूप से प्रेशर के साथ क्लोरिन युक्त जलापूर्ति हो रही है या नहीं। साथ ही नोडल अधिकारी रोड रेस्टोरेशन, लीकेज, एफ्टीके टेस्टिंग, आईएसए, आईईसी, ग्रीवांस पोर्टल और ग्राम प्रधानों द्वारा की गई शिकायतों के निस्तारण की प्रगति की जानकारी भी राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन की टेक्निकल सेल को उपलब्ध करा रहे हैं। हलिया के 90 प्रतिशत गांवों तक पहुंची नल से जल योजना मिर्जापुर जिले के 90 प्रतिशत गांवों में नल से जलापूर्ति की जा रही है।

टीम ने देवरी बाजार, तीता, बसुहरा, मवई कला, भटवारी, कवलझर, बैधा, झरनासहित अन्य गाँवो में टोंटी से पेयजल आपूर्ति की जानकारी लिया इसके बाद डब्लूटीपी व इंटेक वेल का निरिक्षण किया। इस दौरान कार्यदाई संस्था के मृत्युन्जय राय, प्रशांत तिवारी, दिनेश मौर्या आदि मौजूद रहे।

## उपनिदेशक कृषि ने साधन सहकारी समिति का किया निरीक्षण

**किसानो से बात कर खाद वितरण का जाना हाल**

**हलिया (मिर्जापुर)।** उपनिदेशक कृषि विकेश पटेल ने सोमवार को ड्रमंडगंज क्षेत्र के देवरी दक्षिण गांव स्थित खाद की दुकान का निरीक्षण किया।दुकान में उर्वरक नही मिला लेकिन दुकान में 48 बोतल नैनो यूरिया पाया। जिसपर उपकृषि निदेशक ने दुकानदार को फटकार लगाते हुए कहा कि उर्वरक के साथ नैनो यूरिया आदि की टैगिंग पाए जाने पर उर्वरक बिक्री प्राधिकार पत्र निरस्त कर कार्रवाई की जाएगी। इसके बाद उपकृषि निदेशक ने सेमरा कलां गांव स्थित बबुरा कलां साधन सहकारी समिति का निरीक्षण किया। जहां दर्जनों किसान खाद लेने के लिए पहुंचे थे। उपकृषि निदेशक ने किसानों से खाद वितरण के संबंध में जानकारी ली। उपकृषि निदेशक ने समिति के खाद वितरण रजिस्टर का निरीक्षण किया जिसमें कई किसानों को दस बोरी खाद दी गई थी।इस संबंध में सचिव नारायण दत दुबे से पूछा तो उन्होंने बताया कि दस बोरी खाद समिति के सदस्यों को दी गई है। उपकृषि निदेशक ने कहा कि पांच बोरी से अधिक किसी भी किसान को खाद नही देने के लिए निर्देशित किया। उपकृषि निदेशक ने समिति पर के गोदाम में उपलब्ध यूरिया खाद का निरीक्षण किया। समिति पर मौजूद किसानों की भीड़ को देखते हुए उपकृषि निदेशक ने एडीओ एजी को समिति पर आकर किसानों में खाद वितरित कराने का निर्देश दिया।

# शहर व गांव के सड़क मार्ग की बदहाली के विरोध में सपा ने किया धरना प्रदर्शन

समृद्धि न्यूज

**मिर्जापुर।** शहर की संपर्क मार्ग, ईटवाँ चौराहा से टांडाफाल, बथुआँ गाँधी से नई बस्ती नकहरा रोड, चपउर कला ब्राहमण, रमईपट्टी से कनौरा घाट, बरबटा मंदिर से सदलूपुर, बघेड़ा कर्णावती बहरा तक, भारतगंज विजयपुर मार्ग से हरिजन बस्ती कुसहाँ तक, हलिया से मतवार, ड्रमण्डगंज से गलरा, गड़बड़ा धाम रोड, खजुरौल से जमुड़ी मार्ग हरदी नदी रीवा माईनर, बड़भुईली से सकरौड़ी नुरपुर भाईपुर होते हुये हसौली चट्टी तक, राजगढ़ करबला से लेकर कुड़ी सम्पर्क मार्ग, गढ़वाँ सम्पर्क मार्ग, राहकला सम्पर्क मार्ग से असाढ़ी तक, चितांग चौराहे से रेही मझियार बार्डर तक, मझिगवां, लखनपुर, चील्ह से लेकर मदनपट्टी तक, सबरी नटवा रोड की मरम्मत को लेकर सपा कार्यकर्ताओं ने सपा जिलाध्यक्ष देवी प्रसाद चौधरी के नेतृत्व में कलेक्ट्रेट में विरोध प्रदर्शन किया। सड़क की शीघ्र मरम्मत कराने की मांग की।



इस अवसर पर 18 सूत्रीय मांग पत्र जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार को सम्बोधित अतिरिक्त मजिस्ट्रेट को दिया गया। इस मौके पर सपा जिलाध्यक्ष देवी प्रसाद चौधरी ने कहा कि बरसात के कारण सड़क से लेकर गांव तक की सड़के खराब हो गई है। सड़क की मरम्मत न होने से रोज ही दुर्घटना हो रही है। सड़क के जर्जर होने से आवागमन में लोगों को काफी समस्याएं हो रही हैं।

मार्ग की बदहाली से लोगो का आना जाना मुश्किल हो गया है। इस मौके पर प्रदर्शन में जिला महासचिव आदर्श यादव, संतोष गोयल, झल्लू यादव, रंजीत फौजी कन्हैया यादव, गणेश प्रजापति, मनोज चौहान, नागेन्द्र तिवारी, रामजी चौहान आदि शामिल रहे।

# प्याज लदे ट्रक ने केला लदे डीसीएम में मारी टक्कर, ट्रक चालक घायल

समृद्धि न्यूज

**हलिया (मिर्जापुर)।** ड्रमंडगंज थाना क्षेत्र के मिर्जापुर रीवा राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित ड्रमंडगंज घाटी के बड़का मोड़ घुमान से दो सौ मीटर पहले सोमवार शाम साढ़े चार बजे के करीब ब्रेक फेल होने से प्याज लदे ट्रक ने आगे चल रहे केला लदे डीसीएम में पीछे से अनियंत्रित होकर टक्कर मार दी। घटना में दोनों वाहन घाटी में पलट गए और ट्रक चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। वहीं डीसीएम चालक व खलासी को मामूली चोटें आई हैं।

मध्यप्रदेश के रीवा से वाराणसी प्याज लादकर जा रहा ट्रक जैसे ही ड्रमंडगंज घाटी के बड़का मोड़ घुमान से दो सौ मीटर पहले पहुंचा तो अचानक ब्रेक फेल हो गया अनियंत्रित ट्रक बुरहानपुर से केला लादकर वाराणसी जा रहे डीसीएम में पीछे से टकरा गया। राहगीरों की सूचना पर पहुंचे थानाध्यक्ष ब्रह्मदीन पांडेय एसआई अखिलेश यादव,सुभाष यादव व टीपी सिंह ने पुलिसकर्मियों संग प्याज लदे ट्रक के केबिन में फंसे ट्रक चालक 28 वर्षीय चंद्रकांत मिश्र निवासी मढ़ा थाना हनुमना जिला मऊगंज मध्यप्रदेश को किसी तरह से बाहर निकाला और एंबुलेंस से उपचार हेतु अस्पताल भिजवाया। वहीं 32 वर्षीय डीसीएम चालक हल्दू कोल व 21 वर्षीय खलासी पप्पू कोल को हल्की फुल्की चोटें आई हैं जिनका स्थानीय स्तर पर उपचार करवाया गया। दोनों वाहनों के नेशनल हाईवे पर पलटने से ड्रमंडगंज घाटी में दो घंटे तक एक लेन से आवागमन बंद रहा। थानाध्यक्ष ब्रह्मदीन पांडेय ने बताया कि ड्रमंडगंज घाटी में नीचे उतरते समय बड़का मोड़ घुमान से दो सौ मीटर पहले ब्रेक फेल होने से प्याज लदा ट्रक आगे चल रहे केला लदे ट्रक में पीछे से टकरा गया। हादसे में गंभीर रूप से घायल ट्रक चालक को उपचार हेतु अस्पताल भिजवाया गया है।

## नौकरी दिलाने के नाम पर नौ लाख ऐंठने वाले युवक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

**हलिया (मिर्जापुर)।** ड्रमंडगंज थाना क्षेत्र के सेमरा कलां गांव निवासी दिनेश कुमार ने नौकरी दिलाने के नाम नौ लाख रुपए ऐंठने वाले युवक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया है।दी गई तहरीर में पीड़ित ने आरोप लगाया कि दस मई वर्ष 2022 को रतेह चौराहा पर दोस्तों के साथ नौकरी को लेकर बात कर रहा था। वहां मौजूद अश्वनी कुमार निवासी महेवा, हरिहरपुर बेदौली थाना पड़री हम लोगों की बातें सुन रहा था। अश्वनी कुमार ने मुझे नौकरी दिलाने का आश्वासन दिया और झांसा देकर कई बार में नगद और आनलाइन कुल नौ लाख रुपए मुझसे लिया। लेकिन नौकरी नही दिला सका। नौकरी के नाम पर लिए गए नौ लाख रूपए मांगने पर टालमटोल करने लगा और इधर उधर की बातें कर गुमराह करने लगा और रूपए देने से इंकार कर दिया। तहरीर पर पुलिस नौकरी के नाम पर नौ लाख रुपए की ठगी करने वाले युवक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच में जुट गई है।

# आकाशीय बिजली की चपेट में आने से किसान की मौत दूसरे का प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में चल रहा इलाज

समृद्धि न्यूज

**हलिया (मिर्जापुर)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के पंवारी कला गांव में सोमवार की शाम गरज चमक के साथ आकाशीय बिजली गिरने से उसकी चपेट में आने से धान की निराई कर रहे अधेड़ किसान की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। जबकि दूसरा घायल हो गया। मौके पर पहुँचे ग्रामीणों ने दोनों को उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया लेकर आये जहां पर अधेड़ को चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया जबकि झूलसे हुए का उपचार चल रहा है।



मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। ड्रमण्डगंज थाना क्षेत्र के बंजारी कला गांव निवासी 57 वर्षीय राम सजीवन व 52 वर्षीय छोटेलाल पंवारी कला गांव निवासी पंकज सिंह के खेत को बटाई पर लेकर खेती किये है। सोमवार की शाम दोनों लोग धान की निराई कर रहे थे की गरज चमक के साथ आकाशीय बिजली गिरने से रामसजीवन की घटना स्थल पर ही मौत हो गई।

जबकि छोटेलाल गंभीर रूप से झूलस गए मौके पर पहुँचे ग्रामीणों ने दोनों लोगो को उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया लेकर आए जंहा पर चिकित्सक विवेक खरे ने रामसजीवन को मृत घोषित कर दिया है जबकि छोटेलाल का उपचार चल रहा है। घटना की सूचना पर पहुँचे थानाध्यक्ष राजीव कुमार श्रीवास्तव व उपनिरीक्षक श्याम लाल ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

मौत की सूचना पर परिजनों में कोहराम मच गया है। सूचना पर ग्राम प्रधान प्रतिनिधि बंजारी कला संजय सिंह स्वास्थ्य केंद्र पर पहुंचकर मृतक के परिजनों को ढाढ़स बँधाया है और घायल का हालचाल लिया है। इस संबंध में थानाध्यक्ष राजीव कुमार श्रीवास्तव ने बताया की धान की निराई करते समय आकाशीय बिजली की चपेट में आने से अधेड़ की मौत हो गई है जबकि दूसरा गंभीर रूप से झूलस गया है। मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। कार्रवाई किया जा रहा है।

# पत्रकार ने रक्तदान, करके बचाई मां-बच्चे की जान

समृद्धि न्यूज

**महराजगंज।** आज के पत्रकार आर के सिंह यादव ने एक बार फिर समाजसेवा का एक अहम उदाहरण पेश किया है आज उन्होंने दूसरी बार रक्तदान किया, फरेंदा के अस्पताल में एक जच्चा-बच्चा के ऑपरेशन के दौरान रक्त की तुरंत आवश्यकता थी और इस ऑपरेशन में निःस्वार्थ भाव से उन्होंने रक्तदान किया और उन परिवार के सदस्यों से अनजान थे और इस मामले में उनका कोई व्यक्तिगत संबंध नहीं था, फिर भी उन्होंने मानवता दिखाई।फरेंदा के एक हॉस्पिटल में एक गर्भवती महिला और उसके बच्चे की जान को खतरा था। ऑपरेशन के दौरान रक्त की कमी हो गई थी, और अस्पताल ने तुरंत रक्तदान की अपील की।जब पत्रकार आर के सिंह यादव को इस बारे में जानकारी मिली, तो उन्होंने बिना किसी संकोच के अस्पताल पहुंचकर रक्तदान किया। उनका मानना है कि रक्तदान महादान होता है, और किसी की जान बचाने के लिए यह एक बहुत बड़ा कदम हो सकता है। उन्होंने बताया कि यह रक्तदान मैंने सिर्फ एक मानवता के नाते किया। जब हमें किसी के परिवार की खुशी के लिए कुछ करने का मौका मिले,तो हमें इसे नकारना नहीं चाहिए। एक बार कहने पर अगर किसी की जिंदगी बच सकती है, तो यह हमारे समाज की सबसे बड़ी सेवा है।इससे पहले भी आर के सिंह यादव ने रक्तदान किया था, और समाज के प्रति उनके इस योगदान को सभी ने सराहा है। वरिष्ठ पत्रकार विशुनदेव त्रिपाठी ने कहा कि उनके इस कदम से अन्य लोगों को भी प्रेरणा मिल रही है कि अगर किसी की जान बचानी हो तो रक्तदान सबसे सरल और प्रभावी तरीका हो सकता है।पत्रकारिता के अलावा, यह कदम समाजसेवा के प्रति उनके गंभीर दृष्टिकोण को दर्शाता है। हम सभी को अपनी क्षमता के अनुसार किसी न किसी रूप में समाज की मदद करनी चाहिए। इस दौरान वरिष्ठ पत्रकार सुदेश मोहन श्रीवास्तव, सुनील पाण्डेय, देवा नन्द यादव, विनय श्रीवास्तव, रवि श्रीवास्तव, वैभव सिंह, उमाकांत, सनद, डॉ अरुण चतुर्वेदी, प्रदीप, राकेश, आशीष, कुलानन्द यादव सहित अन्य लोगों ने सराहना किया।



## संदिग्ध परिस्थितियों में मिला किशोरी का शव गांव में फैली सनसनी

**महराजगंज।** निचलौल कस्बे से सटे ग्राम सभा ओवरी में बीते सोमवार के दोपहर में एक दर्दनाक घटना सामने आई। ग्राम सभा ओबरी निवासी प्रदीप कसौधन की 14 वर्षीय पुत्री शीतल कसौधन का शव संदिग्ध परिस्थितियों में घर के कमरे से बरामद हुआ। अचानक हुई इस घटना से पूरे गांव में हड़कंप मच गया। स्थानीय लोगों के अनुसार, बीते सोमवार लगभग 4~30 बजे कमरे में शीतल का शव मिलने की जानकारी पर आसपास के लोग इकट्ठा हो गए। घटना की सूचना तुरंत पुलिस को दी गई। निचलौल थाना प्रभारी अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का मुआयना किया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतका के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो रहा है। परिवारजन किसी अनहोनी की आशंका जता रहे हैं, वहीं घटना को लेकर गांव में तरह-तरह की चर्चाएं तेज हैं।

# हैंडपंप में करंट लगने से युवक की मौत, सपा प्रतिनिधिमंडल ने की मदद

समृद्धि न्यूज

**महराजगंज।** नगर पंचायत चौक के वार्ड नंबर 7 महाराणा प्रताप मोहल्ले में बीते सोमवार को एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई। 25 वर्षीय दलित युवक सोमेंद्र चंद नहाने के लिए हैंडपंप चला रहा था कि अचानक उसमें करंट उतर गया। बिजली की चपेट में आने से युवक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। इस हादसे से पूरे क्षेत्र में मातम छा गया और स्थानीय लोग प्रशासन की लापरवाही पर आक्रोशित दिखे।

घटना की सूचना पर समाजवादी पार्टी का प्रतिनिधिमंडल मृतक के घर पहुंचा और परिजनों से मिलकर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की। इस प्रतिनिधिमंडल में पूर्व मंत्री सुशील कुमार टिबडेवाल, सपा जिलाध्यक्ष विद्यासागर यादव, बाबा साहब वाहिनी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्रवण पटेल, जिला उपाध्यक्ष प्रणय कुमार गौतम, जिला सचिव समसूल हुदा, लोहिया वाहिनी के राष्ट्रीय सचिव सतीश यादव, डॉ. एस.एस. पटेल बाल गोपाल, एडवोकेट महेंद्र प्रताप, नगर पंचायत चौक के पूर्व प्रत्याशी नागेंद्र भारती, ब्रह्मानंद यादव, नागेश्वर पटेल, जालंधर यादव सहित सैकड़ों समाजवादी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

समृद्धि न्यूज संवाददाता के अनुसार पूर्व मंत्री सुशील कुमार टिबडेवाल ने इस हादसे को बेहद दुखद बताते हुए कहा कि यह नगर पंचायत प्रशासन और तहसील प्रशासन की घोर लापरवाही का नतीजा है। उन्होंने आर्थिक मदद देते हुए सरकार से मांग की कि मृतक के परिजनों को तत्काल 10 लाख रुपये मुआवजा दिया जाए। इसके साथ ही उन्होंने जिलाधिकारी से आग्रह किया कि परिवार को कृषक दुर्घटना बीमा योजना के तहत 5 लाख रुपये, प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ और परिवार के एक सदस्य को नगर पंचायत में नौकरी दी जाए, ताकि उनका जीवन यापन सुचारु रूप से चल सके।

## खबरें एक नजर में

### बिजली विभाग के संविदाकर्मी को लगा करेंट हालत नाजुक

**फरेन्दा, महराजगंज, समृद्धि न्यूज।** फरेन्दा क्षेत्र में बिजली विभाग में संविदा पर काम कर रहे युवक को बिजली ठीक करते समय करेट मार दिया जिससे गम्भीर रूप से घायल हो गये। बताते चलें आज दिन मंगलवार को विधुतकर्मी अजय कुमार पुत्र विक्रम उम्र लगभग 28वर्ष निवासी पुरन्दर के पास कवलदह रहनेवाला है जो बिजली विभाग नगर फिडर संविदा पर काम करता है। जो वार्ड नं0 10 विन्दुवासनी नगर आनन्द नगर में सिड्डाउन लेकर पोल पर चढ़ कर बिजली ठीक कर रहा था अचानक करेंट आ गया और और वह करेंट के चपेट में आ गया तत्पश्चात पोल से नीचे गिर गया जिससे काफी चोटें लग गया।साथ मे रहने वालों बिजली विभाग के फिडर पर सुचना दिया और सामुदायिक स्वास्थ्य बनटी ले गये जहाँ पर डॉक्टरो ने उपचार कर हालत गंभीर देखते हुए महराजगंज को रेफर कर दिया।

### पशुपालक के पौत्र की आकाशीय बिजली की चपेट से मौत

**हलिया (मिर्जापुर),समृद्धि न्यूज।** ड्रमंडगंज थाना क्षेत्र के मड़वा धनावल गांव में सोमवार देर शाम गरज चमक के साथ आकाशीय बिजली की चपेट में आने से साठ वर्षीय पशुपालक शिव कुमार मौर्य व उनका आठ वर्षीय पौत्र आलोक मौर्य भैस चरा रहे थे।देर शाम बारिश के दौरान पशुपालक नीम के पेड़ के नीचे खड़ा हो गया उसी दौरान पेड़ के पास बिजली गिर पड़ी जिसकी चपेट में आने से पशुपालक व उसका पौत्र गंभीर रूप से झुलस गए। परिजन उपचार हेतु दोनों को मंडलीय अस्पताल ले गए जहां आलोक मौर्य की मौत हो गई। वहीं पशुपालक को चिकित्सकों ने ट्रामा सेंटर वाराणसी रेफर कर दिया। मौत की सूचना मिलते ही पिता राम कृष्ण का रो-रोकर बुरा हाल हो रहा है।पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### खाद का वितरण सुबह 7 बजे से किया जाय : के के पांडेय

**महराजगंज, समृद्धि न्यूज।** जिला अपराध निरोधक समिति के फरेन्दा तहसील संयोजक कृष्ण कुमार पाण्डेय ने किसानो की परेशानी देखते हुये जिलाधिकारी से मांग की है की खाद को लेकर किसान रात मे ही खाद दुकान पर लाइन लगाकर रहते है दूसरे दिन 10 बजे के बाद खाद की दुकान खुलने से खाद की लिये आये किसान जिसमे वृद्ध व महिलाये भी है काफ़ी परेशान होते है। श्री पाण्डेय ने जिलाधिकारी का ध्यान आकर्षित कराते हुये मांग किया की अगर खाद की दुकान सुबह 7 बजे खुल जाय तो भूखे प्यासे किसानो को कुछ सुबिधा होंगी और वह समय से घर पहुंच जायेंगे।

### आराजक तत्वों ने केंद्र का ताला तोड़कर की चोरी

**हलिया (मिर्जापुर)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के औरा बरुआ गाँव स्थित आयुष्मान केंद्र का ताला तोड़कर आराजक तत्वों ने बीते 30 अगस्त को ताला तोड़कर चोरी कर सामान उठा ले गए जानकारी होने पर ग्राम प्रधान कमलेश कोल व सीएचओ सीमा द्वारा पुलिस को मंगलवार को थाने में तहरीर देकर आराजक तत्वों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग किया है। पुलिस मामले कि जांच पड़ताल करने में जुट गई है। दी गई तहरीर में बताया है की आयुष्मान केंद्र पर आये दिन वंहा पर कुछ आराजक तत्वों द्वारा देर रात तक बैठकर शराब पीना और बैठना घूमना लगा रहता है जिसमें आयुष्मान स्वास्थ्य केंद्र पर क्षति पहुंचाते है। 30 अगस्त की सुबह स्वास्थ्य केंद्र पर 10 बजे गया तो वंहा पर ताला टुटा पाया गया और हीटर, बीपी मशीन, बाल्टी, पंखा संबंधित रजिस्टर और बिजली वायरिंग कोई क्षति ग्रस्त कर दिया गया है जिस पर पुलिस ने तहरीर मिलने पर मामले की जांच पड़ताल करने में जुट गई है। इस संबंध में थानाध्यक्ष राजीव कुमार श्रीवास्तव ने बताया की तहरीर मिली है। मामले की जांच पड़ताल किया जा रहा है। कार्रवाई किया जायेगा।

### तीन नफर अभियुक्त गिरफ्तार

**महराजगंज।** पुलिस अधीक्षक महराजगंज के द्वारा वांछित अभियुक्तों वारण्टियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक महराजगंज के कुशल मार्गदर्शन व क्षेत्राधिकारी फरेन्दा के कुशल दिशा निर्देशन में गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के तहत थानाध्यक्ष फरेन्दा प्रशांत पाठक के कुशल नेतृत्व में थाना स्थानीय पर गठित पुलिस टीम उप निरीक्षक गंगाराम यादव मय हमराह सौरभ पटेल, इन्द्रप्रकाश सिंह, अनिल यादव, आज्ञाराम यादव, का अमन सिंह, नवनीत यादव व उज्जवल दीक्षित के द्वारा वांछित 3 नफर अभियुक्त जालंधर यादव उर्फ वहू पुत्र मोहरित यादव निवासी हरमन्दिर कला टोला मदरहवा थाना कोल्हुई जनपद महराजगंज उम्र करीब 24 वर्ष, शिवम प्रजापति पुत्र दशरथ प्रजापति निवासी बड़हरा विशम्भरपुर थाना कोल्हुई जनपद महराजगंज उम्र करीब 19 वर्ष, विक्रम प्रजापति पुत्र रमेश प्रजापति निवास बड़हरा विशम्भरपुर थाना कोल्हुई जनपद महराजगंज उम्र 19 वर्ष सम्बन्धित मुअसं.255/2025 धारा 304 बीएनएस को 31अगस्त को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही की गयी है।

### रपटा पर जा रहा बालक फिसल कर जरगो नदी में गिरा, मौत

**चुनार (मिर्जापुर)।** स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के बहेरा गांव में रपटा पर जा रहा बालक फिसल कर जरगो नदी में गिरा करीब दो घंटे कि कड़ी मशक्कत के बाद शव बरामद हुआ। चंदौली के चकिया थाना क्षेत्र के ताराडीह सिकंदरपुर निवासी दस वर्षीय रितेश कुमार पुत्र रामप्रसाद बहेरा गांव स्थित अपने नाना राम चरित्र कि तेरहवीं में आया था। मृतक के बड़े मामा सतीश कुमार ने बताया कि सुबह साढ़े दस बजे के करीब वह मेरे छोटे भाई के साथ करहिया स्थित दुकान पर समान लेने जा रहा था की जैसे वह बन इमिलिया बहेरा गांव के बीच स्थित जरगो नदी पर बने रपटा पर पहुंचा कि फिसल कर वह नदी में गिर कर बह गया।बालक को नदी में बहने कि सूचना परिजनों के साथ ही पुलिस को दिया गया। मौके पर एसडीएम राजेश कुमार वर्मा, कोतवाल रविंद्र भूषण मौर्य ने दलबल के साथ पहुंच कर स्थानीय गोताखोर लगाकर डूबे बालक का तलाश शुरू करवाया। करीब ढाई घंटे बाद बालक का शव बरामद हुआ। पुलिस विधिक कार्यवाई करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। मृत बालक दो भाई में छोटा था। पिता मजदूरी करते हैं। नदी में बालक के बह जाने कि सूचना पर घर में कोहराम मच गया। कोतवाल रविंद्र भूषण मौर्य ने बताया कि जरगो नदी एक बालक कि डूबने से मौत हुई है।

### आकाशीय बिजली गिरने से क्षतिग्रस्त हो गया बांस का पेड़



**हलिया (मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज।** ड्रमंडगंज बाजार में पुराने सेल टेक्स चेकपोस्ट के पीछे सोमवार को देर शाम तेज गरज और चमक के साथ एक पुराने बांसा के पेड़ पर आकाशीय बिजली गिर पड़ी। संयोग ठीक था उस समय वहां कोई नहीं था, नहीं तो बड़ा हादसा हो जाता। आकाशीय बिजली गिरने से बांसा का पेड़ काफी क्षतिग्रस्त हो गया है।

## चाय का पैसा मांगने पर तमंचा से मारने की दी धमकी

**हलिया (मिर्जापुर)।** ड्रमंडगंज कस्बा में चाय पान के दुकानदार ने देवहट गांव निवासी युवक पर तमंचा से मारने की धमकी का आरोप लगाते हुए मंगलवार को थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की गुहार लगाई है।दी गई तहरीर में प्रयागराज जिले कोरांव थाना क्षेत्र के पटेहरी गांव निवासी छविनाथ तिवारी ने आरोप लगाया कि मंगलवार सुबह 11 बजे के करीब देवहट गांव निवासी कमरूद्दीन दुकान पर चाय पीने आया। चाय पीने के बाद बिना पैसे दिए जाने लगा तो उससे चाय का पैसा मांगने लगा। जिसपर कमरूद्दीन गाली गलौज देते हुए मुझसे उलझ गया। युवक ने कहा कि तमंचा लाकर जान से मार दूंगा।

# गुणवत्तापूर्ण शिक्षा से वंचित न रहे कोई बच्चा : चंद्रभूषण

**बीआरसी घुघली में शिक्षक संकुल बैठक संपन्न, निपुण ऐप, यू डायस और ड्राप आउट के संदर्भ में हुई चर्चा**

समृद्धि न्यूज

**महराजगंज।** बीआरसी घुघली के सभागार में खंड शिक्षा अधिकारी चन्द्र भूषण पाण्डेय की अध्यक्षता में ब्लाक स्तरीय शिक्षक संकुल की बैठक मंगलवार को संपन्न हुई जिसमें कई महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा हुई।



बैठक में निपुण ऐप के माध्यम से छात्रों के आकलन पर विशेष ध्यान देकर निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष शत प्रतिशत कार्य पूर्ण करने का निर्देश बीईओ ने देते हुए कहा कि शिक्षकों को प्रिंट रिच मटेरियल और टीएलएम का अधिक से अधिक उपयोग कर ब्लाक के प्रत्येक विद्यालय को शत प्रतिशत निपुण बनाने का निर्देश दिया गया। साथ ही मिशन लाइफ, स्पोर्ट्स क्लब, वॉच क्लब और रीडिंग क्लब की गतिविधियों पर भी चर्चा की गई। शिक्षकों ने विद्यालय में छात्र संख्या बढ़ाने और अधिक से अधिक बच्चों का पंजीकरण कराने का संकल्प लिया। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे और सभी को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिल सके।बैठक में एआरपी बालमुकुंद सिंह, एआरपी अंग्रेजी उपेन्द्र मिश्र, शिक्षक नेता राजू सिंह, पवन पटेल, रिजवानुल्लाह खान, वीरेन्द्र यादव, अशोक सिंह, मनोज वर्मा, श्रीमती अंजना श्रीवास्तव, डॉ धनंजय मणि त्रिपाठी, जाकिर सहित अन्य शिक्षक उपस्थित रहे।

# परतावल सीएचसी पर मरीजों का बढ़ा भरोसा, 800 मरीज करा रहे इलाज




समृद्धि न्यूज

**महराजगंज।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परतावल इन दिनों ग्रामीण इलाकों के मरीजों के लिए बड़ी राहत बन गया है। बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं और डॉक्टरों की समर्पित टीम की वजह से यहां आने वाले मरीजों की संख्या लगातार बढ़ रही है। रोजाना औसतन 700 से 800 लोग इलाज के लिए पहुंच रहे हैं।

बरसात और मौसमी बदलाव के चलते वायरल बुखार, पेट दर्द, डायरिया और उल्टी से पीड़ित मरीजों की संख्या अधिक है। इनमें कई मरीजों को भर्ती कर समुचित देखभाल की जा रही है। इलाज कराने पहुंचे मरीज कमिलुन निशां, अनारी देवी, इंद्रासन और सोनमती ने बताया कि यहां दवा और इलाज समय पर मिल रहा है और किसी भी तरह का आर्थिक दबाव नहीं डाला जा रहा है। वहीं भर्ती मरीज बसंत और नर्बदा ने बताया कि डॉक्टर और स्वास्थ्यकर्मी समय-समय पर देखभाल कर रहे हैं, जिससे वे जल्दी स्वस्थ हो रहे हैं। आयुष्मान वार्ड में भर्ती गुलाब, संध्या, खुशी मोदनवाल, नंदलाल, रूना देवी, रुदल यादव, मनीषा और रोशनी ने भी संतोष जताते हुए कहा कि उन्हें समुचित इलाज मिल रहा है और किसी प्रकार का शुल्क नहीं लिया जा रहा। सीएचसी परतावल के अधीक्षक डॉ.अनिल जायसवाल ने बताया कि बढ़ती मरीज संख्या इस बात का प्रमाण है कि यहां लोगों का भरोसा मजबूत हो रहा है। डॉक्टर व स्वास्थ्यकर्मी पूरी निष्ठा के साथ इलाज कर रहे हैं और स्टाफ समय से ड्यूटी पर पहुंचकर दायित्व निभा रहा है।

ग्रामीणों का कहना है कि परतावल सीएचसी अब सिर्फ परतावल ही नहीं, बल्कि आसपास के कई गांवों के मरीजों के लिए उम्मीद का बड़ा सहारा बन चुका है। मुफ्त दवा, बेहतर इलाज और सहयोगी स्वास्थ्यकर्मी यहां आने वालों के लिए बड़ी राहत साबित हो रहे हैं।

## बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने डीएम को सौंपा ज्ञापन



**महराजगंज,समृद्धि न्यूज।** जिले में विश्व हिंदू बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने 12 वर्षीय हिमांशु चौधरी की हत्या मामले में जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। यह ज्ञापन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को भेजा जाएगा। विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल महाराजगंज के अरविंद सिंह ने बताया कि चिउरहा के दलित बालक हिमांशु की मुस्लिम समुदाय के लोगों ने हत्या कर दी। उन्होंने दोषियों के घर की कुर्की और बुलडोजर कार्रवाई की मांग की। साथ ही पीड़ित परिवार को 50 लाख रुपए का मुआवजा देने की मांग रखी। जिला अधिकारी संतोष कुमार शर्मा ने कार्यकर्ताओं को आश्वासन दिया कि उनका पत्र मुख्यमंत्री तक पहुंचा दिया जाएगा। इस मौके पर संदीप जयसवाल, बलराम, आदित्य उपाध्याय, हरिशंकर, शिवाजी, सुधीर, सुनील, ऋषभ, शिवाजी पटेल, विवेक सिंह और प्रेम कुमार समेत कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।